11 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 142




सदन को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनायें : स्पीकर









# सीएम की एयर एंबुलेंस सेवा असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही



**झारखंड में अब तक 94 लोगों को मिल चुका है लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोगों की जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग ला रहा है। आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में एयर एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अब तक 94 मरीजों को झारखंड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया। सिर्फ रांची से 78, जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया है।

**आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभः** एयर एंबुलेंस के जरिये त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गयी है।

इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखंड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है।

## मोबाइल से करें एंबुलेंस बुक

मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग द्वारा संचालित 8210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार झारखंड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000



प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

## यह है निर्धारित रूट और दर

| | |
|---|---|
| रांची-दिल्ली | 3.3 लाख |
| रांची-मुंबई | 4.4 लाख |
| रांची-चेन्नई | 3.85 लाख |
| रांची-कोलकाता | 1.10 लाख |
| रांची-हैदराबाद | 3.02 लाख |
| रांची-वाराणसी | 1.37 लाख |
| रांची-लखनऊ | 2.20 लाख |
| रांची-तिरुपति | 3.85 लाख |

(रूपये में)

## गढ़वा की पटाखा दुकान में लगी आग

# तीन बच्चों समेत पांच की मौत

- दम घुटने से हुई सभी की मौत, मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** थाना क्षेत्र के गोदरमाना में सोमवार को पटाखा दुकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गयी। दोपहर के समय लगी आग से लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। घायलों को छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और जांच के आदेश दिये हैं।

**झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर स्थित है दुकानः** सोमवार दोपहर को गोदरमाना गांव में स्थित पटाखा दुकान में अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में मौजूद लोग आग की चपेट में आ गये। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि वे कुछ कर नहीं पाये। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। तब तक सभी पांच लोग धुएं के कारण बेहोश हो गये थे। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तीन बच्चों और दो वयस्कों को मृत घोषित कर दिया।

मरने वालों में दो सगे भाईः

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना उस समय घटी, जब कुछ बच्चे दुकान के बाहर पटाखा छोड़ रहे थे। इसी दौरान चिंगारी दुकान में चली गयी और आग लग गयी। इससे दुकानदार कुश कुमार साह (40 वर्ष), अमित केशरी (32 वर्ष), सुशीला केरकेट्टा (14 वर्ष), भोला केसरी (7 वर्ष) और नमन केसरी (9 वर्ष) की मौत हो गयी। अमित और भोला सगे भाई थे।

**क्या कहते हैं अधिकारीः** रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि चौकी पर पटाखा रखकर बेचने के दौरान आग लगी, जिसमें पांच लोगों को बेहोशी की हालत में हम लोग निकटवर्ती रामानुजगंज अस्पताल में लेकर गये। वहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि लगभग पौने दो बजे पटाखा दुकान में आग लगी, जिसमें तीन बच्चे और दो लोगों की दम घुटने से मौत हो गयी है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया

**रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को दुख की इस विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। साथ ही जिला प्रशासन को मामले की जांच का निर्देश भी दिया है।**

# कानून-व्यवस्था पर विधानसभा गरम

## भाजपा विधायकों ने किया हंगामा, प्रश्नकाल नहीं हुआ

**नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चर्चा कराने की मांग की**

**शून्यकाल में सीपी सिंह डीजीपी पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर विधानसभा में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने इस विषय पर सदन में चर्चा की मांग की। अपनी मांग के समर्थन में भाजपा विधायकों ने नारेबाजी की और वेल में आ गये। नतीजतन प्रश्नकाल नहीं हो पाया। शून्यकाल शुरू होने पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने फिर इस मुद्दे को उठाया।

**प्रश्नकाल शोर-शराबे की भेंट चढ़ाः** विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन सोमवार को सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया और चर्चा की मांग की। अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने चर्चा की अनुमति नहीं दी, तो विपक्ष के विधायक वेल में पहुंच गये। उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। इसे देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। प्रश्नकाल हो-हंगामे की भेंट चढ़ गया।

**झारखंड में चरमरा गयी है कानून-व्यवस्थाः बाबूलाल :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था चरमरा गयी है। रांची में एक कोयला व्यापारी को गोली मार दी गयी। फिर एक साधु समेत दो लोगों की हत्या कर दी गयी। शनिवार को एनटीपीसी के एक अधिकारी की भी हत्या कर दी गयी। उन्होंने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सदन में चर्चा होनी चाहिए। सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।

**सीपी सिंह ने उठाया मामलाः** प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे जब शून्यकाल शुरू हुआ, तो विधायक सीपी सिंह ने एक बार फिर इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि डीजीपी ने बयान दिया है कि जेल से गिरोह काम कर रहा है। जेल भी सरकार के अधीन ही है। सरकार को इन मुद्दों पर बात करनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि इसी बात को लेकर प्रश्नकाल बाधित हुआ है। अभी शून्यकाल चलने दें।





## जेल में बंद तीन बड़े गिरोह देते हैं घटना को अंजाम : डीजीपी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में गिरती विधि-व्यवस्था के बीच डीजीपी अनुराग गुप्ता का बड़ा बयान आया है। विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डीजीपी ने कहा कि राज्य में जो भी बड़ी घटना होती है, वह जेल में बंद अमन साहू, अमन श्रीवास्तव और विकास तिवारी गिरोह के द्वारा करायी जाती है। इसके लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप से धमकी दी जाती है और उसके बाद घटना को अंजाम दिया जाता है। जेल से संचालित होने वाली घटना की रोकथाम के लिए गठित एटीएस को ऐसे संगठित गिरोह पर कार्रवाई करने का अधिकार है। इसी के तहत रविवार को अमन साहू गिरोह के 30 लोगों पर



मामला दर्ज किया गया है और जेलों में छापेमारी की जा रही है। सिमडेगा के बाद सोमवार को हजारीबाग जेल में छापेमारी की गयी है। डीजीपी ने कहा कि मुझे उम्मीद है जल्द ही अपराधियों को पकड़ने में हम सफल होंगे और पूरे मामले का खुलासा करेंगे।

## न्यूज रील्स

### आरा में तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश

आरा (भोजपुर)। बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ के गहने लूट ले गये। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से दो झोला जेवर बरामद हुए। चार बदमाश लूटे हुए जेवर लेकर भागने में सफल रहे। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया कि शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिये हैं। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे तीन बाइक से आये 6 बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब 22 मिनट तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। भोजपुर के एसपी राज ने बताया कि पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सएप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटी पुल के पास तीन बाइक पर 6 संदिग्धों को देखा। उनके रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी।उनके पास से दो पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गये जेवरात मिले हैं।

### देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहेः राहुल गांधी

नयी दिल्ली। संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले सुबह सदन शुरू होते ही लोकसभा में डीएमके सांसदों ने हंगामा किया।

### न्यूयॉर्क फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआइ-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद फ्लाइट को मुंबई लौटना पड़ा। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एयर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गयी थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को मुंबई के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

# खाना नहीं मिला, घर निकलीं गोला कस्तूरबा की बच्चियां



**गोला कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ती हैं बच्चियां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** प्रखंड क्षेत्र की बंदा पंचायत अंतर्गत मुरपा गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय वर्षों से स्थापित है। यहां प्रखंड क्षेत्र के गांवों की सैकड़ों बालिकाएं अध्यनरत हैं। बीते रविवार को खाना नहीं मिलने पर नाराज बालिकाएं विद्यालय छोड़कर अपने-अपने घर के लिए पैदल ही निकल गयीं। इसकी जानकारी जब वार्डेन रीना चौधरी को मिली, तो उन्होंने देखा कि एक भी बच्ची विद्यालय परिसर में नहीं है। आनन-फानन में वार्डेन बच्चियों को खोजने के लिए निकलीं, तो विद्यालय से दो किलोमीटर की दूरी पर गोला-रजरप्पा मार्ग के जोभिया गांव के समीप जंगल तक सभी बच्चियां एक-एक टुकड़ी बना कर पहुंच चुकी थीं। वहीं, आसपास के ग्रामीणों ने एक साथ इतने बच्चों को देख कर उनसे पूछताछ की। इस पर बच्चियों ने वार्डेन पर खाना नहीं देने का आरोप लगाया। वहां पहुंची वार्डेन से स्थानीय लोगों ने बातचीत की। हालांकि वार्डेन ने बच्चियों को खाना नहीं मिलने की बात से इंकार किया। इसके बाद वार्डेन समझा-बुझा कर बच्चियों को अपने साथ स्कूल ले गयीं।

# भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से 10 बांग्लादेशी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अवैध प्रवेश के आरोप में एसटीएफ ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से 10 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ एसपी रबीनारायण सत्पथी ने कहा कि एक एजेंट के साथ कुल 10 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। एजेंट का नाम मो. हासिम है और उसने इन्हें अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत लाया था।

पांच मार्च को भारत में प्रवेश करने के बाद इन्हें असम में रखा गया था। छह मार्च को एसटीएफ ने उन्हें डिब्रूगढ़-चेन्नई एक्सप्रेस से उस समय पकड़ा, जब वे बेंगलुरु जा रहे थे। वे बिना वीजा या पासपोर्ट के भारत में दाखिल हुए। हाशिम पिछले पांच-छह वर्षों से अवैध रूप से बांग्लादेशियों को भारत में प्रवेश करा रहा है। हाशिम प्रति व्यक्ति से चार हजार से 10 हजार रुपये लेता है। एसटीएफ की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। उ,के पास से सात मोबाइल, बांग्लादेशी पैसे और कई अन्य सामान बरामद किये गये हैं।



## 10 सालों में 41 बांग्लादेशियों पर आपराधिक मामले दर्जः मुख्यमंत्री

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि पिछले 10 सालों में राज्य में 41 बांग्लादेशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। भाजपा विधायक मानस कुमार दत्ता के सवाल पर सीएम ने बताया कि राज्य में 3,738 बांग्लादेशी घुसपैठिये पहचाने गये हैं। सबसे ज्यादा 1,649 घुसपैठिए केंद्रपाड़ा जिले में पाये गये। सरकार ने सभी कलेक्टरों और एसएसपी को घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें उनके देश भेजने**



**के निर्देश दिये हैं। पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने रविवार को 10 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया।**

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर इडी की रेड

**बाहर समर्थकों का बवाल, कार पर पथराव**

**आज कांग्रेस करेगी पुतला दहन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बेटे चैतन्य के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को छापेमारी की है। शराब घोटाला को लेकर ये कार्रवाई की गयी। उनके भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर सुबह चार गाड़ियों में इडी की टीम पहुंची। कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगायी गयी हैं। छापेमारी के दौरान 33 लाख नगद के अलावा कुछ दस्तावेज बरामद किये गये हैं। छापामारी देर शाम आठ बजे तक चली।

इस बीच इडी की कार पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। सुरक्षा में लगे जवान भी भागते दिखे। इडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता अधिकारियों की कार को रोकते भी दिखे। उनकी पुलिस से झड़प हुई है। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशभर में कार्रवाई के विरोध में भाजपा और इडी का पुतला दहन करेगी।



## 14 जगहों पर छापे पड़े

प्राप्त जानकारी के अनुसार बघेल और चैतन्य से जुड़े 14 जगहों पर छापे पड़े हैं। 2100 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में चैतन्य बघेल को भी लाभ पहुंचाने का दावा किया गया है। चैतन्य के करीबी और सहयोगी लक्ष्मीनारायण बंसल और पप्पू बंसल के ठिकानों पर भी छापामारी की गयी। इसके अलावा भिलाई के नेहरू नगर में मनोज राजपूत, चरोदा में अभिषेक ठाकुर और संदीप सिंह, कमल अग्रवाल किशोर राइस मिल दुर्ग, सुनील अग्रवाल सहेली ज्वेलर्स दुर्ग और बिल्डर अजय चौहान के यहां भी इडी की कार्रवाई चली।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,600 रु./10 ग्राम
चांदी 102,000 रु./प्रति किलो



# कांग्रेस का ही नुकसान कर गया राहुल-राजू का बयान

## ■ कांग्रेस में रह कर भाजपा के लिए काम करनेवाले लोगों की कब होगी पहचान

## ■ यह राहुल गांधी या के राजू की साफगोई नहीं, कमजोर होती पकड़ का परिचायक है

आजाद सिपाही विशेष

**कांग्रेस के युवराज और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दो दिन पहले गुजरात के दौरे पर अहमदाबाद गये थे। इस दौरान वह अपनी ही पार्टी के नेताओं पर बुरी तरह बिफरे। उन्होंने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया और यहां तक कह दिया कि 10 से 40 लोगों को निकालना पड़ेगा, तो पार्टी से निकाल दो। उन्होंने साफ-साफ कहा कि गुजरात में कांग्रेस के कुछ लोग भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को पहचानना जरूरी है। इतना ही नहीं, उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर भी सवाल किया और कहा कि कांग्रेस बारात के घोड़े को रेस में उतार देती है और रेस के घोड़े को बारात में। उनके बयान से कांग्रेस में सन्नाटा पसरा हुआ है। राहुल गांधी के बयान के 24 घंटे बाद झारखंड में कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। उन्होंने कह दिया कि झारखंड कांग्रेस के भीतर भाजपा का स्लीपर सेल सक्रिय है। पार्टी के कुछ नेता भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई होगी। राहुल गांधी और के राजू के लगभग एक जैसे बयान ने जहां कांग्रेस के भीतर की स्थिति को दुनिया के सामने ला दिया है, वहीं पार्टी नेतृत्व की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। चाहे गुजरात हो या झारखंड या फिर कोई और राज्य, कांग्रेस का संगठन कहीं भी पटरी पर नहीं है। दक्षिण भारत के अलावा कांग्रेस के लिए अब कोई जगह नहीं बची है। ऐसे में लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी अपनी ही पार्टी की कमजोरियां दुनिया के सामने लाकर क्या हासिल करना चाहते हैं। वास्तव में उनका और राजू का बयान कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाने वाला साबित हो सकता है। क्या हैं राहुल गांधी और के राजू के बयान के मायने और क्या हो सकता है कांग्रेस पर इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

2024 के आम चुनाव में 99 सीटें जीत कर लोकसभा में विपक्ष के नेता बने राहुल गांधी इन दिनों विद्रोही रवैया अख्तियार किये हुए हैं। उनकी देखा-देखी कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू भी कुछ इसी तरह का स्टैंड ले रहे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दो दिन पहले अपने अहमदाबाद दौरे के दौरान पार्टी की गुजरात इकाई के कुछ नेताओं को चेतावनी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि वे भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा शासित राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अगर जरूरत पड़ी, तो 30-40 नेताओं को हटाने के लिए वह तैयार हैं।

### क्या कहा राहुल गांधी ने

राहुल गांधी ने अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, अगर हमें गुजरात के लोगों से जुड़ना है, तो हमें दो काम करने होंगे। पहला काम वफादारों और बागियों के ग्रुप को अलग करना है। अगर हमें 10, 15, 20, 30, 40 लोगों को भी हटाना पड़े, तो हम एक उदाहरण स्थापित करने के लिए ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं। जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनायेगी। जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, उसी दिन गुजरात के सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे देंगे।

राहुल गांधी यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि इस समय कांग्रेस दो गुटों में बंट चुकी है। एक गुट पार्टी के साथ खड़ा है। उसमें कांग्रेस की विचारधारा है, लेकिन जो दूसरा गुट है, वह जनता से दूर है।

वहां भी आधे लोग तो भाजपा से मिले हुए हैं। जब तक इन लोगों को अलग नहीं कर देते, गुजरात की जनता हम पर विश्वास नहीं करने वाली है। राहुल गांधी यह भी मानते हैं कि गुजरात की कांग्रेस इस समय रेस का घोड़ा नहीं है, बल्कि वह बारात का घोड़ा बनकर रह गयी है। इसी वजह जनता उनका भरोसा नहीं कर पा रही।

राहुल गांधी ने बाद में सोशल मीडिया पर लिखा, कांग्रेस पार्टी को मूल नेतृत्व गुजरात ने दिया, जिसने हमें सोचने, लड़ने और जीने का तरीका सिखाया। गांधीजी के बिना कांग्रेस पार्टी देश को आजादी नहीं दिलवा पाती और गुजरात के बिना गांधी जी नहीं होते। उनके एक कदम पीछे, गुजरात ने हमें सरदार पटेल जी को दिया। आज वही गुजरात रास्ता ढूंढ़ रहा है। यहां के छोटे व्यापारी, उद्यमी, किसान - सब संकट में हैं। गुजरात नया विकल्प चाह रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी उसे दिशा नहीं दिखा पा रही है। यह सच्चाई है, और इसे कहने में मुझे कोई शर्म या डर नहीं है। हमें कांग्रेस की उसी विचारधारा पर लौटना होगा, जो गुजरात की विचारधारा है।







### कांग्रेस का गुजरात में प्रदर्शन

वैसे राहुल गांधी का ऐसा इसलिए बोलना पड़ा है, क्योंकि पिछले कई विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव की बात करें, तो भाजपा ने 156 सीटें जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, वहीं कांग्रेस ने सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए मात्र 17 सीटें जीती थीं। इसके ऊपर कई नेताओं का पार्टी छोड़ देना भी कांग्रेस को राज्य में कमजोर कर गया है। ऐसे में अब राहुल गांधी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि गुजरात कांग्रेस को फिर एकजुट किया जाये।

### क्या कहा झारखंड प्रभारी ने

राहुल गांधी के बयान के अगले ही दिन झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने भी कुछ इसी तरह की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई ऐसे कार्यकर्ता हैं, जो स्लीपर सेल की तरह भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी।

### राहुल और राजू ने ऐसा क्यों कहा

अब यहां सवाल उठता है कि राहुल गांधी और के राजू ने इस तरह की बातें क्यों की। दरअसल इसकी पृष्ठभूमि करीब 10 दिन पहले तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर द्वारा पार्टी नेतृत्व को दी गयी चुनौती के बाद तैयार हो गयी थी। शशि थरूर ने पार्टी नेतृत्व से कहा था कि पार्टी में उनके लिए कोई काम नहीं है। यदि उनके लिए कोई भूमिका नहीं है, तो उन्हें बता दिया जाये। फिर वह अपना आगे का रास्ता तलाशेंगे। थरूर के इस बयान के बाद कांग्रेस के भीतर से यह आवाज उठी कि ऐसे नेताओं को पार्टी को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। थरूर वही नेता हैं, जिन्होंने सोनिया गांधी-राहुल गांधी की पसंद के प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था।

### क्या होगा इन बयानों का असर

राहुल गांधी और के राजू के बयानों का तत्काल तो कोई खास असर नहीं दिख रहा है, लेकिन कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने जरूर यह कह दिया है कि आखिर राहुल गांधी पार्टी के भीतर सक्रिय भाजपा स्लीपर सेल को कब बाहर निकालेंगे। दिग्विजय सिंह का बयान बताता है कि कांग्रेस पार्टी के भीतर अब राहुल गांधी और के राजू के बयानों का गंभीरता से विश्लेषण किया जा रहा है। कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर निगाह रखनेवाले बताते हैं कि इन बयानों से दरअसल पार्टी को ही नुकसान हुआ है। राहुल गांधी या के राजू को अपने ही नेताओं पर खुलेआम संदेह व्यक्त करने से पहले सोचना चाहिए था। अभी पार्टी को महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। आगे बिहार का चुनाव है। ऐसे में यदि अपनी ही पार्टी को कटघरे में खड़ा किया जायेगा, तो उसका परिणाम क्या होगा, यह सभी जानते हैं।

# सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी। पहली सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गयी है। वहीं दूसरी ओर मौसेरे भाई की शादी से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

पहली घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के पास घटी। जहां ऑटो रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान सचिन मोसाद और ढालू संतरा के रूप में हुई है। जबकि घायल अरविंद संतरा को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही कणहारा गांव के रहने वाले हैं। सुरजाहू पर्व का प्रसाद खाने अपने रिश्तेदार के घर हंसडीहा जा रहे थे। दोनों मृतक ढालू संतरा और सचिन मोसाद आपस में मामा-भांजा हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना रविवार रात करीब एक बजे हुई। दुर्घटना में दीपक भंडारी की मौत हो गयी है। मृतक दीपक जामा थाना क्षेत्र के लकड़ापहाड़ी गांव का निवासी था। वह अपने मौसेरे भाई के शादी में शामिल होकर दुमका आ रहा था। घर लौटने के क्रम में उसकी बाइक को पीछे से एक ट्रक ने ठोकर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गया। लेकिन ट्रक ने उसकी कमर के नीचे कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। फिलहाल पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




### राहुल गांधी ने झारखंड हाइकोर्ट से वापस ली याचिका

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। मानहानि मामले में चाइबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत की ओर से राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई। मामले में अदालत ने राहुल गांधी के आग्रह को देखते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी को अंतरिम राहत के तहत चाइबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही पर लगी रोक को समाप्त कर दी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा को लेकर राहुल गांधी की ओर से आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी थी, राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाइबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। बाद में मामले को चाइबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। इस मामले में अप्रैल 2022 में चाइबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। इस पर उनके जरिये कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद 27 फरवरी 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी, लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था। राहुल गांधी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय और श्रेय मिश्रा ने बहस की।

# विकास विरोधी है गठबंधन सरकार : राफिया नाज

**खजाने में पड़े हैं पैसे और सरकार पैसे का रोना रोती है**

**झारखंड सरकार के पास पर्याप्त राशि होने के बावजूद वह इसे सही तरीके से खर्च नहीं कर पा रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के पास पर्याप्त राशि होते हुए भी वह योजना के अनुसार खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 महीनों में राज्य सरकार ने अपनी योजना बजट की केवल 63% राशि खर्च की है, जबकि 37% राशि अभी भी पड़ी हुई है, इससे यह स्पष्ट होता है कि गठबंधन सरकार विकास विरोधी सरकार है जो राशि होने के बावजूद जन कल्याणकारी कार्यों में खर्च करने में विफल है।

राफिया ने कहा कि यह वित्तीय अराजकता और नाकाम प्रबंधन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि सरकार शहरी विकास पर 23%, खाद्य आपूर्ति पर 29%, परिवहन पर 6%, पेयजल एवं स्वच्छता पर 10% और आइटी विभाग पर मात्र 5% राशि खर्च कर पायी है। आइटी विभाग पर सिर्फ 5% खर्च राज्य की सरकार की नाकामी को उजागर करता है, जहां तकनीकी क्षेत्र को भी नजरअंदाज किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण विभागों पर खर्च की कमी से जनकल्याण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्वच्छता विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग और पेयजल विभाग जैसे प्रमुख विभागों में राशि की कमी से जनता को सीधी असुविधा हो रही है। इन विभागों में खर्च की कमी से साफ-सफाई, परिवहन सेवाएं, राशन वितरण और पानी की उपलब्धता जैसी मूलभूत सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे राज्य की जनता की परेशानियां बढ़ गयी हैं।

नाज ने कहा कि जनता अब गठबंधन सरकार के झूठे वादों से थक चुकी है। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई योजनाओं का एलान तो किया, लेकिन कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार की नीतियां केवल कागजी दस्तावेज तक सीमित हैं। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है और सरकार केवल बयानबाजी करके अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम नहीं उठाये तो झारखंड की विकास दर और जनकल्याण कार्यों में और भी रुकावट आयेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे जनता के मुद्दों पर ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि सरकारी धन का सही तरीके से और जनहित में उपयोग किया जाये। केवल जुमलों से कुछ नहीं होने वाला, सरकार को अपने दायित्वों का पालन करना होगा और जनता को राहत देनी होगी।

राफिया नाज ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि जब राज्य के पास पर्याप्त राशि है, तो वह इसे क्यों नहीं खर्च कर पा रहे हैं और योजनाओं के नाम पर जनता के साथ धोखा क्यों किया जा रहा है? उन्होंने राज्य सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की अपील की ताकि शेष राशि का सही उपयोग किया जा सके और जनता को राहत मिल सके।

### निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन की तबीयत बिगड़ी, रिम्स में कराया गया भर्ती



**रांची (आजाद सिपाही)। 2011 बैच के आइएएस अधिकारी और रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की तबीयत बिगड़ गयी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन को तबीयत खराब होने के बाद रिम्स में भर्ती कराया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, छवि रंजन में हृदयघात के लक्षण दिखने के बाद उन्हें रिम्स ले जाया गया है।**

# बोकारो की डॉक्टर ने हॉस्टल में कर ली खुदकुशी

**सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी मम्मी-पापा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** अपने माता-पिता के नाम सुसाइड नोट लिखकर 29 वर्षीय डॉ आर्या झा ने रविवार की देर रात आत्महत्या कर ली। डॉ आर्या ने बोकारो जनरल अस्पताल के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। ड्यूटी से लौटने के बाद आर्या की सहकर्मी को घटना की जानकारी हुई और उसने हॉस्टल में हो-हल्ला कर सबको बताया। घटना की सूचना पाकर सिटी डीएसपी आलोक रंजन और सेक्टर 4 थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका आर्या झा के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। जिसमें लिखा है, सॉरी मम्मी-पापा, आई कैन नॉट वर्क। मुझे मेरे मन माफिक डिपार्टमेंट नहीं मिला। आर्या झा मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिला के गुरुआरा गांव की रहने वाली थी। सोमवार की सुबह मृतका के पिता संजीव कुमार झा बोकारो सेक्टर 4 थाना पहुंचे। उन्होंने इंस्पेक्टर संजय से मिलकर सभी कागजी कार्रवाई पूरी की और अपना बयान दर्ज करवाया। उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। वे अपनी बेटी का शव एंबुलेंस में लेकर समस्तीपुर चले गये। इधर, घटनास्थल पर इंस्पेक्टर संजय फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट व टेक्निकल सेल की टीम के साथ जांच में जुट गये हैं। मृतका के कमरे से पुलिस ने सुसाइड नोट, लैपटॉप, मोबाइल सहित अन्य सामान को अपने कब्जे में ले लिया है।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.8 °c | 16.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.02 बजे |



## विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बीच सदन में तीखी बहस

# सदन को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनायें : स्पीकर

- विधायक अमित यादव ने इचाक के डुमरांव स्थित सरकारी स्कूल की बाउंड्री को गुंबद का स्वरूप देने का मामला उठाया, सदन में हंगामा
- सत्ता पक्ष के मंत्री और सदस्यों को संरक्षण दे रहे स्पीकर : बाबूलाल







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो सदन में ही उलझ गये। स्पीकर ने कहा कि राज्य के पहले सीएम रहे बाबूलाल मरांडी से वह अच्छे विचार की अपेक्षा करते थे। लेकिन इन्होंने आसन पर ही आक्षेप लगा दिये। आसन पर आक्षेप लगाने का विपक्ष का पहले से चरित्र रहा है। स्पीकर बाबूलाल मरांडी से कहते चले गये-आपसे भले ही मेरा विचार नहीं मिलता, लेकिन आपके प्रति भयंकर श्रद्धा थी। मामला भाजपा विधायक अमित यादव के सदन में दिये गये एक बयान पर भड़का। अमित यादव का कहना था कि उनके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इचाक के डुमरांव स्थित सरकारी स्कूल की बाउंड्री को गुंबद का स्वरूप दे दिया गया है। किसी स्कूल या उसकी बाउंड्री को मंदिर या मस्जिद का स्वरूप देना कहीं से उचित नहीं है। यह एक साल में नहीं किया गया। डीसी, डीएसइ और सरकार के शीर्ष स्तर पर इसकी शिकायत किये जाने के बाद भी तीन साल में यह काम किया गया। इस पर स्पीकर ने अमित यादव को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सदन में किसी बात को रखने से पहले सदस्य को उसके तथ्यों की जानकारी ले लेनी चाहिए। किसी बात को जेनेरेलाइज नहीं करना चाहिए।

सदस्य सदन में इस तरह की बात नहीं करें। वह इसे टोलेरेट नहीं करेंगे। सदन को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनायें। इसके बाद बाबूलाल मरांडी भी खड़े हो गये। उन्होंने स्पीकर को इंगित करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्री और सदस्यों को वह संरक्षण दे रहे हैं। विपक्ष को नहीं। गुंबद तोड़ने की भी बात हुई थी। एसडीओ भी गये थे। मथुरा में औरंगजेब ने क्या किया था, काशी में क्या किया गया, यह सब कोई छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि साफ-साफ दिखता है कि उधर भी राजनीति हो रही है, इधर भी राजनीति हो रही है। स्पीकर भी राजनीति कर रहे हैं। इसी मुद्दे पर बात बिगड़ गयी और बाबूलाल और स्पीकर के बीच बातें तीखी हो गयीं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड आंदोलनकारियों को मिल रहा सम्मान

**छत्तीसगढ़ के आंदोलनकारियों को नहीं मिल रही कोई पेंशन और सुविधा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य सरकार के मुताबिक, झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में शामिल आंदोलनकारियों को पेंशन, सम्मान दिया जा रहा है पर छत्तीसगढ़ में ऐसा नहीं हो रहा। विधानसभा के बजट सत्र में विधायक नागेंद्र महतो ने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार विभाग से पूछा था कि अलग राज्य आंदोलन में शामिल आंदोलनकारियों को राज्य आंदोलनकारी चिह्नतीकरण आयोग द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आंदोलनकारी के तौर पर लाभ दिया जा रहा है। इस पर विभाग ने बताया कि विभागीय संकल्प सं 1938, 30-4-2021 द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों/आश्रितों को सम्मान, सुविधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। पुलिस फायरिंग या कारा में मृत या दिव्यांग हुए (40% से अधिक) आंदोलनकारी के आश्रित परिवार के एक सदस्य को निर्धारित शैक्षणिक अर्हता के अनुरूप राज्य सरकार के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर सीधी नियुक्ति की जायेगी। अन्य आंदोलनकारियों के मामले में एक आश्रित के लिए तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर सरकारी नियुक्ति में 5% क्षैतिज आरक्षण देने की व्यवस्था की जायेगी। यह लाभ आंदोलनकारी परिवार को एक बार ही देय होगा। जेल में 3 माह से कम संसीमित रहने पर 3500 रुपये प्रतिमाह, 3-6 माह के बीच संसीमित रहने पर 5000 रुपये और 6 माह से अधिक रहने पर 7000 रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। चिह्नित आंदोलनकारियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

आंदोलनकारियों के परिवार को परेशानी और आर्थिक संकट, मान-सम्मान नहीं मिलने के सवाल के बारे में कार्मिक विभाग ने इसे अस्वीकारात्मक बताया। कहा कि आंदोलनकारियों के चिह्नितिकरण का कार्य जारी है। अबतक सरकार द्वारा कुल 16584 आंदोलनकारियों को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उन्हें उनके कोटि के चिह्नितिकरण के अनुरुप सुविधाएं दी जा रही हैं। अन्य राज्यों में आंदोलनकारियों को अधिक सम्मानजनक भत्ता और उनके आश्रितों को सुविधा दिये जाने के बारे में भी नागेंद्र महतो ने जानकारी मांगी। इस पर बताया गया कि झारखंड की ओर से छत्तीसगढ में पृथक राज्य आंदोलनकारियों को भत्ता, सम्मान, पेंशन दिये जाने के बारे में जानकारी मांगी गयी थी। इस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने पत्रांक 630, 30 जुलाई 2024 के जरिए बताया कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के आंदोलनकारियों को किसी प्रकार की पेंशन, सुविधा, सम्मान का लाभ नहीं दिया जाता।

# अड़े सरयू, मंत्री से चैंबर में मिलने का स्पीकर का आग्रह ठुकराया, बोले - फिर सदन की क्या जरूरत

**स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन पर, सरकार पर और मंत्रिमंडल पर सब पर आरोप आप ही लगाइयेगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने के सरकार की प्रक्रिया का मामला उठाते हुए अधिसूचना को रद्द करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा सरकार की अधिसूचना नियम विरुद्ध है। जिसपर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संवैधानिक प्रक्रिया की जानकारी जवाब के जरिए दिया। सरयू राय ने प्रक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि इसमें सिर्फ उपायुक्त ही हो सकते हैं। नागपालिका अधिनियम में इसका प्रावधान है कि उपायुक्त ही इस कमिटी की अध्यक्षता करेंगे। जिसपर मंत्री ने कहा कि नागपालिका अधिनियम में प्रावधान यह है कि या तो प्रभारी मंत्री या उपायुक्त इस कमिटी में रह सकते हैं।

जिसके बाद दोनों में सवाल-जवाब का दौर जारी रहा। दोनों संविधान, राज्य सरकार की नीति और नगरपालिका अधिनियम के प्रावधान का जिक्र करते रहे। जिसपर स्पीकर ने सरयू राय से आग्रह किया कि आप मंत्री के चैंबर में मिल बैठकर इस सवाल का समाधान निकाल लें। स्पीकर के इस आग्रह हो सरयू राय ने यह कहकर ठुकरा दिया कि फिर सदन की क्या जरूरत है। मैं मंत्री से चैंबर में क्यूं मिलूं। जिस कारण स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने नाराजगी के साथ बोला कि सदन पर, सरकार पर और मंत्रिमंडल पर सब पर आरोप आप ही लगाइयेगा।

# सीपी सिंह अपनी भाषा पर लगाम लगायें: इरफान अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी इन दिनों भाजपा विधायक सीपी सिंह से काफी आहत हैं। बजट सत्र के दौरान सदन में सीपी सिंह द्वारा की गयी आलोचना से आहत इरफान अंसारी ने सीपी सिंह पर गाली पढ़ने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस तरह के शब्दों का प्रयोग वे मेरे खिलाफ कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है।

विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सीपी सिंह लगातार मेरे खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने भी सदन में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाये थे, वहीं दूसरी ओर सीपी सिंह ने जिस तरह के शब्दों का प्रयोग किया और जिस तरह से उन्होंने हमारे डीजीपी को अपशब्द कहा, वह ठीक नहीं है।

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सीपी सिंह का मानसिक संतुलन खराब हो गया है, इसीलिए ऐसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। डीजीपी अच्छे इंसान और अच्छे अधिकारी हैं, आप कानून व्यवस्था पर बोल सकते हैं लेकिन एक पदाधिकारी पर कैसे बोल सकते हैं। इरफान अंसारी ने सीपी सिंह को चेतावनी देते हुए कहा कि संभल जाइए, यह भाजपा की सरकार नहीं है, यह हमारी सरकार है, सम्मान कीजिए, सम्मान मिलेगा, कभी हमें गाली देते हैं, आज उन्होंने डीजीपी को गाली दी। उन्हें डीजीपी से माफी मांगनी चाहिए।

### मुझे दिन-रात गाली देते हैं सीपी सिंह

मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं अल्पसंख्यक हूं, वे मुझे दिन-रात गाली देते हैं। मेरी 18% आबादी है, जिसके दम पर मैं जीतकर आया हूं। मैं भले ही मुस्लिम दलित हूं, लेकिन मेरा भी सम्मान है, मैं सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी भाषा पर लगाम दीजिए और डीजीपी से जो कहा है, उसके लिए माफी मांगिए।

## स्कूली शिक्षा विभाग की अनुदान मांग मंजूर

# शिक्षकों को देंगे 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग: रामदास सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बजट सत्र के दौरान सोमवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की अनुदान मांग को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। इस दौरान विपक्ष सदन से वाकआउट किया। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री ने विभाग के अनुदान मांग पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों को 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग देगी। इससे सभी शिक्षक नयी तकनीक को सीखेंगे। ताकि, वे शिक्षा में हो रहे बदलाव को सीख सकें।

**कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को कस्तूरबा में नामांकन :** मंत्री रामदास सोरेन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट के मामले में कहा कि विभाग इस स्कूल में कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को नामांकन में प्राथमिकता देती है। उन्होंने ड्रॉप आउट की बात को सही ठहराया। मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी तैयारी कर रही है जिसके तहत झारखंड में जन्म लेनेवाले बच्चों को यहीं रोजगार देंगे।

**पूर्व की सरकार ने बच्चों को किया शिक्षा से वंचित :** मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के आदिवासी और मूलवासियों को शिक्षा से वंचित किया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में शिक्षा की दुर्दशा के लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों राज्य में की नियुक्ति नहीं होने, स्कूलों को बंद करने और बच्चों की स्कूलों में कम उपस्थिति के लिए भी विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकार की दोषी है।

### खोले गये 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

मंत्री ने कहा कि शिक्षकों से पूर्ववर्ती सरकार ने दारू बेचवाया गया। इसपर भाजपा विधायक नवीन जयसवाल ने आपत्ति प्रकट की और स्पीकर से कार्यवाही में से स्पंज करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में राज्य भर में 7500 स्कूलों को बंद करा दिया गया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खोले गये 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की सराहना करते हुए कहा कि इन स्कूलों में सीबीएसइ की तर्ज पर पढ़ाई हो रही है, जहां गरीब बच्चे क्वालिटी एजुकेशन हासिल कर सफलता हासिल करेंगे। सोरेन शिक्षा विभाग से अधिक झारखंड आंदोलन की चर्चा की। गुरुजी क्रेडिट कार्ड प्रारंभ करने की उपलब्धियों को गिनाने के क्रम में वह कह गये-हम लोग दिशोम गुरु के माध्यम से छात्रों को शिक्षा ऋण दे रहे हैं। रामदास सोरेन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत विकास हो रहा है। जैसे-जैसे नयी तकनीकों का उपयोग रहा है, शिक्षा का बहुत विकास हो रहा है। हम जमीन से स्वर्ग तक पहुंच रहे हैं। स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की जिलेवार रिपोर्ट प्राप्त कर ली गयी है। जिलावार किस भाषा की पढ़ाई होगी, इसकी रिपोर्ट कलेक्ट कर ली गयी है। हो, मुंडारी, कुरमाली व अन्य क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति। उन्होंने कहा कि तीन जिलों, बोकारो, गोड्डा और चाइबासा में नवोदय विद्यालय की तर्ज पर स्कूल खोले जायेंगे। ताकि हमारे गरीब बच्चे भी इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकें।

## राज्यसभा में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा

# सरकारी जटिलताओं और बाधा को दूर करेगा रेलवे संशोधन विधेयक 2024 : आदित्य साहू

- पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने 8.5 लाख करोड़ रुपये रेलवे परियोजनाओं के विस्तार और यात्री सुविधाओं की वृद्धि में खर्च किये हैं
- अन्य राज्यों से झारखंड को जोड़ने की दिशा में कई परियोजनाएं शुरू हुई हैं, कई नयी ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को राज्य सभा में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा में भाग लिया। श्री साहू ने कहा कि यह संशोधन विधेयक भारत में बदलते रेलवे संरचना और सुविधाओं को आम जनता तक तीव्र गति से पहुंचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड की स्थापना 1905 में हुई थी। आजाद भारत में 1989 में रेलवे अधिनियम बनाया गया। लेकिन रेलवे बोर्ड और अधिनियम को एकीकृत करने की आवश्यकता थी, जिस पर कांग्रेस सरकार ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह संशोधित अधिनियम 2024 दोनों का एकीकृत रूप है।

कहा कि रेलवे बोर्ड 16 जोन में बंटा है जिसपर निर्णय का अधिकार केवल रेलवे बोर्ड को है। इस कारण से रेलवे की योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती है। यह अधिनियम बोर्ड की प्रक्रियाओं और सरकारी काम काज की जटिलताओं को आसान बनायेगा जिससे परियोजनाएं तेजी से धरातल पर उतरेंगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में रेलवे का तीव्र विकास हुआ है। चाहे रेलवे लाइन का विस्तार हो, स्टेशनों का विकास हो, स्वच्छता हो या फिर पर्यावरण के अनुकूल बनाना हो सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। आज मोदी सरकार रेलवे सुरक्षा को लेकर भी गंभीर है। कांग्रेस शासन की तुलना में रेलवे की दुर्घटनाओं में 75%की कमी दर्ज की गयी है। कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के सुदृढ़ीकरण के साथ आज नयी और आधुनिक सुविधाओं, तकनीकी से युक्त बंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित करा रही है। कहा कि भारत सरकार रेलवे में जीरो कार्बन नेटवर्क को बढ़ावा दे रही। जिससे पर्यावरण को सुरक्षित बनाया जा सके। पिछले 10वर्षों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक बदलाव हुआ है। पिछले 10वर्षों में मोदी सरकार ने 8.5 लाख करोड़ रुपये रेलवे परियोजनाओं के विस्तार और यात्री सुविधाओं की वृद्धि में खर्च किये हैं। कहा कि 2024-25 के रेल बजट में 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। कहा कि झारखंड में रेलवे का तीव्र विकास हुआ है। अन्य राज्यों से झारखंड को जोड़ने की दिशा में कई परियोजनाएं शुरू हुई हैं। कई नयी ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है। कहा कि ये मोदी सरकार है जिसने झारखंड के 140 पुराने गिरिडीह रेलवे स्टेशन से रेल परिचालन शुरू कराया।







### श्री राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ भव्य होली मिलन महोत्सव

# अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली : स्वामी सदानंद महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होली मिलन महोत्सव में भक्तजनों ने स्वामी जी के साथ अबीर-गुलाल एवं फूलों के साथ जमकर होली खेली। इस मौके पर भजन गायकों मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान द्वारा गाये सुमधुर होली के मनमोहक भजनों से पूरा माहौल कृष्णमय, भक्तिमय, होलीमय से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं-पुरुष भक्तों ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर खूब झूमे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा कि होली न केवल रंगों और उल्लास का प्रतीक है बल्कि श्रद्धा, भक्ति और एकता का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि परमहंस स्वामी सदानंद महाराज जी ने इस महोत्सव में आकर अलौकिक शोभा बढ़ायी। स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों द्वारा गुरु जी को चंदन-वंदन कर होली महोत्सव कार्यक्रम का शुरू किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हिंदुओं का महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है।



उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिमी सभ्यता की ओर जा रही है। आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति की अलख जगानी चाहिए। उन्होंने भक्तों से धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखता है, जो प्रेम, भाइचारे और खुशी का संदेश देता है। स्वामी सदानंद महाराज जी ने फूलों से होली खेलते हुए मंदिर के आंगन को और भी रंगीन बना दिया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण और राधा के भक्तिमय जीवन के पवित्र संदेशों को भी श्रद्धालुओं के बीच साझा किया गया। स्वामी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा, होली सिर्फ रंगों का खेल नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर के समर्पण, प्रेम और पवित्रता को उजागर करने का अवसर है। समारोह में स्वामी जी ने भक्तों से आह्वान किया कि वे होली के रंगों के माध्यम से अपनी आत्मा को भी रंगीन बनायें, ताकि हम अपने जीवन को भक्ति और सेवा से भरपूर कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इस पर्व के दौरान हम सब को अपने भीतर के गुस्से, द्वेष और नफरत को समाप्त करके प्रेम और एकता का भाव अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ठंडाई एवं अल्पाहार व्यवस्था की गयी। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, चिरंजीवी लाल खंडेलवाल, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, अरविंद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, शिव भगवान अग्रवाल, शास्त्री रविकांत राय, विद्या देवी अग्रवाल,मनीष जालान, डॉ एचपी नारायण, सुरेश जिंदल, सुरेश चौधरी, प्रमोद शाश्वत, अशोक लाठ, अशोक चौधरी, मनोज सराफ, ज्ञान शर्मा, पुजारी अरविंद पांडे, संतोष अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, शोभा जालान, अनुराधा सर्राफ, सुनीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कविता गाड़ोदिया, विमला जालान, अमिता जालान, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# संतरागाछी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेज

**दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में यात्री परिवहन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे की देश भर के प्रमुख स्टेशनों को अपग्रेड और आधुनिक बनाने की भव्य योजना के तहत, दक्षिण पूर्व रेलवे के रेलवे नेटवर्क में एक प्रमुख केंद्र, संतरागाछी रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण स्टेशन विकास कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य परिचालन दक्षता को बढ़ाना और इस प्रमुख स्टेशन पर ट्रेन प्रबंधन में सुधार करना है।

संतरागाछी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना नये स्टेशन भवन का निर्माण, सकुर्लेटिंग क्षेत्र का विकास, आवश्यक यात्री सुविधाओं और कोना एक्सप्रेसवे के साथ द्वीप प्लेटफॉर्म, नये प्लेटफॉर्म का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रैवललेटर और अन्य विकासात्मक कार्यों के साथ सड़क संपर्क के साथ बनायी गयी थी।

वर्तमान में नये स्टेशन भवन का निर्माण (संरचनात्मक कार्य), सीढ़ी के साथ दो फुट ओवरब्रिज, सबवे, सर्कुलेटिंग रोड, एलिवेटेड पार्किंग, शालीमार स्टेशन से संतरागाछी स्टेशन तक जल आपूर्ति पाइप लाइन का कार्य, ग्रेड रोड का निर्माण (भाग) और अन्य अवसंरचनात्मक कार्य पूरे हो चुके हैं।

एक टर्मिनल स्टेशन के रूप में, कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें संतरागाछी से/पर उत्पन्न/समाप्त



हो रही हैं और इसलिए संतरागाछी के स्टेशन और यार्ड का पुनर्विकास करना आवश्यक है। यह स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में यात्री परिवहन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, संतरागाछी में 2 (दो) अतिरिक्त प्लेटफार्मों की सुविधा होगी जिसका उपयोग कुछ यात्री ट्रेनों को उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है जो हावड़ा/शालीमार स्टेशन को भीड़भाड़ से मुक्त करेगा। इसके अलावा, संतरागाछी के पीएफ नंबर -2 और 3 की लंबाई पूर्ण लंबाई वाली कोचिंग ट्रेनों को समायोजित करने के लिए बढ़ायी जायेगी जिससे 22 एलएचबी कोचों की पूर्ण लंबाई वाली ट्रेनों के आवास के लिए 7 प्लेटफार्म उपलब्ध होंगे। संतरागाछी की डीएन लूप लाइन को भी दोनों दिशाओं के यातायात को पूरा करने के लिए एक सामान्य लूप लाइन में परिवर्तित किया जायेगा। इसका उद्देश्य है कि इस विकासात्मक कार्य के पूरा होने के बाद ट्रेन सेवा में समय की पाबंदी में सुधार होगा और यात्रियों की संतुष्टि सुनिश्चित होगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पहाड़ी मंदिर में होली मिलन समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को उत्कर्ष कुमार सचिव रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची की उपस्थिति में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों द्वारा पहाड़ी बाबा के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। तत्पश्चात वृहत भंडारा का आयोजन किया गया। महाकाल मंदिर परिसर में महाकाल उज्जैन स्वरूप में बाबा का भव्य श्रृंगार भोले की फौज के द्वारा किया गया। बाबा को पूरी, सब्जी, हलवा का भोग लगाया गया। उसके बाद भोग का वितरण सैकड़ों भक्तों के बीच किया गया। सैकड़ों भक्तों ने मंदिर परिसर में एक दूसरे के साथ होली खेली। रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा भक्तों को होली पर्व की अग्रिम बधाई दी गयी। इस अवसर पर पहाड़ी मंदिर के सचिव सह अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, कोषापाल कृष्णा कन्हैया, राजेश गाड़ोदिया, मदन पारिक, सुनील माथुर, जितेंद्र प्रसाद, कैलाश यादव, राजीव रश्मिकांत मिश्रा, सौरभ चौधरी, राहुल तिवारी, अभिषेक यादव, पंकज शर्मा, कृष्णा केशव, मुकेश, अंकित, अमित, कोमल, राजेश यादव एवं सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने जीता पुरस्कार




रांची (आजाद सिपाही)। महिला दिवस के मौके पर रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में संत जेवियर्स कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक राजनंदिनी ने निबंध में और भाषण प्रतियोगिता में कौशल कुमार पांडेय ने प्रथम पुरस्कार जीता। पुरस्कार विजेताओं ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे से मिल कर अपनी उपलब्धियां साझा की। प्राचार्य ने बधाई संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण कुमार एसजे और रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एसजे, समन्वयक डॉ अनिर्बान गुप्ता और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा संपन्न




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन (जेआरएसए) राज्य में शूटिंग खेलों को बढ़ावा देने और राष्ट्र के गौरव में योगदान देने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। 9 मार्च 2025 को जमशेदपुर के होटल एनएच हिल में वार्षिक आम सभा आयोजित की गयी। जिसमें एसोसिएशन की यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ा गया एवं शूटिंग खेलों में उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान, जेआरएसए के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, महासचिव उत्तमचंद, कोषाध्यक्ष मधुर अग्रवाल, मुख्य संरक्षक एके सेन, संरक्षक विकास सिंह, उपाध्यक्ष विनय कुमार और सचिव जयेश अमीन एवं नित्यानंद सिंह ने आधिकारिक तौर पर झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की। यह प्लेटफॉर्म खिलाड़ियों को शूटिंग कैलेंडर, इवेंट और महत्वपूर्ण घोषणाओं सहित वास्तविक समय के अपडेट से अवगत रखने के लिए बनाया गया है। बैठक में झारखंड के निशानेबाजों को उत्कृष्टता के अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए रणनीतिक चर्चा पर ध्यान केंद्रित किया गया। राज्य के हर जिले में निशानेबाजी खेलों को शुरू करने और लोकप्रिय बनाने के लिए एक व्यापक और ठोस योजना बनायी ग्यी। एक प्रमुख पहल सभी डिस्ट्रिक्ट में शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता की शुरूआत करना है, जिसका उद्देश्य झारखंड के सबसे दूरदराज और आदिवासी इलाकों में भी खेल को लाना है। इस पहल से जमीनी स्तर पर प्रतिभा को बढ़ावा मिलने और खेल में समावेशिता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। राज्य के गौरव को बढ़ाते हुए, यह घोषणा की गयी कि झारखंड राज्य राइफल एसोसिएशन अपनी पहली झारखंड राज्य ट्रैप शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा - जो इस क्षेत्र में निशानेबाजी खेलों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसके अलावा, जेआरएसए की एक और उपलब्धि यह पुष्टि है कि अब झारखंड में (नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह राज्य में महत्वाकांक्षी निशानेबाजों और अधिकारियों के लिए अमूल्य प्रशिक्षण और शैक्षिक अवसर प्रदान करेगा। बैठक में चतरा डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के नीतीश कुमार एवं विभिन्न जिला संघों के प्रतिनिधियों और जेआरएसए के आजीवन सदस्यों ने भाग लिया और सभी ने इन पहलों का समर्थन करने और झारखंड की निशानेबाजी प्रतिभाओं को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### लालपुर में बंद कमरे में मिला बुजुर्ग का शव, बदबू आने पर हुआ खुलासा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लालपुर थाना स्थित पीएन बोस कंपाउंड में बंद कमरे से एक बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान 80 वर्षीय तपस कुमार बंधोपाध्याय के रूप में हुई है। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिताजी फ्लैट में अकेले ही रहते थे। बेटे ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जाहिर की है। उन्हें पड़ोसियों से जानकारी मिली कि उनके पिता के कमरे से दुर्गंध आ रही है। जिसके बाद वे अपने पिताजी के फ्लैट पहुंचे। जहां कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोड़ने लोग अंदर दाखिल हुए तो देखा बेड पर तपस कुमार मृत अवस्था में पड़े हैं। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के बेटे की शिकायत पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### वाइबीएन यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# विश्व पटल पर हिंदी भाषा मजबूती से खड़ी है: डॉ विपिन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को वाइबीएन यूनिवर्सिटी के टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि वाइबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ रामजी यादव रहे। इसकी अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पांडेय ने किया। मुख्य वक्ता विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के अध्यक्ष डॉ विपिन कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ वासुदेव, डॉ अंजनी चौहान, डॉ दीपक ठाकुर रहे। संगोष्ठी का उद्घाटन मंच ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया एवं संचालन सत्र 2024-26 की प्रशिक्षु शिक्षिका रिधिमा द्विवेदी ने किया। मनीषा, अमित, फुलमनी, सपना, संता, डॉसी, प्रिशिला, एरिका, रौशनी ने अतिथियों का सामूहिक स्वागत गान प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। संगोष्ठी के विद्वान अतिथियों को सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु शिक्षक सुरभि, अमित आर्या, संदीप, दिव्या, अभिजीत, रिधिमा ने पुस्तक एवं सॉल से सम्मानित किया। विषय प्रवेश राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय झारखंड सरकार के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश ने कराया एवं धन्यवाद ज्ञापन जुवेल ने किया। मुख्य अतिथि डॉ राम जी यादव ने कहा कि वाइबीएन विश्वविद्याल हिंदी भाषा ही नहीं बल्कि भाषा विज्ञान एवं साहित्य विभाग की स्थापना करेगा जिससे सभी भाषाओं की समृद्ध पृष्ठभूमि विद्यार्थियों तक पहुंच पायेगी। संगोष्ठी को पूर्व प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद, पटना यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के गोल्ड मेडलिस्ट डॉ संजय ठाकुर, शिक्षिका डॉ मांडवी, डॉ प्रियंका, डॉ सलमा, डॉ सुभाष, डॉ कैलाश, डॉ अंजनी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की जनसंख्या 140 करोड़ है जिसमें 46 करोड़ लोग हिंदी लिखना एवं बोलना जानते हैं जो बतलाता है कि हिंदी भाषा अपनी एक मजबूत पहचान रखती है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विश्व हिंदी परिषद के डॉ विपिन ने कहा कि विश्व पटल पर हिंदी भाषा मजबूती से खड़ी है एवं सारी दुनिया के लोग इसे अपनाने के लिए लालायित हैं। द्वितीय तकनीकी सत्र के अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि हमें पूर्ण मनोयोग पूर्वक हिंदी हिंदुस्तान को विश्व गगन पर स्थापित करना होगा जिसके लिए हमें हिंदी जीवी ही नहीं बल्कि हिंदी सेवी भी होना होगा। संगोष्ठी में मुगल काल में हिंदी की वरीयता पर सारगर्भित चर्चा हुई। सुर, तुलसी, रहीम, रसखान कबीर, प्रेमचंद, रेनू, फकीर मोहन सेनापति जैसे मनीषियों के कीर्ति पर भी विमर्श हुआ। संगोष्ठी में यूनिवर्सिटी के सभी विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, शिक्षक एवं बीएड विभाग के सत्र 2024-26 के ट्रेनी टीचर्स उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

### सेल रांची यूनिट ऑफिशियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# फाइनल मैच में टीम-3 ने टीम-1 को 72 रनों से रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब रांची द्वारा आयोजित वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का समापन सेल सैटेलाइट टाउनशिप ग्राउंड पर हुआ। 3 महीने तक चलने वाले सेल कर्मियों के इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सच्चिदानंद की टीम 3 ने अभिषेक की टीम 1 को 72 रनों से हराया। इस मैच में टीम 3 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 10 विकेट गवां कर 158 रन बनाये। टीम 3 की तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए विकाश खरे और निलेश सिन्हा ने 35- 35 रनों का योगदान दिया और टीम 1 के बॉलर एसके मंडल ने सर्वाधिक 3 विकेट झटके। 158 रनों का पीछा करते हुए टीम 1 मात्र 86 रन पर



आउट हो गयी। टीम 1 के कप्तान अभिषेक ने सर्वाधिक 22 रन बनाये। टीम 3 की तरफ से प्रिंस ने 4 विकेट लिया और बीआर मीणा के साथ मिलकर कुल सात विकेट लेते हुए टीम 1 की कमर तोड़ दी। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड प्रिंस केरकेट्टा को मिला। वहीं बेस्ट बॉलर का अवार्ड टीम 1 के एसके मंडल को मिला। इस मौके पर इडी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेद प्रकाश, सीजीएम एचआर एसजे जाचक, सीजीएम सीइटी निलेश सिन्हा, जीएम सीइटी संजय सुमन, जीएम आरडीसीआइएस संजीव कुमार ने खिलाड़ियों को प्राइज देकर सम्मानित किया। इडी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेद प्रकाश ने इस टूर्नामेंट के ऑर्गेनाइजर सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## संत जेवियर्स कॉलेज में झारखंड के महानायकों पर व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा 'झारखंड के महानायक' विषयक एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन सोमवार को किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर डॉ जोसेफ बाड़ा ने बिरसा मुंडा के आंदोलनों के स्वरूप पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कई शोध पत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित किये गये। कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे, डॉ फादर एन लकड़ा एसजे,




डॉ शिव कुमार, डॉ संदीप चंद्रा, डॉ सौम्या सिन्हा, डॉ अंजू टोप्पो, प्रो नाजमी अजमत, स्नेहा कच्छप, निशा सिंह, पायल सिंह एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विषय प्रवेश विभागाध्यक्ष डॉ संजय ने कराया तथा फादर डॉ एफ्रेम बा एसजे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# एसबीयू में क्वांटम साइंस और तकनीक पर हुआ सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसबीयू के फैकल्टी ऑफ एप्लाइड साइंसेज द्वारा आइक्यूएसी और आइआइसी के सहयोग से आज क्वांटम साइंस और तकनीक पर विवि सभागार में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अपने उदगार व्यक्त करते हुए परड्यू विश्वविद्यालय, अमेरिका के डॉ आलोक आर चतुर्वेदी ने क्वांटम डिसीजन थ्योरी पर अपनी बातें रखीं। उन्होंने क्लासिकल थ्योरी की तुलना में क्वांटम थ्योरी को सर्वव्यापी बताया। इस संदर्भ में उन्होंने शेयर



मार्केट का भी उदाहरण दिया। उन्होंने वृहत परिप्रेक्ष्य में क्वांटम कम्प्यूटिंग के इस्तेमाल पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीआइटी लालपुर सेंटर के डॉ कुंतल मुखर्जी ने क्वांटम वर्ल्ड की खूबियों और कार्यप्रणाली पर अपना विचार रखा। उन्होंने क्वांटम मशीन लर्निंग, सुपरपोजिशन और क्वांटम इनफॉर्मेशन सॉफ्टवेयर कीट के विषय में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में बोलते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने क्वांटम मूवमेंट और दूसरे अणुओं से इसकी भिन्नता पर चर्चा की। उन्होंने आज के दौर में इसके इस्तेमाल पर जानकारी देते हुए भौतिक विज्ञान समेत अन्यान्य क्षेत्रों में इसके उपयोग पर भी अपनी बात कही। टेलीपैथी और एमआरआइ का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसके दूरगामी इस्तेमाल की बात की।

विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने क्वांटम विज्ञान के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। उन्होंने इसकी आवश्यकता पर अपना विचार प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रोताओं के समक्ष सेमी कंडक्टर फिजिक्स की उत्पत्ति पर भी उन्होंने बात की।

कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ पिंटू दास ने सम्मेलन से संबंधित अपना रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। स्वागत भाषण डीन डॉ पंकज गोस्वामी और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ नित्या गर्ग ने दिया। इस अवसर पर एसबीयू के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।






## झारखंड विधानसभा : बजट सत्र में स्कूली और शिक्षा विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान कल्पना ने विपक्ष को घेरा

# डबज इंजन की सरकार ने हमारा अंगूठा काटने का प्रयास किया: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को स्कूली और शिक्षा विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भूत भगाने के लिए सरसों फेंका जाता है, लेकिन सरसों में ही भूत होगा तो परिस्थिति क्या होगी। डबल इंजन की सरकार के समय स्कूल बंद हो रहे थे। शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही थी। किसी भी राज्य में 20 फीसदी से अधिक स्कूलों को बंद करवाया गया तो वह झारखंड ही है। पूर्ववर्ती सरकार ने हमारा अंगूठा काटने का प्रयास किया। भाजपा 17-18 साल तक सरकार में थी। इन्होंने ही समस्या खड़ी की। इसका समाधान अबुआ सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय पारा शिक्षकों पर लाठीचार्ज हुआ। डबल इंजन की सरकार ने उनकी आवाज और इच्छा को जानने का भी प्रयास नहीं किया। आज तीन गुणा ज्यादा छात्रवृत्ति दी जा रही है। साइकिल का पहिया बच्चों को पंख देने का काम कर रहा है। जेइइ एडवांस में सीएम एक्सीलेंस स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों का निर्माण हो रहा है। 26001 शिक्षकों की नियुक्ति होने जा रही है। परिणाम जारी करने की स्थिति में आ चुके हैं। शिक्षा की ताकत को समझने के लिए अंबेडकर की जीवनी पढ़ने की जरूरत है। किताबें चुप रहती हैं। किताबों को जिसने पढ़ लिया वो बोल भी सकता है, लड़ भी सकता है और आवाज भी बुलंद कर सकता है।



### इस बजट से राज्य की खुशहाली नहीं: नागेंद्र

भाजपा के विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि इस बजट का राज्य की खुशहाली से कोई मतलब नहीं है। फ्री की रेवड़ी बांट कर सत्ता में बने रहना है। पैसा आने का स्त्रोत सरकार बता नहीं रही है। उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की घोर कमी है। युवाओं को सरकार रोजगार नहीं देना चाहती है। अबुआ सरकार की सोच नाकारात्मक रही है। छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए।

### शिक्षा का भगवाकरण में लगे हैं: प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराणा प्रताप और अकबर की लड़ाई हिंदू-मुसलमान की नहीं थी। लड़ाई दो राजाओं के बीच की थी। भाजपा शिक्षा के भगवाकरण में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि गोड्डा साहेबगंज बीएड कॉलेज को बंद कर दिया गया है। वह भी फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं देने के कारण। गोड्डा कॉलेज का जमीन विवाद का समाधान वहां के स्थानीय सांसद नहीं होने दे रहे हैं। यादव ने सरकार से शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त कराने की मांग की। मैट्रिक तक के स्कूल को प्लस टू स्कूल में अपग्रेड करने की मांग की। गोड्डा मॉडल कॉलेज में शिक्षकों की बहाली की मांग रखी। शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास होना चाहिए।

### प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी : सुरेश बैठा

कांग्रेस के विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि 34847 स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। 2016 से जेटेट की परीक्षा नहीं हुई है। जेटेट की परीक्षा शुरू की जानी चाहिए। गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय में लाइब्रेरियन की नियुक्ति होनी चाहिए।

### गरीब का बेटा सीएम बना, विपक्ष को बर्दाश्त नहीं: सुरेश पासवान

राजद के विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि गरीब का बेटा सीएम बना तो विपक्ष को ये बर्दाश्त नहीं हो रहा है। ये लोग पूंजीपतियों को कुर्सी पर बिठाना चाहते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी सरकार ने स्कूल बंद करा दिया। ये लोग गरीब की भलाई नहीं चाहते। हेमंत सरकार गरीब और सामाजिक न्याय की सरकार है। पासवान ने स्कूलों को अपग्रेड करने की मांग की। साथ ही जसीडीह विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण के साथ आशुतोष कन्या उच्च विद्यालय के सरकारीकरण की मांग की।

### भाजपा का शासन बिरसा मुंडा के अबुआ राज से परे था: चंद्रदेव

माले के विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि भाजपा का शासन बिरसा मुंडा के अबुआ राज से परे था। यह बजट सराहनीय है। राज्य में 42 लाख निरक्षर हैं। साक्षरता विभाग को इस पर काम करने की जरूरत है। ड्रॉप आउट घटना चाहिए। 30 से 32 फीसदी छात्रों का नामांकन दूसरे राज्यों में होता है। इसके लिए राज्य के शिक्षण संस्थानों को अपग्रेड करने की जरूरत है।

### कहीं भवन है तो शिक्षक नहीं, शिक्षक हैं तो भवन नहीं: जनार्दन

लोजपा के विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि कहीं भवन है तो शिक्षक नहीं, अगर शिक्षक हैं तो भवन नहीं। प्राथमिक स्कूल पारा शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। हाइ और मिडिल स्कूल की स्थिति बदतर है। प्रखंडों में कॉलेज खुलना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की जरूरत है।

### इलाहाबाद कोर्ट के आदेश की तरह झारखंड में भी हो प्रावधान : जयराम

जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने कहा कि इलाहाबाद कोर्ट के आदेश की तरह झारखंड में भी प्रावधान होना चाहिए। जनप्रतिनिधि और अफसरों के बच्चों को भी सरकारी स्कूल में पढ़ाना चाहिए। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में 25-25 अफसरों की तैनाती है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में सभी गैर झारखंडी कार्यरत हैं। राइट टू एजुकेशन के तहत 25 फीसदी निर्धन बच्चों का एडमिशन नहीं हो रहा है।

### भाजपा ने वन पट्टा को खत्म करने की तैयारी की थी : जिगा

झामुमो के विधायक जिगा सुसारण होरो ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति हो रही है या आलोचना। पता नहीं मीडिया में क्या-क्या बोल देते हैं। भाजपा ने वन पट्टा को खत्म करने की तैयारी की। हेमंत सरकार ने दो लाख किसानों का ऋण माफ किया। 200 यूनिट बिजली फ्री किया। ये संविधान की कुर्सी है न हमारा रहेगा और न आपका। जनता ने बता दिया कि यह लोग घुसपैठी हैं और जाति धर्म वाले लोग हैं। इसीलिए इन्हें सत्ता से बाहर कर दिया।

# राज्य के 7642 स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक : डॉ नीरा यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूली और शिक्षा विभाग की अनुदान मांग पर वाद-विवाद में भाग लेते हुए सोमवार को विपक्ष की विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि राज्य में स्कूल खस्ताहाल स्थिति में हैं। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार यहां 7642 स्कूलों में केवल एक शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे स्कूलों राज्य के नौनिहालों का क्या भविष्य होगा। यह सर्वविदित है। उन्होंने सदन को बताया कि इन स्कूलों में राज्य के तीन लाख 78 हजार बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि यू डाइस ट्रस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के 327 स्कूलों में एक भी बच्चे नामांकित नहीं हैं, जबकि इन स्कूलों में 1753 शिक्षकों को सरकार बैठाकर वेतन दे रही है।



### जिन स्कूलों में बच्चे नहीं थे उन्हीं का विलय

नीरा यादव ने कहा कि सरकार आरोप लगाती है कि हमारे शासन में कई स्कूल बंद करा दिये गये, जबकि हमलोगों ने उन्हीं स्कूलों को बंद किया, जिनमें बच्चे नहीं थे। इन स्कूलों का विलय हमलोगों ने पास के स्कूलों में कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 से लेकर 19-20 तक जितने शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी उनमें से एक शिक्षक की नियुक्ति भी मौजूदा सरकार ने नहीं की। जिन शिक्षकों की नियुक्ति कर सरकार अपना पीठ थपथपा रही है उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पेंडिंग में थी। उन्होंने स्कूलों में बालिकाओं के बढ़ते ड्रॉप आउट पर चिंता जतायी। नीरा यादव ने कहा कि यहां के बच्चे स्कूल में बोरा लेकर पढ़ने जाते थे, जिससे निजात हमलोगों की सरकार ने दिलायी। इसके अलावा बच्चे घर थाली बजाते हुए स्कूल पढ़ने जाते थे। ये सभी व्यवस्था में सुधार पूर्व की हमारी सरकार में हुआ। बच्चों को बेंच-डेस्क, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था हमलोगों ने करायी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर काम का बोझ डाल दिया गया और काम नहीं करने पर वेतन रोकने तक की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति का मामला लटका हुआ है। 17 वर्षों से शिक्षकों की प्रोन्नति का मामला अटका पड़ा है। राज्य के विश्विवद्यालयों में वीसी नहीं हैं। नैक की कार्यशाला नहीं होने से कॉलेजों की ग्रेडिंग नहीं बढ़ पा रही है।

## बजट सत्र 2025: राज्य में अनुसूचित जातीय सलाहकार परिषद के गठन की तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में विधायक प्रदीप यादव ने राज्य में आदिवासी हित में जनजातीय सलाहकार परिषद के कार्यरत होने, अनुसूचित जातीय सलाहकार परिषद का गठन नहीं किये जाने और इसके लिए सरकार के स्तर से किये जाने वाले प्रयासों को लेकर सवाल पूछा। इस पर राज्य सरकार की ओर से स्वीकार किया गया कि आदिवासी हित में राज्य में जनजातीय सलाहकार परिषद कार्यरत है। राज्य में 12% अनुसूचित जाति की आबादी के लिए टीएसी की तर्ज पर अनुसूचित जातीय सलाहकार परिषद के गठन पर कहा कि झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद नियमावली 2008 अधिसूचित किया गया है। इस नियमावली के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या 1969, 15 सितंबर 2024 द्वारा झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद के गठन का प्रावधान किया गया है। इस परिषद के गठन हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## अनएकेडमी कोचिंग संस्थान की दूसरी शाखा का उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। साउथ ऑफिस पारा डोरंडा में सोमवार को अनएकेडमी कोचिंग संस्थान की दूसरी शाखा (आइआइटी/नीट) का उद्घाटन श्रीराम स्कॉलर टावर में किया गया। इस कोचिंग संस्थाना का संचालन रांची के उत्कृष्ट केमिस्ट्री शिक्षक रूपक सिंह और उनकी अनुभवी टीम के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने सभी का उत्साहवर्धन किया।

## विश्व सेवा परिषद के राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए 30 मई तक आवेदन आमंत्रित

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व सेवा परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। यह अवार्ड शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सेवाभावी क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जायेगा। सरकारी और गैर-सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं और समाजसेवियों से 30 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को अपने द्वारा किये गये विकास कार्यों की अनुशंसा करनी होगी और फाइल बनाकर 5 पासपोर्ट साइज कलर फोटो और पूर्ण बायोडाटा के साथ निबंधित भारतीय डाक या कुरियर से विश्व सेवा परिषद के प्रधान कार्यालय में भेजना होगा। आवेदन करने के लिए विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 09431563274 पर संपर्क किया जा सकता है या विश्व सेवा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाया जा सकता है।

## फाल्गुन सतरंगी महोत्सव में संगीतमय संकीर्तन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मंडल, रांची में तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का दूसरा दिन सोमवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूरे मंदिर को विद्युत की रंगीन लड़ियों तथा रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। फाल्गुन शुक्ल की इस एकादशी के खास अवसर पर श्री श्याम का अनुपम एवं विराट श्रृंगार किया गया और साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल के अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 21वें बसंतोत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन वन बन्धु परिषद के अध्यक्ष रमेश धरणीधर का द्वारा किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्व प्रथम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर भक्तजनों ने मधुर भजन गाकर श्री श्याम प्रभु को रिझाया। साथ ही, श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली खेल भक्तगण भाव विभोर हो रहे थे। इस अवसर पर आगंतुकों के बीच प्रसाद वितरण किया जा रहा था तथा मंदिर परिसर में शुद्ध जल एवं चरण पादुका रखने की पूरी व्यवस्था थी। रात्रि 1 बजे प्रसाद वितरण एवं महाआरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, महेश शर्मा, अजय साबू, नितेश लाखोटिया, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, अमित जलान, अरुण धनुका, गोविंद सारस्वत का सहयोग रहा। मंगलवार को संपूर्ण दिवस द्वादशी दर्शन, संपूर्ण दिवस सवामणी भोग, खीर चूरमा का प्रसाद वितरण संपूर्ण दिवस मंदिर प्रांगण में, रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा संगीतमय संकीर्तन। मंदिर प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहेगा।

## महू के राष्ट्रद्रोही जिहादियों को कठोरतम दंड मिले : विहिप

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र विमल ने सोमवार को मध्य प्रदेश के महू की घटना पर कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा है कि क्रिकेट में भारत के विजय का उत्सव मना रहे राष्ट्रप्रेमियों पर मध्यप्रदेश के महू में जिस प्रकार से जिहादी मुसलमानों ने हमला किया, वह उनकी राष्ट्रद्रोही मानसिकता को ही उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह बार-बार दिखा है, कि भारतीयों और हिंदुओं का हर उत्सव, हर खुशी जिहादियों का निशाना बनती है। चैंपियंस ट्राफी में भारत की जीत महू के मुसलमानों को इतनी बुरी लगी कि मस्जिद से पत्थर चलने लगे। उत्सव मना रहा हिंदू समाज, उनके घर, दुकान, मंदिर, गाड़ी, सब दंगाइयों के निशाने पर आ गये। हमेशा की तरह वे पत्थर बाजी, तोड़फोड़ और आगजनी करने लगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी यह समझना चाहिए, कि जब भी हिंदू समाज का कोई उत्सव हो, पूर्व से ही मुस्लिम बहुल बस्तियों और मस्जिदों के पास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है, कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए अलग से कठोर राष्ट्रद्रोह का कानून बने।

# दहेज लोभी दूल्हे ने किया सीजेएम कोर्ट में सरेंडर, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** दहेज प्रथा को भले ही कानूनन अपराध घोषित कर दिया गया हो, लेकिन समाज में आज भी यह कुरीति जारी है। ऐसा ही एक मामला झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम से सामने आया है। जहां एक युवती के पिता ने दहेज लोभियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए न्याय की लड़ाई लड़ी। जानकारी के मुताबिक नामकुम निवासी नंदजी यादव ने अपनी बेटी की शादी बलिया (उत्तर प्रदेश) के शिवपुर दीयर (नमरो) निवासी गंगासागर यादव के पुत्र आशीष कुमार यादव से तय की थी। आशीष भारतीय स्टेट बैंक की जमुई, बिहार शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में मुंगेर (बिहार) के सफियासराय में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में तैनात है।



### दहेज की बढ़ती मांग बनी विवाद की वजह

शादी की बातचीत के दौरान लड़के के माता-पिता ने 25 लाख रुपये नकद और सोने के गहनों की मांग की थी। 22 नवंबर 2024 को लड़के के घर छेका (सगाई) की रस्म हुई, जिसमें लड़की पक्ष ने दूल्हे को 1 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और उसके माता-पिता को सोने की अंगूठी दी। इसके अलावा उन्होंने रांची स्थित अपने आवास से 5 लाख रुपये नकद भी लड़के पक्ष को सौंपे। इसके बाद 12 फरवरी 2025 को तिलक और 16 फरवरी 2025 को शादी की तारीख तय की गयी। लड़की पक्ष ने शादी की सभी तैयारियां पूरी कर ली थी, लेकिन तभी लड़के के पिता गंगासागर यादव ने एक नयी मांग रख दी। उन्होंने कहा कि उनका बेटा भविष्य में भारतीय स्टेट बैंक का चेयरमैन बनेगा, इसलिए उसे टोयोटा फॉर्च्यूनर गाड़ी (कीमत 50-55 लाख रुपये) भी दहेज में दी जाये। इस अनुचित मांग के बाद लड़की पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया और दहेज में दिये गये पैसे व गहने वापस मांगे। लेकिन लड़के वालों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया और फॉर्च्यूनर देने पर विचार करने की बात कही। इसके बाद लड़की के पिता नंदजी यादव ने नामकुम थाना में दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने इस मामले में लड़के के पिता गंगासागर यादव को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस लगातार लड़के आशीष कुमार यादव और उसकी मां की तलाश कर रही थी। इसी दबाव में आकर सोमवार को आशीष ने रांची के सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण (सरेंडर) कर दिया। जिसे कोर्ट से जेल भेज दिया गया। पुलिस अब मामले की आगे की जांच कर रही है।

## होली को लेकर चार दिन बंद रहेगा झारखंड सरकार का सचिवालय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सहित देशभर में होली की धूम है। होली को लेकर लोग जहां तैयारियों में जुटे हैं, वहीं सरकारी छुट्टियों में भी फेरबदल कर कर्मचारियों को सरकार सहायता पहुंचा रही है। झारखंड सरकार के सचिवालय में होली की छुट्टी चार दिनों की होगी। कार्मिक विभाग ने होली को लेकर 13-14 मार्च को सरकारी छुट्टी घोषित की है। 15 शनिवार और 16 रविवार होने की वजह से लगातार चार दिनों की छुट्टी का आनंद कर्मी उठा पायेंगे। इसी तरह सरकारी बैंक में भी 13-14 मार्च को छुट्टी घोषित की गयी है। हालांकि होली 15 मार्च को है। ऐसे में शनिवार होने की वजह से बैंक में भी कम ही उपस्थिति देखने को मिलेगी। इस संबंध में झारखंड सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद कहते हैं कि सरकारी आदेश के अनुसार सचिवालय में 13-14 मार्च को होली की छुट्टी है। यह महज संयोग है कि शनिवार और रविवार होने की वजह से इसका लाभ कर्मचारियों को होली की छुट्टी के साथ मिलेगा। इधर, बैंक कर्मचारियों ने यूनियन के माध्यम से सरकार को होली की छुट्टी बिहार की तरह 14-15 मार्च को करने की मांग की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से कार्य करते हुए उप मुख्य विद्युत अभियंता/लोको, निविदा सूचना संख्या- आरएस-एचक्यू-पीबीयू-टीबीयू-25-01 के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, बंद होने की तिथिः 02.04.2025 वैगन-9/वैगन-9एच लोकोमोटिव के बोगी फ्रेम को लोकोमोटिव बोगी और बॉडी में पूरी तरह से पारंपरिक प्रकार की ब्रेक रिगिंग व्यवस्था प्रदान करने के लिए रूपांतरण/संशोधन करने के कार्य के लिए: **निविदा सूचना संख्या:** आरएस-एचक्यू-पीबीयू-टीबीयू-25-01; **कार्य का नाम:** वैगन-9/वैगन-9एच लोकोमोटिव के बोगी फ्रेम को लोकोमोटिव बोगी और बॉडी में पूरी तरह से पारंपरिक प्रकार की ब्रेक रिगिंग व्यवस्था प्रदान करने के लिए रूपांतरण/संशोधन; **अनुमानित मूल्य:** ₹18,96,31,657.80; **बोली सुरक्षा (ईएमडी):** ₹10,98,200.00; **अवधि:** 24 महीने; **निविदा फॉर्म का मूल्य:** शून्य; निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। निविदाकर्ता द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय 02.04.2025 को 15:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि/समयः 02.04.2025, निविदा बंद होने के तुरंत बाद। सभी वास्तविक, अनुभवी और इच्छुक निविदाकर्ता इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते है। (PR-1217)

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1176 Date 10.03.2025, I. Ashish Kumar, S/o Umesh Lohra (incorrectly mentioned as Unesh Lohar in my Class 10 marksheet), aged 29 years, residing at House No. 01. Pahan Toli, Near Burmu, P.o.-Burmu. Dist.-Ranchi do hereby solemnly affirm and state as follows:
1. That I am an Indian Citizen and I am a resident of above address.
2. That my father's correct name is Umesh Lohra, but due to a clerical/typographical error, his name has been incorrectly mentioned as Unesh Lohar in my Class 10th marksheet issued by the Central Board of Secondary Education (CBSE) in the year 2011.
3. That my father's correct name is Umesh Lohra, and henceforth, in all records, documents and references, his name should be read and recorded as Umesh Lohra instead of Unesh Lohar.

# विकसित भारत के लिए करनी होगी तीन गुना मेहनत : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सोमवार को राज्यसभा ने भारतीय रेल के संचालन को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से राज्य सभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक पारित किया। सदन को संबोधित करते हुए, रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक रेलवे क्षेत्र में सशक्तिकरण, दक्षता में वृद्धि और सहकारी संघवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने चर्चा में भाग लेने वाले 25 सांसदों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह विधेयक मौजूदा कानूनों को सरल बनाने के लिए लाया गया है, जिससे राज्य सरकारों की शक्तियां कम नहीं होंगी बल्कि विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को अब 1,000 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को स्वीकृत करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गयी है। श्री वैष्णव ने यह भी उल्लेख किया कि सरकार द्वारा उन राज्यों में भी रेलवे के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जहां सत्ताधारी दल की सरकार नहीं है। केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को पूर्व की सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक बजट मिला है।



### रेलवे क्षेत्र में प्रमुख सुधार और उपलब्धियां

**बुनियादी ढांचा विकास :**
- पिछले 11 वर्षों में 34,000 किलोमीटर नयी रेलवे पटरियां बिछायी गयीं, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।
- 45,000 किलोमीटर रेलवे का विद्युतीकरण पूरा किया गया, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी आयी।
- 50,000 किलोमीटर पुरानी पटरियों को नयी, उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से बदला गया।

**सुरक्षा सुधार :**
- रेलवे सुरक्षा में निवेश बढ़कर 1.14 लाख करोड़ रुपये हुआ, जो पिछली सरकारों में केवल 8,000 करोड़ रुपये था।
- रेल फ्रैक्चर की घटनाओं में 91% की कमी आयी–2013-14 में 2,548 घटनाएं होती थीं, जो अब न्यूनतम स्तर पर पहुंच गयी हैं।
- 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लागू की गयी, जिसे SIL-4 प्रमाणन प्राप्त है, जो रेलवे संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा स्तर सुनिश्चित करता है।

अपने संबोधन के अंत में, मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को दोहराया और रेलवे कर्मचारियों और सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे पिछले एक दशक में रखी गयी मजबूत नींव पर तीन गुना अधिक मेहनत करें। इस विधेयक का पारित होना भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित, कुशल और सुविधाजनक सेवाएं सुनिश्चित करेगा।

# क्या चाहते हैं राहुल गांधी!

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिस तरह की साफगोई दिखायी, उसे उनके किसी सामान्य बयान की तरह नहीं लिया जा सकता। सार्वजनिक तौर पर पार्टी नेताओं के एक हिस्से को विरोधी पार्टी से मिलीभगत का दोषी बताना किसी भी नेतृत्व के लिए जोखिम भरा काम है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जोखिम सोच-समझ कर ही उठाया होगा, लेकिन इसके पीछे वास्तव में उसकी कितनी तैयारी है, यह पार्टी के आगामी कदमों से स्पष्ट होगा।

**चुनावी नफा-नुकसान :** राहुल गांधी के बयान की कुछ बातें खास तौर से ध्यान देने लायक हैं। मसलन- उन्होंने पार्टी की विचारधारा को सर्वोच्च कसौटी बनाने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इसे वे चुनावी हार-जीत से जोड़ कर न देखें। जाहिर है, उनकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस सही अर्थों में बीजेपी का विकल्प बनी रहे।

**अन्य दलों से अलग :** ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी अपने भाषणों में बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व की या बीजेपी की ही आलोचना तक खुद को सीमित नहीं रखते। वह बहस को सावरकर बनाम गांधी और संघ बनाम कांग्रेस की ओर ले जाने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। विपक्षी ब्लॉक इंडिया के अन्य दल और नेता इस मामले में उतने आक्रामक नहीं दिखते। इस लिहाज से अहमदाबाद में कही गयी राहुल गांधी की बातें उनके दीर्घकालिक नजरिये के अनुरूप ही हैं।

**राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी नेताओं की बीजेपी से मिलीभगत के आरोप लगाये। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा सर्वोच्च मानने और इसे चुनावी हार-जीत से न जोड़ने की सलाह दी।**

**स्पष्ट विकल्प :** अगर राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी को अपनी इस लाइन पर संगठित करते हुए कथित बीजेपी समर्थक मन-मिजाज वाले नेताओं से पार्टी को मुक्त कर लेते हैं, तो वोटरों के लिहाज से यह इस मायने में अच्छा होगा कि उनके सामने दोनों विकल्प पूरी तरह स्पष्ट होंगे। वे चाहें तो भारतीयता को लेकर संघ की दृष्टि को चुनें या कांग्रेस के नजरिये से सहमति दिखायें या बारी-बारी दोनों को आजमाते रहें। लेकिन ऐसा नहीं होगा कि एक के भ्रम में दूसरे को चुन लें और छला हुआ महसूस करें।

**सबसे बड़ी परीक्षा :** बहरहाल, एक राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस को हर चुनाव का सामना करना है। ऐसे में उसका नेतृत्व चाहे या न चाहे उसके हर कदम, हर फैसले को चुनावी कसौटी से गुजरना ही होगा। राहुल गांधी के ताजा बयान की भी सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि दो साल बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में वह पार्टी के लिए कितना फायदेमंद या नुकसानदेह साबित होता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गयी है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गत दिनों गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी।**

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

**ललित शर्मा**



**पंजाब** में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनायी है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है। सीमा पार से शुरू किये गये इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड़ रही है। 'देर आये दुरस्त आये' की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नयी इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

**नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते।**

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गयी है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गत दिनों गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता व्यक्त करता रहा है। अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगायी है। अगर कोई पड़ोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है, तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार। सुप्रीम कोर्ट की चिंता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं। वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिये एक जिंदा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मंसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें, तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं, अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है। पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के कारोबार के लिए पड़ोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाये जाने चाहिए।

पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है। खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली-दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिए भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली-दामन का संबंध है।

दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिए कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### विधायक ने टाटानगर स्टेशन-करनडीह मार्ग पर दो चेक पोस्ट से हो रही परेशानी को विधानसभा में उठाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेलवे स्टेशन से करनडीह मुख्य मार्ग पर यातायात विभाग द्वारा 1 किलोमीटर के दायरे में दो ट्रैफिक चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। जिससे आम जनता, स्कूली बच्चों और कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को इस गंभीर मुद्दे को पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल के दौरान प्रमुखता से उठाया। विधायक श्री सरदार ने कहा कि छोटे क्षेत्र में दो चेक पोस्ट होने के कारण लोगों को अनावश्यक रूप से लंबा समय ट्रैफिक जांच में बिताना पड़ता है। जिससे उनकी दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। विशेष रूप से स्कूली बच्चों और कार्यालय जाने वाले कर्मियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया इनमें से एक चेक पोस्ट को हटाया जाये ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा यातायात नियमों का पालन आवश्यक है। लेकिन आम लोगों को बेवजह परेशान करना उचित नहीं है। सरकार को इस मुद्दे पर शीघ्र ठोस कदम उठाना चाहिए। विधायक श्री सरदार के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की। उम्मीद जतायी जा रही है सरकार जल्द ही इस समस्या के लिए समाधान निकालेगी।

### जमशेदपुर वीमेंस क्लब और हाइटेक कैपिटल ने संयुक्त रूप से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर वूमन्स क्लब और हाईटेक कैपिटल के संयुक्त प्रयास से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'स्त्रीधन' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजापत का कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुंबई के प्रसिद्ध स्टोरीटेलर मीनाक्षी दूबे ने कहानियों के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और नारी सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा ₹एक स्त्री हर घरेलू कार्य करती है, लेकिन घरेलू हिंसा की शिकार हो ही जाती है। बेहतर है हर स्त्री वित्तीय रूप से स्वतंत्र हो। पहले वित्त को समझें, फिर उसमें निवेश करें। ताकि वह जिस वित्तीय स्वतंत्रता को चाहती हैं, वह उन्हें मिल सके। मुख्य अतिथि सरयू राय ने महिलाओं के वित्तीय स्वतंत्रता की महत्त पर जोर देते हुए कहा इस दौर में हर किसी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। ताकि वह किसी पर निर्भर न रह सके। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल, अभिषेक भालोटिया,रीना अनिल वेदागिरि, पूजा भालोटिया, मधु सिंह, शीतल, कृष्णा, ईशा, मुस्कान, पूनम, सीमा, श्रद्धा, कमल, अर्चना, पूर्बी घोष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सीआइआइ की वार्षिक बैठक में 210 प्रतिनिधियों ने भाग लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीआइ झारखंड का 2025 का वार्षिक बैठक एवं सत्र 'प्रतिस्पर्धात्मक झारखंड सतत और समावेशी विकास के लिए साझेदारियां' का आयोजन किया। सोमवार को बैठक में 210 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें उद्योग जगत के नेता, नीति निमार्ता और विशेषज्ञ शामिल थे। सत्र का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से झारखंड की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना। जिससे नवाचार, आर्थिक लचीलापन और सामाजिक समानता को प्रोत्साहित किया जा सके। मौके पर झारखंड सरकार के सचिव, श्रम रोजगार प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग जे.के. सिंह ने एमएसएमई के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने 'मार्केट तक पहुंच' को एमएसएमइ के लिए एक प्रमुख चुनौती बताया और सार्वजनिक खरीद नीति के महत्व को रेखांकित किया। डीसी अनन्या मित्तल ने समावेशी विकास, बुनियादी ढांचे की मजबूती, हरित समाधान और सार्वजनिक-निजी साझेदारियों पर बल दिया। उन्होंने झारखंड के 3.5 लाख एमएसएमई को कौशल विकास और वैश्विक एकीकरण के माध्यम से समर्थन देने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीआइआइ झारखंड अध्यक्ष सह एमडेट जमशेदपुर प्रा. लि के निदेशक रणजोत सिंह ने राज्य में खनिजों के स्थानीय प्रसंस्करण की आवश्यकता पर बल दिया। झारखंड को उद्योगों के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बताया। उन्होंने सीआइआइ की प्रमुख उपलब्धियों को भी साझा किया। वही आरएसबी ट्रांसमिशन्स प्रबंध निदेशक सह सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र अध्यक्ष सुवेंद्र बेहेरा ने झारखंड की आइटी और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल और कॉलेज पाठ्यक्रम में स्थिरता को शामिल करने और हरित निर्माण पर जोर देने की बात कही। टाटा स्टील के वीपी कॉर्पोरेट सह पूर्व अध्यक्ष सीआइआइ चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील के स्थिरता के महत्व पर बल दिया और खनन प्रक्रियाओं में सुधार की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने महिला रात्रि पाली की अनुमति के लिए सरकार की सराहना की और सुरक्षा के प्रति कॉर्पोरेट जिम्मेदारी पर जोर दिया। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लि प्रबंध निदेशक सह उपाध्यक्ष सीआईआई ऋतु राज सिन्हा ने नीति मामलों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और झारखंड की औद्योगिक स्थिति को बढ़ाने के लिए सरकार के साथ सीआइआइ के सहयोग को रेखांकित किया।

### अटल विरासत सम्मेलन में वाजपेयी जी के योगदान को किया गया याद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया। सोमवार को बिष्टुपुर तुलसी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य आथिति हजारीबाग के पूर्व सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यदुनाथ पांडेय मुख्य वक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी के आदर्श नेतृत्व, सुशासन और झारखंड राज्य निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. पांडेय ने कहा झारखंड आंदोलन को कई बार सौदेबाजी का शिकार होना पड़ा। लेकिन अटल जी के दृढ़ संकल्प के कारण वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य बना। मौके पर उन्होंने अटल जी के पोखरण परमाणु परीक्षण, राष्ट्रीय सुरक्षा और आदिवासी सशक्तिकरण में योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यदुनाथ पांडेय के द्वारा सभी मंडल में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिन्होंने अटल जी के साथ कार्य किया था उन्हें अबीर लगाकर अटल जी के स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पटमदा डिग्री कॉलेज के लिए भूमि आवंटन की मांग



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सरकार से पटमदा डिग्री कॉलेज के लिए शीघ्र भूमि आवंटन के लिए मांग की। विधायक श्री कालिंदी ने बताया कॉलेज के शासी निकाय ने 2017 में भूमि के लिए 36,20,880 जमा किए थे। लेकिन अब तक आवंटन नहीं हुआ। इससे एमएएमएससी और बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने में बाधा आ रही है। विधायक ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्गों की छात्रों हित में भूमि आवंटन की आवश्यकता पर जोर दिया।

### लॉ कॉलेज के विकास में कोल्हान विवि की लापरवाही, पूर्व छात्र ने करायी शिकायत दर्ज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के एक मात्र को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज 24 साल बाद स्वतंत्र इकाई घोषित हुए एक वर्ष बीत गये। उसके बावजूद कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज के विकास हेतु आवंटित लगभग 31 करोड़ रुपये की राशि अब तक खर्च नहीं की। इससे विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में कॉलेज के पूर्व छात्र अमर कुमार तिवारी ने भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी बी के सिंह के नाम पत्र लिखजार शिकायत दर्ज करायी। उन्होंने पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय कॉलेज की आवश्यकताओं पर ध्यान नहीं देने, भवन निर्माण नहीं होने और अन्य विकास कार्य ठप पड़े रहने का आरोप लगाया। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग से त्वरित कार्रवाई करते हुए पदों की सृजन और रिक्तियों को पूरा करने के लिए भी आग्रह किया। ताकि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

### विस्थापितों ने सात प्रमुख मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** डिमना डैम व टाटा कंपनी से विस्थापित हुए लोगों के साथ प्रबंधन का द्वितीय एक दिवसीय वार्ता हुई। सोमवार को वार्ता के दौरान टाटा कंपनी लैंड डिपार्टमेंट के प्रमुख अमित सिंह उपस्थिति रहे। बैठक में विस्थापितों ने पुनर्वास,मुआवजा और रोजगार से जुड़ी सात प्रमुख मांगें टाटा प्रबंधन के समक्ष रखीं।साथ ही विस्थापितों ने विस्थापित प्रमाण पत्र जारी करने, 1932 खतियान के आधार पर पुनर्वास, 1996 के सर्वे सेटलमेंट को रद्द करने, त्रिपक्षीय वार्ता पुनः शुरू करने, भूमि वापसी, रोजगार में प्राथमिकता एवं लीज नवीकरण समिति में विस्थापितों को शामिल करने की मांग की। टाटा कंपनी की ओर से अमित सिंह ने आश्वासन दिया डिमना डैम विस्थापितों के साथ वार्ता पुनः शुरू कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जायेगा। कंपनी में रोजगार के लिए ठेकेदारी में विस्थापितों को प्राथमिकता देने की बात को आगे बढ़ाया जायेगा। अन्य बिंदुओं पर उन्होंने सरकार के समक्ष बात रखने की सलाह दी।


### चांडिल पुलिस ने शराब की दो भट्ठियों को तोड़ा

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दी। सोमवार को पुलिस ने आसनबनी के पास सतनाला चेक डैम और दलमा की तराई में दो महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान लगभग 200 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन विरुआ ने बताया पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। पुलिस के पहुचते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गयी। उनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# पूर्व मंत्री के इशारे पर हुआ भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला: सत्येंद्र तिवारी

- गोली चालन की घटना में घायल व्यक्ति के द्वारा भ्रष्टाचार का खुलासा किये जाने की बात कही
- घटना का लीपापोती करने का आरोप पुलिस पर लगाया


विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाया है। विधायक ने कहा है कि पिछले दिनों चिनियां में भाजपा कार्यकर्ता पर हुए जानलेवा हमला पूर्व मंत्री के ईशारे पर हुआ है। घायल व्यक्ति योगेंद्र प्रसाद ने चिनियां के बरवाडीह पंचायत में मनरेगा की योजना में हुई भारी घोटाला का पर्दाफाश किया था। विधायक ने कहा है कि उक्त मामला को उसने उनके संज्ञान में लाया था। उसके आलोक में वह जिला स्तरीय दिशा की बैठक में भी मामला को उठाया था। विधायक ने कहा कि चिनियां के बरवाडीह पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत दो सौ कूप निर्माण का फर्जी निकासी किया गया है। योजना धरातल पर नहीं है, जबकि राशि का निकासी कर लिया गया है। उक्त फर्जीवाड़ा पूर्व मंत्री के राइट हैंड कहे जाने वाले नीतेश सिंह की मुखिया पत्नी की संलिप्ता है। उक्त पंचायत में हुए भ्रष्टाचार का मामला बढ़े नहीं, इसके लिए पूर्व मंत्री के ईशारे पर आरटीआई सह भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला कराया गया था। उन्होंने कहा कि इस मामलें में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मामलें को लीपापोती करने का भरपूर प्रयास कर रहे है। गोली चलने की घटना के बाद घायल व्यक्ति को ईलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। वहां पर नाजुक स्थिति को देखकर चिकित्सकों ने मेदनीनगर उसके बाद रांची रेफर किया। विधायक ने कहा कि गोली चलने की घटना के बाद योगेंद्र प्रसाद का पूरा परिवार दहशत में है। उस दिन परिवार के कई सदस्य ईलाज कराने साथ में रांची गये और कुछ परिजन घर पर मौजूद थे। उसी दिन रात में पुलिस ने योगेंद्र के भतीजा का घर से बुलाकर एक सादे पन्ना पर हस्ताक्षर करा लिया। जबकि परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पूर्व मंत्री के राईट हैंड कहे जाने वाले नीतेश सिंह, उनके साला सहित अन्य लोगों का नामजद आवेदन दिया था। लेकिन पुलिस ने उक्त लोगों को बचाने के लिए खुद से आवेदन तैयार कर घयल व्यक्ति के भतीजा से हस्ताक्षर करा लिया। विधायक ने कहा कि यह सरकार गरीब, दलित और पिछड़ों का विरोधी है। उन्होंने कहा कि यह गोली चालन में हुए जानलेवा हमला पूर्व मंत्री के ईशारे पर हुआ है। उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार से मांग करते है कि इसकी जांच सीबीआई से कराई जाये। विधायक ने कहा कि इस घटना को पुलिस अयूब मंसूरी हत्याकांड की तरह लीपापोती कर गुनहगारों को बचाने का भरपूर प्रयास कर रही है, लेकिन उनके रहते ऐसा नही होने दिया जायेगा।

## विधायक ने सड़क निर्माण और गोदरमाना के मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं झारखंड विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में क्षेत्र की कई सड़कों के निर्माण एवं रंका प्रखंड अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से अपनी जान गंवाने वाली को मुआवजा देने की मांग की है। श्री तिवारी ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंगरही में मंजरी सिवाना से बीरबल सिंह के घर तक, ग्राम करूआ में प्रदीप तिवारी के घर से हरिजन टोला- पुराना पंचायत भवन होते हुए बेलचंपा तिलदाग मुख्य पथ तक, ग्राम खजुरी में पुरानी बस्ती से संतोष दुबे के घर होते हुए संजय दुबे के घर के आगे अंतिम सिवाना तक, ग्राम रंका बौलिया मध्य विद्यालय से मुकेश तिवारी के घर होते हुए रंका पंचायत भवन से रोघा अहरा के आगे नहर तक एवं ग्राम चटनिया में चटनिया पुल से रानी ताली तक सड़क निर्माण की मांग की है। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने रंका प्रखंड अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो जाने की सूचना देते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और सभी मृतकों के परिजनों को अविलंब मुआवजा देने की मांग सरकार से की है।

## बीडीओ ने प्रावि शिवरी का औचक निरीक्षण किया



कांडी (आजाद सिपाही)। बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को प्रावि शिवरी का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में सहायक अध्यापक सुदीप पाल उपस्थित थे। नामांकित 90 बच्चों में 70 बच्चे उपस्थित थे। बीडीओ ने मध्यान भोजन की जांच के क्रम में मेनू के अनुसार चावल, दाल, सब्जी और अंडा पाया। बीडीओ ने कहा कि इस स्कूल में उत्कृष्ट नमूना देखने को मिला। उन्होंने प्रखंड के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना को इसी मानदंड के अनुसार संचालित किये जाने की जरूरत बताया। बीडीओ ने सभी स्कूल संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों की हक से कोई समझौता नहीं करें, जांच में पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## प्रखंड के जनप्रतिनिधि कक्ष में विधायक प्रतिनिधि ने फीता काटकर अपने चेंबर का किया उद्घाटन



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के निचले तल्ला में नामित जनप्रतिनिधि कक्ष में सोमवार को गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के जिला प्रतिनिधि विवेकानंद उर्फ रिंकू तिवारी और मेराल प्रखंड के प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अपने चेंबर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद दोनों प्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक किया तथा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के संकल्पों को दुहराते हुए कार्यकर्ताओं को जनहित तथा आम जनों के कार्यों में सहयोग करने की बात कही। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी फिलवक्त विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए रांची में है, उनके निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के भवन में विधायक प्रतिनिधि के चेंबर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उदय मेहता, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, रूपू महतो, मनोज जायसवाल, रविंद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप पासवान, रामाकांत गुप्ता, अमित कुमार, अभय कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता पंजीकरण से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर राजनीतिक दलों की ओर से शिकायतों एवं सुझावों को सुना साथ ही स्वस्थ मतदाता सूची के निर्माण में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। बीते लोकसभा चुनाव की अपेक्षा विधानसभा चुनाव में लगभग चार प्रतिशत अधिक मतदान हुआ था, इस बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के लिए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों को श्रेय देते हुए कहा कि उन सब के सहयोग से ही इतनी जागरूकता सम्भव हो सकी। मतदाता पंजीकरण को लेकर मांगा सहयोग : संजय कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने में उनके सक्रिय सहयोग की जरूरत है। मृत एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में से विलोपन करवाने के लिए प्रपत्र 7 की मदद ली जा सकती है। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के रूप में विवेकानंद तिवारी, धर्मेंद्र कुमार सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, अशर्फी राम, ज्ञानी राम, शंकर प्रताप सिंह, खुर्शीद आलम आदि लोग मौजूद थे।

# पटाखा बिक्री को लेकर एसडीओ ने की औचक छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जममुआर के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार ने गढ़वा शहर के बाजार इलाकों में ऐहतियातन छापेमारी की। पटाखों की संभावित अवैध बिक्री की जांच को लेकर की गयी उक्त छापामारी में अनुमंडल पदाधिकारी के साथ एसडीपीओ नीरज कुमार और थाना प्रभारी बृज कुमार सहित पुलिस बल की टीम की मौजूदगी रही। अनुमंडल पदाधिकारी ने सर्वप्रथम शहर के इंदिरा गांधी रोड स्थित बबलू रंगसाज की दुकान पर छापेमारी की जहां छापेमारी की आशंका के चलते दुकानदार ने पहले ही दुकान बंद कर दी थी। दरअसल स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत मिली थी कि गढ़वा शहर में उक्त व्यवसायी बिना अनुज्ञप्ति के बड़ी मात्रा में पटाखा और अन्य बारूदी सामग्री का भंडारण और बिक्री करता है। उक्त दुकान खुली ना होने के कारण कोई कार्रवाई संभव नहीं हो पायी, तथापि थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि वे टाइगर मोबाइल और अन्य टीम की बदौलत उक्त व्यवसायी की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और यदि आरोप प्रमाणित होता है तो दुकान सील करने सहित नियमानुसार उचित वैधानिक कार्रवाई करेंगे। इसके उपरांत महेश मालाकार, ललन चंद्रवंशी, मंटू मालाकार और मोतीचंद आदि की दुकानों पर भी छापेमारी मारी की गयी।

छापेमारी में यद्यपि फुलझड़ी और अनार आदि के अलावा थोड़े बहुत पटाखे ही मिले, किंतु किसी के पास अनुज्ञप्ति न मिलने के कारण उक्त सभी को कुछ घंटे की मोहलत के साथ हिदायत दी गयी कि उक्त सामग्री को न केवल भीड़भाड़ वाले इलाके से बाहर कर देंगे, बल्कि भविष्य में पटाखे आदि विस्फोटक सामग्री के भंडारण और खरीद बिक्री में बिना अनुज्ञप्ति किसी तरह संलिप्त नहीं होंगे। उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर आजाद नगर के प्रांगण में होली पर्व के अवसर पर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हुआ जिसका फाइनल मैच होली पर्व पर आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरिहरपुर ओपी के एसआई वीरेंद्र चौड़े ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में आजाद नगर और भेलवाखाड़ी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भेलवाखड़ी ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। आजाद नगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 81 रन बनाए, जिसमें सबसे ज्यादा रन अनमोल कुमार ने 27 रन जोड़े। जवाब में भेलवाखड़ी की टीम मात्र 9 ओवरों में 44 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का खिताब अनमोल कुमार को दिया गया। खेल के प्रारंभ पर एसआई वीरेंद्र चौड़े ने कहा कि त्योहारों के दौरान इस तरह के आयोजनों से युवाओं के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे का संचार होता है, और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, सचिव वीरेंद्र चौड़े, स्कोरर लव उत्कर्ष तिवारी, अंपायर मनीष चौबे, गोलू गुप्ता सहित कई दर्शक उपस्थित रहे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 पर स्थित सतीश मालाकार उर्फ पप्पू माली के ज्येष्ठ पुत्री नेहा कुमारी (20 वर्ष लगभग) ने सोमवार को प्रात: 8:30 बजे अपने घर के पंखा में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। पुलिस जांच में जूट गयी है।

## मनरेगा और अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी के द्वारा मनरेगा योजना और अन्य योजनाओं की समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान अबुआ आवास लाभुकों को शत प्रतिशत भुगतान करने, कूप निर्माण के जिस योजना भुगतान शून्य है उसको प्राथमिकता के साथ पूरा करने, सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हुए एमआई किया जाये। बैठक में बीपीओ सोनू कुमार, रोजगार सेवक मनोज कुमार, अनुज कुमार रवि, छोटन बैठा, सतेंद्र कुमार पासवान, रविंद्र राम, मानस कुमार, असलम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इफ्तार पार्टी में विधायक ने की शिरकत

आजाद सिपाही संवाददाता


इफ़्तार पार्टी में मौजूद विधायक अनंत प्रताप देव और अन्य।

**डंडई।** डंडई प्रखंड रारो मदरसा परिसर में रविवार को झारखंड प्रीमियम लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति के द्वारा दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, उपप्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, झामुमो नेता जितेंद्र कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोगों के शामिल होने से देश की गंगा-जमुना तहजीब कि झलक दिखायी दिया। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम रहता है। इफ्तार पार्टी आपसी भाईचारा का प्रतीक है। रमजान के इस पाक महीना में सभी लोगों को बरकत होता है। वहीं ताहिर अंसारी ने कहा कि रमजान का महीना बड़ा ही बरकत वाला महीना है। इस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकी का सवाब मिलता है। इसीलिए माह ए रमजान में ज्यादा से ज्यादा नेकी करनी चाहिए। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, सुभाष मेहता, ओमप्रकाश यादव, प्रिंस यादव, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन, मंसूर आलम, जमील अंसारी, अनीस अंसारी, जुबैर अंसारी, हनीफ शेख सहित बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

## अंसारी एकता संगठन ने इलाजरत बच्चे की मदद की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन ने रांची में डेढ़ महीने से इलाजरत अत्यंत गरीब परिवार की आर्थिक मदद की। डंडई थाना अंतर्गत बैलाझकड़ा गांव के एक अत्यंत गरीब परिवार में जन्मे एक दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे 15 वर्षीय बिलाल अंसारी की आर्थिक मदद की। मरीज के पिता वकील अंसारी ने संगठन से अपील की थी कि उन्हें इलाज कराने और रांची जैसे शहर में रहने में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। डंडई के प्रखंड अध्यक्ष बीडीसी हैसियत अंसारी ने संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी और जिला अध्यक्ष आफताब आलम को सूचना दी, तत्पश्चात लोगों के सहयोग से संगठन ने चंदा इकट्ठा कर उन्हें इलाज में सहयोग के लिए पैसा भेजा। आजाद सिपाही के पत्रकार से बातचीत के क्रम में जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने बताया कि गरीबों और पीड़ितों की मदद करना हमारे संगठन का सबसे पहला कर्तव्य है। हम निरंतर गरीबों और पीड़ितों की मदद करते रहे हैं।

# होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार प्रांगण में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, पंचायत मुखिया विजय राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। छतरपुर पलामू के लोकगायक भोला व्यास ने अपनी पूरी टीम के साथ कई होली गायन व पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से जिप पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार,उप मुखिया दिलीप कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, विश्वनाथ, अशोक, सहेंद्र, राजद प्रखंड अध्यक्ष जगदीश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## किसान प्रदर्शनी मेला का आयोजन

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी प्रखंड कार्यालय के परिसर में सोमवार को किसान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभ आरंभ धुरकी प्रखंड प्रमुख शांति देवी और धुरकी प्रखंड पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आदिम जनजाति के तेजू कोरवा ने जंगल के कंद मूल लेकर किसान प्रदर्शनी मेला में उपस्थित हुए। प्रदर्शनी के उपरांत किसानों के खेती करने के लिए कई तरह के उपकरण देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर योगेंद्र नाथ उप परियोजना निदेशक धनंजय कुमार सिंह बिटीएम धुरकी, सत्येंद्र कुमार बिटीएम डंडई, एमडी मकबूल अंसारी बिटीएम चिनिया आदि उपस्थित थे।

# डीसी और एसपी ने किया पलाश मार्ट में हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस, गढ़वा द्वारा संचालित पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री-सह-प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री होली के शुभ अवसर पे 10 मार्च से 13 मार्च 2025 तक संचालित रहेगी। इस प्रदर्शनी में समूह के दीदी के द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल और झारखंडी मिष्ठान को प्रस्तुत किया गया, जिसमें अरारोट, गेंदा फूल, हल्दी एवं पलाश फूल आदि का प्रयोग किया जा रहा है, जो इस होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है, पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। इस अवसर पर उपायुक्त ने झारखंडी व्यंजन जैसे रागी का लड्डू, गुड का लड्डू, खजूर इत्यादि का स्वाद लेते हुए तथा पलाश हर्बल गुलाल की सराहना की।

जेएसएलपीएस, गढ़वा द्वारा आयोजित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर उपरोक्त के अलावे जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, सदर बीपीएम शिव उपाध्याय, नन फॉर्म से शेखर सत्य केतु, प्रखंड के स्टाफ और दीदी कैफे की दीदी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**JHARKHAND URJAVIKAS NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001603)
Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004
Fax No. (0651)- 2400799/2400873

**1st Time extension–cum-corrigendum notice**

E-Tender notice published vide NIT No.-21/PR/JUVNL/24-25 in various newspaper may be amended and read as follows:-

1. In Price schedule estimated cost may be read as Rs. 2,44,304.03 per month in place of Rs. 2,34,304.04
2. Contractor's profit less than (-ve) or equal to 0 (zero) is not allowed.
3. The due date for submission of tender against this NIT is extended upto 19.03.25 at 3:00 PM accordingly part I (Technical & Commercial) will be opened on 20.03.25 at 4:00 PM

Others terms & conditions remains same.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्रीनं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No.-346401

Sd/-
GM (P &G.A), JUVNL

PR 348262 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(24-25)#D

**DISTRICT PLANNING OFFICE, SIMDEGA**

Ref No.: ……… Date: ……………

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EoI) FOR THE SELECTION OF AGENCY FOR PROVIDING CAREER GUIDANCE TO STUDENTS IN GOVERNMENT SCHOOLS OF SIMDEGA DISTRICT**

| SL. NO. | INFORMATION/SUBJECT | DETAILS |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | Name of Work | Selection of Agency for providing Career guidance to the students of classes 8 -12 in all the Government Schools of Simdega district, Jharkhand |
| 02 | Earnest Money to be Deposited (@ 2% of the project cost) | Rs. 1,13,287.00 MSME Registered Organization to be exempted as per Jharkhand Procurement Policy 2014 |
| 03 | Last Date and Time for EoI Submission | 21/03/2025, 1:00 PM |
| 04 | EoI Submission Place | District Planning Office, Simdega |
| 05 | Date and Time for EoI Opening | 21/03/2025, 3:00 PM |
| 06 | EoI Opening Place | District Planning Office, Simdega |
| 07 | Pre-bid meeting | 18/03/2025, 12:00 PM |
| 08 | Name and Office for Inviting EoI | District Planning Officer, Simdega |
| 09 | Helpline Number and E-Mail Address | Contact No. 9162977789 e-mail ID-brgf-simdega@rediffmail.com |

NOTE: FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT www.simdega.nic.in

District Planning Officer, Simdega.

PR 348199 Simdega(24-25).D

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम अन्तर्गत, सिमडेगा जिला में जॉबकार्ड, मापी–पुस्त एवं 7 रजिस्टर के मुद्रण हेतु इच्छुक निबंधित मुद्रकों से मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती है। छपाई हेतु नमूना जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा कार्यालय में कार्यालय अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | समग्री का नाम | विशिष्टता |
|---|---|---|
| 1 | जॉबकार्ड | 80 GSM White paper with Multi-Colour Front Cover of 300 GSM (24cm x 18cm size) |
| 2 | मापी – पुस्त | 50 Sheet White Paper 80 GSM (6" x 4") With Colour Front Page of 300 GSM |
| 3 | 7 रजिस्टर Multi Colour Front Cover | Register – I Part – B (600 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 page) Register – III (600 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 page) Register – V (600 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 page) |

निविदा की शर्तें :–

1. निविदादाता के पास विगत तीन वर्षों का अंकेक्षण आयकर रिटर्न एवं GST Clearance प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध होना चाहिए।
2. निविदादाता को मुद्रण के कार्य का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो।
3. निविदादाताओं को अग्रधन के रूप में 15,000(पंन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त, सिमडेगा के नाम से जमा करना होगा।
4. निविदादाता को कागज का नमूना निविदा के साथ जमा करना होगा।
5. मुद्रण के दर का उल्लेख सभी कर (GST एवं अन्य) सहित होंगे।
6. आदेश निर्गत होने के 7 (सात) दिनों के अन्दर सामग्रियो की आपूर्ति जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा में करना होगा। सभी प्रखण्डों में सामग्री आपूर्ति के लिए अन्य कोई परिवहन भत्ता देय नहीं होगा।
7. मुद्रण कार्य में हुए किसी प्रकार की त्रुटि के लिए मुद्रणकर्त्ता स्वयं जिम्मेवार होंगे तथा ऐसी स्थिति में किसी प्रकार का कोई भुगतान देय नहीं होगा।
8. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने अथवा कार्य को एक या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच वितरण करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसके लिए कारण दर्शाना अनिवार्य नहीं होगा।
9. बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
10. निविदा दिनांक .21.03.2025..को पूर्वाहन्/अपराह्न ….10.00.बजे से दिनांक …21,,03,,2025को अपराह्न 01.00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा एवं दिनांक ……..21,03,2025को/अपराह्न 03.00 बजे क्रय समिति के समक्षण निविदादाताओं अथवा उके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

उप विकास आयुक्त,–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा

PR 348204 Simdega(24-25)#D

## एक दिवसीय मेला में गाय बांटी गयी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला गव्य विकास कार्यालय, खूंटी में सोमवार को एक दिवसीय मेला प्रदर्शनी सह गाय वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम समेत कई गणमान्य नागरिक और किसान उपस्थित थे। कार्यशाला में जिला गव्य विकास पदाधिकारी अभिमंयु प्रसाद ने किसानों और लाभुकों को गाय पालन, उनके पोषण, गर्भावस्था के दौरान देखभाल, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो। इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला और गाय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में दूध उत्पादन बढ़ाकर इससे जुड़े उत्पाद जैसे पनीर, खोआ आदि को बाजार में पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में योग्य महिला लाभुकों को 75 से 90 प्रतिशत सब्सिडी पर गाय उपलब्ध कराई गयी। उपायुक्त ने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि उनके पशुओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता होती है, तो वे निःशुल्क टोल-फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सकते हैं, जहां चिकित्सक एंबुलेंस के साथ उनके घर पर उपलब्ध होंगे। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। समारोह के अंत में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने लाभुकों के बीच गायों का वितरण किया और उनसे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 124 बच्चे



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा 2024-25 का केंद्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय को बनाया गया। जिसमे कोयलांचल क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय से 61 बच्चे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरानीराय से 29 बच्चे और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमने से 34 बच्चे शामिल हुए। कुल मिलाकर तीनों स्कुलो से कुल 124 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस मौके पर सर्वप्रथम परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को चंदन और तिलक लगाकर आचार्य एवं दीदी जी ने स्वागत कर परीक्षा भवन में प्रवेश कराया। प्रथम पाली में हिंदी /अंग्रेजी/अतिरिक्त विषय, द्वितीय पाली में गणित/ विज्ञान/ सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना जरूरी है। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजुद थे।

## उपायुक्त ने की कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण योजना की गहन समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को समय पर लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निमार्णाधीन भवनों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। आदि आदर्श ग्राम विकास योजना के अंतर्गत पीसीसी सड़क एवं सोकपिट निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कियोस्क निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई, जिसमें उपायुक्त ने एनआरईपी विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भवन प्रमंडल को शीघ्र एस्टिमेट तैयार करने के निर्देश दिये गये। संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के अंतर्गत टकरा में चेक डैम और स्टेडियम निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए, इन्हें शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल), एनआरईपी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मैकलुस्कीगंज में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ चार दिवसीय रुद्र महायज्ञ संपन्न



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में चार दिवसीय प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ सोमवार को भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिवलिंग के साथ माता पार्वती, नंदी, गणेश, कार्तिकेय और हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गयी। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से संपन्न इस अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से भाग लिया। प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर परिसर को फूलों और रंगीन विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप में सजाया गया था। आचार्य पंडित जयप्रकाश पांडे के नेतृत्व में विद्वान पंडितों ने शुभ्र मुहूर्त में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। सर्व देव आवाहन, पूजन, हवन और पूणार्हुति के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर क्षेत्र 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठा। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं ने शिव विवाह के आयोजन में भाग लिया। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव में भक्तों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। आरती के दौरान वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा और श्रद्धालुओं ने मंदिर और यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया। समारोह के अंतिम चरण में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा शाम छह बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चला। भक्तों के लिए विशेष रूप से खीर, खिचड़ी, पूड़ी सब्जी, चटनी, मिठाई और अन्य प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।वही भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट, डीएसपी आरएन चौधरी, इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, विजय कुमार सिंह, राणा जंग बहादुर सिंह, जितेंद्र नाथ पांडे, मुखिया पुतुल देवी, राम सेवक प्रसाद, जालिम सिंह ,अमृत भोगता, शशि प्रसाद साहू, विजय गुप्ता, अनिल गंझू ,रूपेश चौरसिया, श्याम सुंदर सिंह, मनोहर यादव, रमेशर भोगता पुरुषोत्तम भगत, भोला प्रसाद,नागदेव सिंह, कुलदीप साहू, सुबोध रजक, उदय सिंह सुनील गिरी, बिरजू गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

# पत्नी की हत्या में पति गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र कोचांग कोइजरी गांव में नागी सोय नामक 40 वर्षीय महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पंलिस ने हत्या के आरोपी पति डेका सोय उर्फ बिरसा सोय को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी पति ने पत्नी की हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि आपसी विवाद के कारण उसने चाकू मारकर अपनी पत्नी नागी सोय की हत्या कर दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया।

## मामूली विवाद में हुई थी भीमसेंट नाग की हत्या, दो गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी थानांतर्गत सिलादोन बगीचा टोली गांव में गत तीन फरवरी को दबगना गांव निवासी भीमसेंट नाग नामक 40 वर्षीय ग्रामीण की हुई हत्या में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इस ब्लाइंड केस का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में सिलादोन बगीचा टोली निवासी रोहित प्रधान उर्फ मादी (20 वर्ष) और प्रभु सहाय रंताय (30 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस के समक्ष आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि आपसी विवाद के कारण भीमसेंट नाग की धारदार हथियार टांगी से मारकर हत्या की गयी थी। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि तीन फरवरी को भीमसेंट का शव मिलने के बाद उसके स्वजनों के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## 13 मार्च को होगा हास्य कवि सम्मेलन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी कला संगम और फ्रेंड्स क्लब के सौजन्य से 13 मार्च को अपराह्न एक बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन तोरपा के नगर भवन में किया जायेगा। इस संबंध में कला संगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और फ्रेंड्स क्लब के दीपक तिग्गा ने बताया कि कवि सम्मेलन होलियाना मूड में आयोजित कि जायेगी। तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया समारोह के मुख्य अतिथि और जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद विशिष्ट अथिति होंगे। हास्य कवि सम्मेलन में हास्य व्यग्य कवियित्रि डॉ सुनीता बेदी, गजल गायिका शोभा किरण इनायत, डॉ संध्या सिन्हां सूफी और प्रसिद्ध हास्य कवि दीपक वर्मा अपनी कविताओं से लोगों का मनोरंजन करेंगे। बताया गया कि होलिका दहन के पहले ही लोग कविता के माध्यम से रंगोत्सव का अहसास करेंगे।

## बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र राय पंचायत स्थित राय बुढमु रांची मार्ग में सौखी महतो के घर के समीप अनियंत्रित अवैध बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल हो गया। इस घटना में बाइक सवार सीसीएल कर्मी मनभावन लोहरा की स्प्लेंडर प्लस बाईक का अगला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही चुरी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी सोमनाथ महतो बाईक समेत 10 फीट खेत के गड्ढे में जा गिरा। इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि इस मामले की प्राथमिक खलारी थाना में दर्ज नहीं कराई गयी है।

## लवली लेडीज ग्रुप ने किया होली मिलन समारोह



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लवली लेडीज ग्रुप खूंटी के सौजन्य से सोमवार को स्थानीय गोल्डन पैलेस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लवली लेडीज ग्रुप की महिलाओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाये। मौके पर काफी संख्या में महिलाओं और बच्चो ने रंगों को लृत्फ उठाया। मौके पर महिलाओ ने एक दूसरे को होली की बधाई दी और सभी सखियों संग होली का जश्न मनाया। कार्यक्रम में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिया और एक दूसरे को रंग बिरंगे गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। एक स्वर में केमिकल युक्त रंगों का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गयी अफीम खेती के दुष्प्रभावों की जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गयी अफीम खेखूंटी। जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को खूंटी प्रखंड के सिम्बुकेल समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग इत्यादि जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आये।

## अड़की थाना क्षेत्र में युवक ने की आत्महत्या

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के मदहातु गांव के नरसिंह मुंडा ने अपने पत्नी के दुपट्टा से गले में फंदे लगा कर आत्माहत्या कर लिया। पत्नी से दो सप्ताह से नाराजगी चल रही थी। अड़की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए खुटी भेजा मृतक की पत्नी से पुछ-ताछ कर रही है।

## तिरुलडीह थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** तिरुलडीह थाना परिसर में सोमवार को होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की एक बैठक बीडीओ राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीओ सत्येंद्र नारायण पासवान भी मौजूद थे। बैठक का संचालन तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने किया। बैठक में कहा कि होली के इस पर्व को खुशियों के साथ और एक दूसरे को गले लगाकर मनायें एवं नशे से दूर रहें। साथ ही लोगों से प्रशासन के साथ सहयोग की अपील की ताकि होली एक सुखद और शांतिपूर्ण माहौल में मनायी जा सके। इस मौके रामलाल सिंह मुंडा, लाल मोहम्मद, सागर महतो, पीताम्बर सिंह मानकी, इंद्रजीत महतो, अब्दुल रशीद अंसारी, गाफिर अंसारी, रवि प्रामाणिक, मनोज कुमार मछुआ, भुतनाथ सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## बाल स्वास्थ्य में 515 बच्चों की हृदय जांच की गयी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत तमाड़ प्रखंड में 515 बच्चों की हृदय जांच की गयी। जिसमें एक संदिग्ध मिलें झारखंड सरकार के स्वास्थय विभाग कोल इंडिया लिमिटेड और सत्यसाई संजीवनी अस्पताल के संयुक्त प्रयास से तमाड़ प्रखंड के जीइएलचर्च मिडिल स्कूल अमलेशा और संत जोन हाई स्कूल डोरेया कन्या पाठशाला तमाड़ में कैम्प का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 0 से 15 साल के बच्चों को हृदय संबंधी बिमारी और लक्षणों की जांच की। इस मौके पे मुख्य रूप डॉ जफर इकबाल, डॉ सुषमा खलखो, डॉ सुशिला सुणडी, डॉ निखत परवीन, राधिका यादव रंजीता कुमारी, टिंकल यादव और कुजुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ के निगरानी में संपादित हूआ।

## मैकलुस्कीगंज में हरि कीर्तन और भंडारे का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** श्रीरामनगर मैकलुस्कीगंज में बजरंग बली मंदिर कमेटी के तत्वावधान में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। कीर्तन का शुभारंभ सोमवार सुबह 10 बजे हुआ, जिसमें पुरोहित सुधांशु राज शर्मा पांडे जी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यजमान नीतीश कुमार के साथ देवताओं का आह्वान किया। जिसके बाद पूरे श्रद्धा भाव से संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। कीर्तन के दौरान भजन मंडलियों ने 'हरे राम हरे कृष्ण' के संकीर्तन से माहौल को भक्तिमय बना दिया। भक्तों की सेवा के लिए अखंड कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी और खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इस आयोजन में गांव की महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। पूरे कार्यक्रम में केंद्रीय कीर्तन मंडली समिति बिजुपड़ा का विशेष सहयोग रहा।

## धर्मा योगा क्लब के ने किया होली मिलन समारोह



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के श्रमिक क्लब में धर्मा योगा की महिलाओ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी। मुख्य अतिथि मुखिया रीना देवी के द्वारा नारी सशक्तीकरण पर प्रकाश डालते हुए सभी को अंतररायष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी, साथ ही योग करने वाली सभी महिलाओं को मुखिया रीना देवी के द्वारा दरी दिया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं महिलाओं के उत्थान पर चर्चा करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस कार्यक्रम में धर्मा योगा की शिक्षक रीता रजक, अनीता राव, रेखा गुप्ता, खुशबु देवी, सुलेखा चटर्जी, बिंदु देवी, सबिता देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# अफीम के फल में चीरा लगाते एक आरोपी गिरफ्तार, 250 ग्राम अफीम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के सायको थानांतर्गत जिउरी गांव में अफीम के फल में चीरा लगाते हुए एक आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने लगभग 250 ग्राम अवैध अफीम भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी कोंता मुंडा (24 वर्ष) मूल रूप से रांची के तमाड़ थानांतर्गत प्रतापपुर गांव का निवासी है। वह जिउरी गांव स्थित अपनी ससुराल में रहकर अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहा था। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। बताया गया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि जिउरी गांव में हॉकी मैदान से आगे पहाड़ की तलहटी पर अवैध रूप से अफीम की खेती की गयी है।

खेत में तैयार अफीम के फल में कुछ लोगों द्वारा चीरा लगाने और उससे अफीम निकालने का कार्य किया जा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वहां छापामारी की और अफीम के फल में चीरा लगा रहे उक्त आरोपी को मौके पर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध सायको थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक विरासत में भेज दिया गया। छापामार टीम में सायको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे, सायको थाना के एएसआई यदु उरांव, हवलदार प्रदीप सांगा समेत अन्य आरक्षी और सैट बल के जवान शामिल थे।

## पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** होली पर्व को लेकर आज मंगलवार 11 मार्च को 4 बजे से पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गयी है। इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार थाना क्षेत्र में होली का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होने बैठक में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, राजनैतिक दल, पत्रकार सहित सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध लोगों से बैठक में शामिल होने की अपील की गयी है।

## ट्रेन की चपेट आने से हाथी की मौत



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची मुरी रेल खंड पर हेसाडीह के समीप सोमवार की शाम को हटिया टाटा पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गयी है। समाचार लिखे जाने तक ट्रेन अभी भी खड़ी है, पैसेंजर भी फंसे हुए है। जानकारी के मुताबिक ट्रेन अपने गति से आ रही थी कि अचानक हाथी पटरी से गुजरते हुए ट्रेन के चपेट में आ गयी। समाचार लिखे जाने तक आठ बजे तक वन विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा है।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में होली पर्व एवं ईद उल फितर के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर सभी समुदाय के लोगों से विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व एवं ईद उल फितर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखा जायेगा एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी शेयर करने और असमाजिक भड़काऊ गाने बजाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। शांति समिति की बैठक के मौके पर बीडीओ खगेश कुमार, थाना प्रभारी चंदन कुमार सविता देवी, विकास सिंह मुंडा, फणीभूषन सिंह मुंडा, प्रधान सिंह मानकी रूपकुमार साहु, निशिकांत गोंझु,सृष्टि मंडल, दशरथ भगत, आनन्द विद आदि मौजूद थे।

## चिल्ड्रेंस हैवेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेंस हेवेन पब्लिक स्कूल बुण्डू में वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल फुटबॉल क्रिकेट रिले रेस लौग जंप, हाइ जंप और कब्बडी आदि खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय के वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमश निकलेश उरांव, अंजली कुमारी एवं मोनिका कुमारी को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उलगुलान फाउंडेशन के सचिव और समाजसेवी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, आजाद सिपाही के संवाददाता स्वरूप भट्टाचार्य मुख्य रूप से उपस्थित हुए। विधालय के छात्र छात्राओं को खेल कुद प्रतियोगिता में अव्वल आये विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक दीपक कुमार मांझी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधालय के शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित रहे।

## होली को लेकर बुंडू थाना में शांति समिति की बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना परिसर में होली का त्यौहार को लेकर बुंडू एसडीओ किष्टो कुमार बेसरा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। लोगों ने रमजान के महीने में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कई सुझाव दिये शराब पर अंकुश लगे, डीजे पर भी पाबंदी लगे। इस मौके पर बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, सीओ हंस कुमार हेंब्रोम, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी साडिल, महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा, अनूप कुमार, रोशन महतो, राम महतो गुड्डू कैलाश हलवाई सहित के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## अड़की में शांति समिति की बैठक



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने को लेकर बीडीओ गणेश महतो की अध्यक्षता में थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी अड़की के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आपसी सौहाद्र वातावरण में होली का पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। शांति समिति की बैठक में प्रखंड के प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा, परशुराम दास, गोपाल स्वर्णकार, प्रदीप साहू, मोती पातर, नीरज कुमार सिंह, बुधन लाल मुंडा, कयूम अंसारी, आबिद अंसारी, विपिन दास और अन्य वरिष्ठ गण लोग उपस्थित थे।

## राघव मोटर पार्ट्स दुकान का हुआ उद्घाटन




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के एसबीआइ की निकट राघव मोटर पाट्र्स दुकान का उद्घाटन हुआ। राघव जायसवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर सुनील जायसवाल, दिनेश जायसवाल राजीव जायसवाल, रोशन महतो, मनोज गुप्ता, प्रेम चौधरी, सुफेन महतो सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित हुए।

## हर्बल गुलाल बनाने के लिए जेएसएलपीएस से 65 दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रंगों के त्यौहार होली में केमिकल मुक्त होली खेलने को लेकर बुंडू के जेएसएलपीएस के बनाबुरू महिला किसान उत्पादन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से सखी मंडल की दीदीयों के द्वारा हर्बल गुलाल का उत्पादन बुंडू प्रखंड के राजीव गांधी सेवा केंद्र में किया जा रहा है। बीटरूट प्लस फुल पालक हल्दी के द्वारा सुगंधित गुलाल से निर्माण किया जा रहा है। जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार के द्वारा बताया गया कि हर्बल गुलाल बनाने के लिए जेएसएलपीएस से 65 दीदीयों को प्रशिक्षण दिया गया, जो हर्बल गुलाल बनाकर अपना जीविका उपार्जन कर रहे हैं।

## होली-रमजान को लेकर बेड़ो, रातू, इटकी थानों में शांति समिति की बैठक

# हुड़दंग और अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर : डीएसपी

## होली आपसी भाइचारे का त्योहार, इसे मिलजुल कर मनायें : सीओ

**कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि देखने पर पुलिस को सूचना देने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो थाना में पदाधिकारी एवं शांति समिति के लोग एक-दूसरे को अबीर लगाते हुए।

**बेड़ो/रातू/इटकी।** होली और रमजाम महीने के जुमा की नमाज एक ही दिन पड़ जाने पर प्रशासन बेहद चौकस है। इसे लेकर बेड़ो थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सीओ प्रताप मिंज ने की। सीओ ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और उमंग के साथ मनाएं। किसी प्रकार के हुड़दंग से बचें। संदिग्ध गतिविधियों और संदिग्ध लोगों की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। वहीं डीएसपी अशोक कुमार राम ने कहा कि होली के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सजग है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस से संपर्क करें। होली में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वाहन चालक कागजात साथ में रखें और दुपहिया वाहन हेलमेट का उपयोग जरूर करें। जांच में पकड़े जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। कहा कि पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर क्षेत्र में विशेष सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। इधर, बैठक के दौरान मिठाई खिलाकर और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गयी। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ सुमित्रा कुमारी, डॉ सनल सोनू बरवार, राजेश कुमार, उपप्रमुख मोददसिर हक, मुखिया सुशांति भगत, प्रबला केरकेट्टा, कुंवारी खलखो, नवदीप महतो, बलराम सिंह, नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मुन्ना बड़ाइक, चरवा उरांव, गणेश महथा, शरीफ बड़ाइक, शंकर बड़ाइक, मो शमशाद, मतीन अंसारी आदि मौजूद थे।

### शराब एवं मादक पदार्थ बेचने पर रहेगी पाबंदी

रंगों का त्योहार होली को लेकर रातू थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रातू बीडीओ शैलेंद्र चौरसिया ने की। बैठक में आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान लोगों ने प्रशासन से शराब और मादक पदार्थ बेचने पर पाबंदी लगाने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाने अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने किसी भी अप्रिय घटना की आशंका होने पर तुरंत प्रशासन को खबर देने की अपील की। वहीं, बीडीओ शैलेंद्र चौरसिया ने कहा कि कोई भी संवेदनशील पोस्ट सक्रिय ना करें। भड़काऊ गाने बजाने वालों पर भी कार्रवाई की जायेगी। होली से पूर्व अवैध रूप से बेची जा रही शराब एवं मादक पदार्थ को पूर्ण रूप से बंद करने के लिये अभियान चलाया जाएगा। शांति समिति के सदस्यों ने होलिका दहन की रात पुलिस गस्ती तेज करने की मांग की। साथ ही लोगों ने पुलिस से शिकायत की कि पान दुकान, स्टेशनरी, और सड़क किनारे दुकानदार लगाने वाले मादक पदार्थो की बिक्री करते है। जिससे युवा पीढ़ी नशा का शिकार हो रही है। वहीं, कमेटी के लोगों को पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मादक पदार्थ बेचनेवाले दुकानदारों के खिलाफ जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक का संचालन उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी ने किया। इस अवसर पर बेलाल अंसारी, जयंत पांडेय, रामाधीर तिवारी, शमीम मंसूरी, महावीर विश्वकर्मा, मियां जान अंसारी, मुंतजिर खान, राजकुमार साव, संजीव तिवारी, इमरान खान, फूलकुमारी देवी, कामेश्वर महतो और असलम अंसारी आदि मौजूद थे।

### दूसरे समुदाय के लोगों को जबरन रंग-गुलाल नहीं लगाने की दी गयी हिदायत

**इटकी (आजाद सिपाही)।** होली त्योहार लेकर इटकी थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें कई अहम निर्णय लिये गये। इसमें 14 मार्च को होली त्योहार मनाने के साथ ही 13 मार्च की रात 11.26 बजे होलिका दहन के साथ संबंधत काटे जाने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस बार 14 और 15 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाना है। बताया गया कि इटकी में आठ प्रमुख स्थलों के अलावा आसपास के गांवों में पारंपरिक तरीके से होलिका दहन किया जायेगा। इस दौरान शराब सहित अन्य मादक पदार्थों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। वहीं, हुड़दंगियों पर पुलिस कड़ी नजर होगी। किसी दूसरे समुदाय के लोगों को जबरण रंग-गुलाल नहीं लगाने की शख्त हिदायत दी गई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल और अधिकारी तैनात रहेंगे। होली के पूर्व प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला जायेगा। डीएसपी अशोक कुमार राम ने लोगों से आपसी भाइचारे के साथ होली त्योहार को मनाने की अपील की है। बैठक में बीडीओ गौतम कुमार, डीएसपी अशोक कुमार राम, सीओ मो अनीश, थाना प्रभारी मनीष कुमार, डॉ रेणू तिर्की, उप प्रमुख परवेज आलम आदि मौजूद रहे।

## विधायक सुरेश बैठा ने खलारी, बुढ़मू और कांके में डिग्री कॉलेज बनाने की मांग की



**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के चल रहे सत्र में कांके विधायक सुरेश बैठा ने खलारी, बुढ़मु और कांके में डिग्री कॉलेज बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन से मांग की कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज शीघ्र बनाया जाए, क्योंकि खलारी, बुढ़मु और कांके को मिलाकर लगभग 60 पंचायत हैं। यहां के छात्र-छात्राओं को 60 किलोमीटर की दूरी तय कर रांची पढ़ने जाना पड़ता है। इसलिए यहां पर डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाए। ताकि यहां के युवाओं को शिक्षा ग्रहण करने में आसानी हो और यहां की गरीब जनता के बच्चे डिग्री कॉलेज में पढ़कर शिक्षित हो सके। यहां डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण अधिकांश गरीब छात्र-छात्राएं आधे में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर होते हैं। सुरेश बैठा ने बताया कि कांके विधानसभा क्षेत्र के लोगों की यह वर्षो पुरानी मांग है कि क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया जाए। ताकि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उच्च शिक्षा मिल सके। इसी कारण मैं उन युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए सदन में डिग्री कॉलेज बनाने की मांग लेकर अपनी आवाज बुलंद कर रहा हूं। वहीं, विधायक द्वारा सदन में डिग्री कॉलेज की मांग और आम जनता की आवाज को उठाने के लिए कांके विस क्षेत्र के लोगों विधायक के आवासीय कार्यालय प्रभारी गौरी शंकर महतो, अशोक महतो, मनीष महतो, राजू दुबे, अरविंद सांगा, प्रमोद कुजूर, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, लालचंद सोनी और विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी आदि ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान, डीसी को ज्ञापन देकर मरम्मत कराने की मांग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** हुंडरू फॉल पक्की सड़क से सिरका सुनूवा बेड़ा पथ की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। काफी दूर तक सड़क का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। जहां सिर्फ रोड़ा उभर कर सामने आ गया है। हालत यह है कि इस सड़क पर वाहन से चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के समय सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। वहीं, जर्जर सड़क के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इधर सड़क की बदतर हालत को देखते हुए सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सोमवार को डीसी को ज्ञापन सौंपा। जिसके जरिए जनहित में यथाशीघ्र सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की गई। ज्ञापन में मुखिया रोशनलाल मुंडा ने याद दिलाया कि पूर्व में उक्त जर्जर सड़क का निमार्ण नहीं कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान का बहिष्कार तक कर दिया था। बाद में स्थानीय प्रशासन द्वारा सड़क बनवाने के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीण मतदान के लिए राजी हुए थे। आज विधानसभा चुनाव हुए पांच महीना गुजर गए पर अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। इस मौके पर मुखिया के साथ ग्रामप्रधान बाबूलाल मुंडा, रामजीत नायक, किशुन महतो, विजय चौधरी, सोहन महतो, जितेन्द्र महतो, सोमरा मुंडा, जलेश महतो, बलेश चौधरी, कृष्णा महतो, सकल मुंडा, भोला नायक, सेवालाल महतो, रंथु मुंडा और श्याम महतो आदि मौजूद थे।

## महिलाएं घर ही नहीं, पूरे देश की शान: नीरा यादव



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा रांची जिला ग्रामीण की ओर से महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नेहा सिंह ने की। इसमें कोडरमा विधायक नीरा यादव भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल घरों की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की शान है। समाज को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को सशक्त करना बेहद जरूरी है। प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का असली अर्थ महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करना है। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### लापुंग थाना में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में होली त्योहार को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। लगे हाथ होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बेड़ों के पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम और लापुंग बीडीओ उषा मिंज ने किया। इस अवसर पर पुलिस उपाध्यक्ष अशोक राम ने सभी को मिलजुल कर होली का त्योहार शांति पूर्वक मनाने को कहा। होली में किसी प्रकर का अश्लील गाने जना और जबरन किसी को रंग-गुलाल नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी। कहा कि पुलिस और आम जनता मिलकर अपराधियों पर अंकुश लगा सकती है। वहीं, बीडीओ ने कहा कि रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में साउंड स्पीकर नहीं बजाने का निर्देश दिया। दूसरी ओर, मौके पर उपस्थित शांति समिति के लोगों ने भी अपनी-अपनी राय दी। इसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी गिले शिकवे भूलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी गयी।

### सतत प्रयास से मिलती है सफलता : पद्मश्री पूर्णिमा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पद्मश्री पूर्णिमा महतो ने कहा कि महिला दिवस खुद को पहचानने का एक अवसर है। अगर हम लगातार प्रयास करते हैं तो समाज साथ देता है। यह एक दिन में नहीं होगा। प्रतिभा में निखार के साथ ही हम शीर्ष की ओर बढ़ते हैं। वे उषा मार्टिन में विश्व महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को स्मरण करते हुए बताया कि मेरी सफलता में परिवार का अहम योगदान है। मुझे खुद पर विश्वास था, जिसे बाद में लोगों का सहयोग मिलता गया। वहीं, कारखाना के कार्यकारी निदेशक एसबीएन शर्मा ने कहा कि प्रतिष्ठान में महिलाओं को समान अवसर मिलता है और उन्हें समान रूप से आगे बढ़ने की आजादी है। एचआर हेड एनएन झा ने कहा कि सभी के लिए समान अवसर है। समानता के आधार पर महिलाओं को आगे बढ़ने में प्रोत्साहित किया जाता है। डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि भारत में मातृभाव के कारण महिलाओं को आगे बढ़ने की पूरी संभावना होती है। इस मौके पर आरके जायसवाल, मुकुल विश्वास ,सुमित कुमार, प्रिया बागची, नृपेन, माया ठाकुर, स्नेहा जी और विरौती जी आदि उपस्थित थीं।

### नगड़ी में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी नया बाजारटांड में प्रखंड झामुमो कमेटी के पाटी कार्यालय में सोमवार को विनोद तिर्की के नेतृत्व में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें थाना प्रभारी अभिषेक राय, सीओ राजेश कुमार, अंचल निरीक्षक अशोक सिंह, बीडीओ दिपाली भगत, सीडीपीओ लक्ष्मी भारती, प्रखंड खाद्य आपूर्ति छबि बैठा, जिला परिषद पुनम देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद माता के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर परिसर में ग्रामीणों द्वारा नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी के मंदिर के 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव के 10वें दिन सोमवार को पूर्णाहुति और महाप्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। इस दौरान परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य अंचल पाठक, मृत्यंजय पाठक, विकास पाठक, नरोत्तम पांडेय, भारतेन्दु द्विवेदी, धुव मिश्रा और आशुतोष पांडेय आदि की अगुवाई में हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीचमां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। जिसके बाद मंदिर का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया। पट खुलते ही मां दुर्गा के अलौकिक दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मंदिर प्रांगण में 12 घंटे का अखंड हरिकृतन हुआ। इस मौके पर जितेंद्र पाठक, अशोक पंडा, सोनू पंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, भवानी शरण सिंह आदि मौजूद थे।

### संजय सेठ ने किया स्वस्थ रहने की कला एक्यूप्रेशर नामक पुस्तिका का विमोचन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची की ओर से प्रकाशित स्वस्थ रहने की कला नामक एक्यूप्रेशर पुस्तिका का विमोचन सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। उन्होंने एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक्यूप्रेशर के माध्यम से कई बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है, बस जरूरत इसे अपनाने की है। वहीं, एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने कहा कि खुद को स्वस्थ रखने की यह कला अपने आप में एक मिशाल है। यदि हम नियमित रूप से एक्यूप्रेशर का उपयोग करें, तो हमें किसी दवा या जांच की आवश्यकता नहीं होगी। यदि एलोपैथी चिकित्सा का कोई विकल्प है, तो वह एक्यूप्रेशर ही है। इस मौके पर डेंटल सर्जन डॉ. राहुल कुमार, डॉ दिनेश सिंह, डॉ बलराम महतो, डॉ राहुल, डॉ. प्रीति कुमारी, चंदन मिश्रा, सरयुग प्रसाद, विनोद अग्रवाल, अमित मिश्रा आदि शामिल थे।

### ज्ञान भूमि परिवार के होली मिलन समारोह में उमड़ा उल्लास

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** होली के रंग और उमंग के बीच ज्ञान भूमि परिवार के बैनर तले होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। केतारी बागान रोड नंबर 9 स्थित मां का आशीर्वाद भवन में सोमवार को संपन्न कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कर्नल बीके सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

### कुआं में गिरकर दुर्लभ प्रजाति के हिरण की मौत

**पिठोरिया (आजचाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत ऊपर कोनकी गांव में सोमवार की सुबह 11 बजे किसानों को खेत में एक हिरण दिखा। किसानों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह घबड़ाहट में भागते हुए एक गहरे कुआं में गिर गया। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना वाइल्ड लाइफ स्नेक रेस्क्यूवर पिठोरिया निवासी उमाशंकर कुमार और स्नेह शुभम को फोन किया गया. जिसके बाद दोनों आनन-फानन में मौके पर पहुंच गये। उन्हें पता चला कि यह एक यह चौसिंगा हिरण है जिसका वैज्ञानिक नाम टेट्रासेरस क्वॉड्रिकॉरनिस है। एक छोटा ऐंटीलोप है, जो भारत और नेपाल के खुले जंगलों में हिरण की प्रजाति है। हालांकि लाख कोशिशों के बावजूद हिरण को जीवित बचाया नहीं जा सका। हिरण को कांके प्रखंड के फॉरेस्ट रेंजर को सौंप दिया गया है। जिसका पोस्टमार्टम होने पर मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

### राजकुमार महतो अध्यक्ष और अंजय बैठा बने मुख्य संरक्षक

**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू बाजारटाड़ में श्रीश्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति और सुकुरहुटू डोल मेला समिति की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2025 के पदाधिकारी और कार्यकारिणी समिति का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से राजकुमार महतो को तीसरी बार अध्यक्ष और मुख्य संरक्षक अंजय बैठा को चुना गया। वहीं, शिवकुमार संतोषी को कार्यकारी अध्यक्ष और गौरी शंकर महतो को संयोजक घोषित किया गया। वहीं, राजकुमार महतो ने कहा कि वर्तमान कमेटी ने काफी कार्य किया है। वहीं, मुख्य संरक्षक अंजय बैठा ने कहा कि महावीर मंडल की सदस्यता सालों भर लोग ले सके। इस मौके पर सचिव फूलेश्वर बैठा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार महतो, उपाध्यक्ष गौरीशंकर प्रजापति, उमेश साहू, बेनीराम महतो, सीताराम चौधरी, महेंद्र महतो, सीताराम मुंडा, सह सचिव पुरुषोत्तम दास गोस्वामी, सह कोषाध्यक्ष राजेश महतो, अनूप लोहरा, मंत्री अनिल मुंडा, महामंत्री शत्रुधन महतो, संयोजक रूपलाल महतो, नागेंद्र महतो, गौरीशंकर महतो और सह संयोजक जगरनाथ महतो आदि बने।

### विधायक सुरेश बैठा के आवासीय कार्यालय प्रभारी बनाये गये गौरी शंकर महतो



**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू निवासी कांग्रेस के समर्पित और वरीय नेता गौरीशंकर महतो को विधायक सुरेश बैठा ने अपने आवासीय कार्यालय का प्रभारी नियुक्त किया है। विधायक ने इस कार्य की जिम्मेदारी देते हुए कहा कि कार्यालय से सरकारी और गैर सरकारी पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्य का पूरी लगन एवं निष्ठा से कार्य करें और विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत करें। साथ ही कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों से भी समन्वय बनाकर संगठन और पार्टी के हित में कार्य करते रहेंगे। वहीं, गौरी शंकर के प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक राजेश कच्छप, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, अशोक कुमार महतो, मनीष महतो, रामदेव सिंह, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, मदन कुमार महतो, गुलजार अहमद आदि ने बधाई दी है।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर गोष्ठी का आयोजन

# अटल जी का नेतृत्व और राष्ट्रवाद की भावना हमेशा हमें प्रेरित करती रहेगी : डॉ दिनेशानंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री और झारखंड राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष (2024-25) के अवसर पर भाजपा रांची ग्रामीण जिला की ओर से सोमवार को दड़दाग के आरटीसी कॉलेज सभागार में 'अटल विरासत सम्मेलन' पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने अटल जी के आदर्शों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का नेतृत्व और राष्ट्रवाद की भावना हमेशा हमें प्रेरित करती है। वहीं, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अपने जीवन काल में अटल जी से जुड़ी घटनाओं के साथ उनके जीवन दर्शन, उनके विकासात्मक दृष्टिकोण और झारखंड राज्य की स्थापना में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने अटल जी की काव्यात्मक सोच, सशक्त नेतृत्व और देशभक्ति भावना का स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, रंधीर चौधरी, प्रभुदयाल बढ़ाइक, अमरनाथ चौधरी, सुधाकर चौबे, शैलेंद्र मिश्रा, दिलीप मेहता, शशि मेहता, महानंद महतो, अनुराधा मुंडा, रामसाय मुंडा, चतुर साहू, राजधाम साहू और नीलमोह पाहन आदि उपस्थित रहे।

### बेड़ो के बारीडीह गांव में पड़हा समाज की बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव के पड़हा जतरा बगीचा में रविवार को पड़हा संचालन समिति की संरक्षक निलमनी भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पड़हा समाज की पारंपरिक व्यवस्था की एकरूपता को बनाए रखने को लेकर चर्चा की गयी। केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की संरक्षक निलमनी भगत ने कहा कि पड़हा व्यवस्था हमारे समाज में कायम रहे, इसके लिए सभी लोगों को आगे आने और एकजुट रहने की जरूरत है। पड़हा व्यवस्था की ही देन है कि हमारा समाज सशक्त है। कहा कि सरकार पंचायत की चुनाव प्रक्रिया ना करें और सभी विकास योजनाओं को सीधे पड़हा, मांझी, परगनइत और डोकलो सोहोर को सवैंधानिक तौर पर हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार पड़हा व्यवस्था को सौंपे। वहीं 12 पड़हा राजा विशाल उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत है। बैठक में पड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव, केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, सचिव धनंजय कुमार राय, सतीश उरांव, विनोद भगत दीवान, विरूवा उरांव, घीनु उरांव, एतवा उरांव, प्रभाकर कुजूर, प्रो सोमरा उरांव, रवि निरंजन टोप्पो के अलावा संचालक 24 पड़हा दिवान भौआ उरांव, संजू उरांव, 12 एवं 21 पड़हा के संयुक्त सचिव चरवा उरांव, लोहरा उरांव, सुका महतो, दिवाकर गिरी और बिगू भगत आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# टोंगो में रेलिंग से टकराकर एक की मौत, दो रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझर गांव निवासी 16 वर्षीय शुभम कुजूर पिता त्योफिल कुजूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वहीं बांझर गांव निवासी दो लड़के अश्विन बरवा और लॉरेंस कुजूर को सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुभम अपने दो साथियों के साथ बाइक से रविवार की शाम 5:30 बजे बेंदोरा से बंझर अपने गांव लौट रहा था तभी टैंगो के पास बाइक अनियंत्रित हो गया और तीनों रेलिंग से टकरा गये। घटना में शुभम कुजूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना बाद चैनपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। वही दोनों



घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। शुभम जारी प्लस टू विद्यालय में 12 वीं की कक्षा में पढ़ाई करता था। घटना में उसके सीने में गंभीर चोट लगी थी। बाइक अश्विन चला रहा था। बताया जाता है कि तीनों ने बेंदोरा गांव में शराब का सेवन किया। जिसके बाद तेज रफ्तार बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। दोनों घायलों का रिम्स के रांची में इलाज चल रहा है। जबकि शुभम के शव का सोमवार की दोपहर 12:00 बजे पोस्टमार्टम कर परिजनों का सौंप दिया गया।

# बैंक से लोन लेकर महिलाएं रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ऑफिस, गुमला शाखा का उद्घाटन विधिवत रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुमला जिले में बैंक ऑफ इंडिया के कई ब्रांच हैं। जिसकी बैंकिंग सेवा का लाभ सभी लोग परस्पर लेते हैं। अब यहां डीसी ऑफिस के प्रांगण में बैंक ऑफ इंडिया की नयी शाखा खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। अब लोगों को बैंक के काम हेतु दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया आप सभी दीदियों जो



कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं उनके लिए सदैव तत्पर है। महिलाओं को रोजगार हेतु बैंक में कई प्रकार के लोन उपलब्ध हैं जिसका लाभ लेकर आप अपना व्यवसाय शुरू कर खुद को आत्मनिर्भर बना सकती हैं।

इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया के जोनल महाप्रबंधक मनोज कुमार ने उपायुक्त को धन्यवाद देते हुए कहा कि उपायुक्त महोदय के सहयोग से ही ऑफिस के प्रांगण में बहुत ही कम समय में इस नयी शाखा का निर्माण हो पाया है। उन्होंने वहां मौजूद सभी ग्रामीण महिलाओं को बैंक द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया। साथ हीं साथ उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ आपतक सुलभ तरीके से पहुंचे इस हेतु बैंक सदैव तत्पर है। महिलाओं को उन्होंने किसान ऋण, केसीसी ऋण, कृषि वाहन ऋण एवं लखपति दीदी योजना एवं अन्य ऋण के संबंध में जानकारी प्रदान की।

उद्घाटन समारोह के दौरान वहां उपस्थित कई लोगों को ऋण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसमें डुमरी प्रखंड के नागेंद्र प्रसाद को कृषि वाहन योजना के तहत 4.65 लाख की स्वीकृति दी गयी। गुमला प्रखंड के छोटू महतो को पोल्ट्री फार्म खोलने हेतु 2.5 लाख रुपये की ऋण उपलब्ध करायी गयी है। भरनो प्रखंड के प्रयाग गोप एवं कलावती देवी को डेयरी फार्म खोलने हेतु 1.8 लाख रुपये की ऋण स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना परिसर में सोमवार को होली पर्व और रमजान माह को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ जोसेफ कंडुलना की अध्यक्षता में हुई। बीडीओ ने कहा कि पूर्व की भांति ही होली का त्योहार शांति पूर्ण, भाइचारगी और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। किसी को इच्छा के विरुद्ध रंग अबीर ना लगायें। बसिया सर्किल इंस्पेक्टर जितेन्द्र राम ने कहा कि पर्व में शराब के नशे में हुड़दंग करने पर पुलिस कड़ी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने कहा कि पिछले बार इस बार भी शांति पुर्वक होली का त्योहार मनाया जायेगा। इस पर्व में भी कोई ऐसा भड़काऊ पोस्ट ना करें या उसे अग्रसारित ना करें अन्यथा पुलिस प्रशासन भादवी की सुसंगत धाराओं के साथ कार्रवाई करेगी ।साथ ही बिना हेलमेट का वाहन ना चलायें। देसी विदेशी शराब पुर्ण रूप से बंद रहेगा। शराब के कारण से दुर्घटना होती है। दुर्घटना से बचें अपने जीवन को सुरक्षित रखें। उसके बाद अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को रंगों का त्योहार की शुभकामनाये दी। इस बैठक में उप प्रमुख शकुंतला देवी, बडाईक तारकेश्वर सिंह, राजु साहु, मुकेश नाग, अलाउद्दीन खां, अजीमुद्दीन खां, विमल केरकेट्टा, शैल्य कुमार साहू, रामाकांत साहु, नवीन गुप्ता, अनीरूध ठाकुर, असवनी ओहदार, मुखिया बिरेंद्र सुरीन,लवली तोपनो, फैड्रिक तोपनों, सुगड़ तोपनों, पीएलवी अनिल साहु समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## 15 को होने वाला डोल समारोह स्थगित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हापामुनि गांव में आगामी 15 मार्च को मंदिर के समक्ष चबूतरा में होने वाले डोल समारोह कार्यक्रम स्थगित कर दी गयी है। इस आशय की जानकारी हापामुनि गांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए महामाया मंदिर के पुजारी प्रदीप मनी पाठक ने बताया कि हापामुनी महामाया मंदिर पुजारी परिवार में सड़क दुर्घटना में घायल विगत 5 मार्च को हेमंत कुमार पाठक की मृत्यु हो गयी थी। जिसके कारण मंदिर के पुजारी 13 दिनों तक किसी भी तरह की पूजन पाठ नहीं कर सकेंगे और न ही मंदिर में प्रवेश करेंगे। जिसके कारण डोल समारोह में मंदिर से मां की मूर्ति को बाहर नहीं लाया जा सकेगा। इस कारण उक्त डोल समारोह को स्थगित किया गया है। बता दें की डोल समारोह में कई जिलों से भक्त लोग उक्त कार्यक्रम को देखने आते है। मौके पर पूर्व मुखिया आदित्य भगत, नीलेश मणि पाठक, अजित मणि पाठक, रुपेश साहु सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मिशन वात्सल्य योजना का लक्ष्य बच्चों को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान करना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड प्रशासन और चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मिशन वात्सल्य अन्तर्गत रायडीह प्रखंड में बाल संरक्षण तंत्र का सुदृढ़ीकरण देतु एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिनी संस्था के आश्रय एक्का ने मौजूद लोगों को बताया कि सिनी संस्था रायडीह प्रखंड के पांच पंचायत के 22 राजस्व ग्राम में काम कर रही है जहां परियोजना के अंतर्गत जोखिम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़कर सुरक्षा प्रदान करने का काम कर रही है। वहीं केन्द्र सरकार की एक योजना है जो मिशन वात्सल्य है इसके अंतर्गत हमें बच्चों को विशेष ध्यान देते हुए संरक्षण और सुरक्षा प्रदान



करना है। जिसके लिए मिशन वात्सल्य के तहत जो गाइड लाइन जारी की गयी है और जो सुरक्षा तंत्र को जिम्मेदारी दी गयी है उन्होंने क्षेत्र में जोखिम स्थिति में रहने वाले बच्चों के उपर काम करना होगा। साथ ही साथ जोखिम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों व उनके परिवार वालों को सरकारी योजनाओं से लिंकेज कराते हुए लाभ दिलाना होगा तभी उनकी जोखिम स्थिति कम हो पायेगा। मौके पर प्रमुख ममता सोरेंग, उपप्रमुख दीपक कुजूर, बीडीओ प्रधान हंसदाक, थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, हिमांशु कुमार गुप्ता, चुंया कुजूर, गीता कुमारी, आभा गुप्ता, आशा सुचिता एक्का, मार्था एक्का, कांता एक्का, प्रदीप मिश्रा, किशोर साहा, खुर्शीद आलम, जितेन्द्र सत्पती, बैजन्ती देवी, संतोषी तिर्की, सत्यभामा दास, विद्यावती कुमारी, अंकीता मिंज, अनिश एक्का आरती कुमारी राफिया आरसी सहित कई लोग मौजूद थे।

# होलिका दहन में सिर्फ लकड़ी जलायें, प्लास्टिक नहीं : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना में सोमवार की अपराह्न 4 बजे संपन्न शांति समिति की बैठक में सामाजिक सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचल अधिकारी हरीश कुमार, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने शांति समिति के सदस्यों से शांति, सद्भाव और आपसी भाइचारा के साथ होली पर्व मनाने पर चर्चा की। कहा कि पर्व त्योहार खुशियों का होता है। खुशी में खलल डालने का किसी भी स्तर से प्रयास नहीं होना चाहिए। कहा गया कि अपने निर्धारित स्थल में होलिका दहन का कार्यक्रम करें जिसमें सिर्फ लकड़ी जलायें। प्लास्टिक या अन्य सामग्री को आग में नहीं डालें। इंटरनेट मीडिया पर अफवाह की खबरों की पुष्टि करने के बाद ही अग्रसारित करें। किसी प्रकार की अफवाह आशंका की स्थिति में सबसे पहले पुलिस को सूचना दें। तेज रफ्तार बाइक, नशापान और अफवाह आदि पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। होली के दिन हर्बल रंग और अबीर का प्रयोग करें। जबरदस्ती किसी को रंग अबीर नहीं लगायें।



## ऑनलाइन शॉपिंग से स्थानीय बाजार प्रभावित : रमेश कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने होली-ईद आदि त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी पर जोर दिया है। कहा कि अब होली और ईद करीब है लेकिन बाजार में पूर्व की भांति रौनक नहीं दिख रही है। चूंकि स्थानीय बाजार को ऑनलाइन मार्केट ने प्रभावित कर दिया है। गुणवत्ता की गारंटी के बिना भी लोग ऑनलाइन खरीदारी को महत्व दे रहे है। इससे स्थानीय बाजार और दुकानदारों की स्थिति बिगड़ रही है। इसलिए लोग ऑनलाइन के बजाय लोकल बाजार से खरीदारी करें। इसके अलावे पर्व के उत्साह में नशापान से दूर रहें। वाहन धीरे चलाये ताकि हादसों से बचा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि गुमला की परंपरा को बरकरार रखते हुए आपसी एकता और मिल्लत के साथ होली का त्योहार मनायें और घर-समाज में खुशियां बांटें।

## जिप सदस्य ने डीएमओ से अबुआ आवास और पीसीसी निर्माण में बालू उपलब्ध कराने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग ने जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार से मिलकर गांव में हो रहे विकास कार्य जैसे अबुआ आवास, पीसीसी निर्माण आदि में सुलभ रूप से बालू उपलब्ध कराने का मांग की। जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग ने कहा कि स्थानीय स्तर पर अनेक विकास कार्य चल रहे है जिसमे ट्रेक्टर संचालकों द्वारा बालू की सप्लाई की जाती है वही दूसरी ओर बालू परिवहन करने से प्रशासनिक कारवाई भी बालू ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर संचालकों ओर चालको के खिलाफ होता है। जिसका परिणाम यह हो रहा है कि लोग चोरी छिपे बालू सप्लाई करने है और जो बालू कुछ वर्ष पूर्व चार से पांच सौ रुपये में उपलब्ध हो जाती थी आज वही बालू कार्रवाई के नाम पर 1500 से 2000 रुपये में आम जनता खरीदने को मजबूर है। जीप सदस्य ने जिला खनन पदाधिकारी से कहा कि वे वैध तरीके से प्रत्येक पंचायत स्तर में चालान इत्यादि उपलब्ध कराये या कोई व्यवस्था बनाये जिससे सरल तरीके से लोग सरकार को राजस्व देकर बालू ले सके और सभी विकास कार्य सुचारू रूप से हो सके। जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार द्वारा जल्द ही इस समस्या का समाधान होने की बात का आश्वासन दिया है। इस मौके पर तेतरा मुखिया रतिया उरांव, अरुण मिश्रा, सुरेंद्र साहू, दिलीप तिर्की उपस्थित थे।

# सरना टोली में शबरी जयंती मनाते हुए शहर में निकाली शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर के सरना टोली में सोमवार की अपराह्न 3 बजे शबरी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केडीएन सिंह, विशिष्ट अतिथि राजनाथ महतो, फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव, समिति के अध्यक्ष विष्णु राम, सचिव मुकेश राम, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम अखिल भारतीय भुइयां समाज के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज को एकजुट रखने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षा पर जोर देते हुए कहा सभी अपने बच्चों को विद्यालय भेजें। एक ही बच्चा विद्यालय जाने से वंचित न रहे। पढ़ लिखकर ही बच्चे अपने



भविष्य को संवार सकते हैं। मंचीय कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों के द्वारा शहर में शोभा यात्रा निकाली गयी। जो सरना टोली से होते हुए पालकोट रोड़ पहुंचा जिसके बाद टावर चौक से मेन रोड जशपुर रोड होते हुए डीएसपी रोड होकर वापस कार्यक्रम स्थल आकर समाप्त हो गया। इस बीच काफी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में सबसे आगे समिति के पदाधिकारी चल रहे थे जिसके पीछे डीजे की धुन पर युवक और युवतियां नाचते झूमते जयकारा लगाते आगे बढ़ रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू राम, तपन राम, प्रदीप राम, कन्नी लाल राम, गणेश राम, बजरंग राम, दुर्गा राम, अमित राम, रेखा राम, मनोज राम, पप्पू राम, कुलदीप राम, होजो राम, सूरज राम सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत पर गुमला में हुई आतिशबाजी, मनाया जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैंपियन ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। भारत की जीत के बाद रविवार की रात 10:30 बजे शहर के टावर चौक व अन्य स्थानों में खेल प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी की वही तिरंगा के साथ बाइक में सवार होकर पूरे गुमला शहर का भ्रमण किया इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे भी लगाये जा रहे थे। टावर चौक में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस बीच खेल प्रेमी नाचते गाते झूमते नजर आये। जश्न में में महिलाएं भी शामिल थी बता दे की भारत में




चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया दुबई में रविवार को खेले गये फाइनल मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी कठिन विकेट पर भारत के सामने 252 रनों का लक्ष्य रखा भारत ने 6 गेंद रहते यह मैच जीत लिया। इस मैच में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को स्पिन के जाल में फंसा कर रखा।

## होली को लेकर होटल में की गयी छापेमारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** होली त्योहार को लेकर गुमला के होटलों में मिठाई बनाने वाले खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच तेज कर दी गयी है। आम लोगों को मिलावटी मिठाई या अनहेल्दी फूड की बिक्री ना हो इसको लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच की जा रही है। इसके तहत आज सोमवार को बसिया प्रखंड में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान चंदा ढाबा लोगा, साहू ढाबा पतरु बसिया, अमित स्टोर लोगा, रिलायंस रिटेलर लिमिटेड स्मार्ट कोनबीर में छापेमारी की गयी और साथ ही चंदा ढाबा और साहू ढाबा से पनीर का सैंपल ले कर रांची लेब जांच के लिए भेजा गया। साथ ही एक्सपायरी सामग्री प्रतिबंधित कलर न्यूजपेपर खाद्य पदार्थों को उचित तरीके से ढक कर रखने का निर्देष दिया गया। साथ ही कोफ्टा 2003 के तहत छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान निकोटीन और तंबाकू विक्रेताओं को पकड़ा गया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चेतावनी दी गयी और भविष्य में तंबाकू न बेचने की सक्त हिदायत दी गयी। अभियान के दौरान कोटा एक्ट के तहत फाइन लगाया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य होटलों में छापा मारी अभियान चलाया जायेगा। निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लवकुमार गुप्ता, जिला तंबाकू निदेशक सलाहकार वंदना, खाद्य सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



कुल आठ श्रेणियों में 32 नामांकित खिलाड़ियों को अंतिम सूची में जगह मिली। हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जायेगा।

# झारखंड की असुंता लकड़ा को हॉकी इंडिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिलेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को हॉकी इंडिया 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के नामित खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित समारोह 15 मार्च को नयी दिल्ली में आयोजित किया जायीगा। इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा होगा, जिसमें लगभग 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है और भारतीय हॉकी के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जायेगा।

कुल आठ श्रेणियों में 32 नामांकित खिलाड़ियों को अंतिम सूची में जगह मिली है। इन खिलाड़ियों ने पूरे वर्ष में अपने असाधारण प्रदर्शन से हॉकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और इन्हें इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

इस आयोजन की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार' होगा, जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जायेगा। इसके अलावा, युवा खिलाड़ियों को भी विशेष पहचान दी जायेगी, जिसमें 'हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार' (पुरुषों के लिए) और 'हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा पुरस्कार' (महिलाओं के लिए) आगामी खिलाड़ी के रूप में



सम्मानित किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार दिए जायेंगे, जिनमें 'हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर। 'हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर। 'हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर। 'हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड।

इस समारोह में कुछ विशेष पुरस्कार भी दिये जायेंगे, जैसे 'हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट पुरस्कार' उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए और 'हॉकी इंडिया जामन लाल शर्मा पुरस्कार' हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए। इसके अलावा, अधिकारियों के लिए भी पुरस्कार दिए जायेंगे, जिसमें 'सर्वश्रेष्ठ अंपायर/अंपायर मैनेजर' और 'सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी' शामिल हैं।

**भारतीय हॉकी का ऐतिहासिक वर्ष**

इस साल का हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 15 मार्च को आयोजित किया जायेगा, जो भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 15 मार्च 1975 को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहली और अब तक की एकमात्र विश्व कप जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही, वर्ष 2025 भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया है, क्योंकि इस साल भारतीय हॉकी की अंतरराष्ट्रीय महासंघ (एफआईएच) से मान्यता प्राप्त करने की 100वीं वर्षगांठ है। भारत 7 नवंबर 1925 को एफआईएच का हिस्सा बना था, जो खुद 1924 में स्थापित हुआ था।

इस विशेष समारोह में भारतीय ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही, 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष और महिला हॉकी टीमों को भी सम्मानित किया जायेगा।

# डीजे और अश्लील गाना बजाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

## हुड़दंगियों की सूचना पुलिस को दें, खुद कोई फैसला ना करें : सिटी एसपी



न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में शामिल डीसी, एसपी एवं अन्य।

**डीसी ने सभी से आपसे में मिलजुल कर होली और रमजान त्योहार मनाने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** होली एवं रमजान त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक न्यू टाउन हॉल में हुई। जिसकी अद्यक्षता डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि होली मिलजुल कर मनाने का त्योहार है। वहीं रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ अपने-अपने त्योहार मनाएं। इस दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए संवेदनशील स्थानों में स्टेटिक फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में मोबाइल पेट्रोलिंग जारी रहेगी। होली के अवसर पर डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। जबकि लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने वालों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी. बैठक में पानी, बिजली, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। लगे हाथ पानी की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1800-8904-160 पर फोन कर सूचना देने को कहा गया। सूचना देने वाले को अपना होल्डिंग नंबर एवं वॉटर कनेक्शन नंबर दर्ज कराना होगा। वहीं, बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत प्रशासन और थाना को सूचित करें। खुद कोई फैसला ना लें। युवकों पर नजर रखें। समाज का अहित चाहने वालों की सूचना पुलिस को दें। असामाजिक तत्वों को प्रशासन ने चिन्हित कर लिया है। ऐसे तत्वों को हिरासत में लिया जाएगा। सिटी एसपी ने लहरीया कट और खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वालों की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया। त्योहारों के दौरान पुलिस का सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एक्टिव रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों का समर्थन नहीं करने की अपील की। बैठक में राम गोपाल भुवानिया, महादेव हांसदा, रवींद्रनाथ धीवर, अजय नारायण लाल, अतह नवाज खान, शिवांशु श्रीवास्तव, एजाज अहमद, मोहम्मद सोहराब, सावित्री पांडेय, बैजनाथ यादव, मो एजाज अली, अशोक महतो, मो असाफक हुसैन, अजीत कुमार मिश्रा, अमनदीप सिंह सहित जिले के विभिन्न शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। दूसरी ओर, शांति समिति की बैठक होने के बाद प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के बाद जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीएसपी शंकर कामती, नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला के अलावा विभिन्न अंचल के सीओ, बीडीओ, थाना प्रभारी और शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## होली-रमजान को लेकर लेकर शांति समिति की बैठक



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** होली और रमजान महीने के जुमे की नमाज को लेकर सोमवार को चतरोचट्टी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गोमिया सीओ अफताभ आलम ने की। बैठक में सात पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान भी से मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। गोमिया सीओ ने जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष होली और रमजान एक ही दिन पड़ रहा है। इसलिए दोनों समुदायों के लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपना-अपना त्योहार मनायें। होली एवं ईद भाईचारा और एकता का प्रतीक हैं। इसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। वहीं, थाना प्रभारी दीपक राणा ने कहा कि होली के इस त्योहार को सभी मिलजुल कर मनायें। मिलकर त्योहार मनाने से उसका महत्व काफी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस शरारती तथ्यों पर कड़ी नजर रखेगी। कहीं भी शरारती तत्व दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकें। इस मौके पर मुखिया महादेव महतो, पंसस जयनाथ महतो, पंसस सरजू रविदास, पूर्व मुखिया डालचंद महतो, कल्लू अंसारी, कामेश्वर सिंह, मो मुमताज, महेंद्र महतो और भुनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## अवैध और नकली शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की छापामारी, विदेशी शराब की बोतलें-ढक्कन जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** होली त्योहार को लेकर शराब की अवैध जमाखोरी के खिलाफ गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने दामोदरपुर निवासी दिनेश साव के घर पर छापामारी की। जहां से विदेशी शराब की कई खाली बोतलें बरामद हुई। इसके अलावा विदेशी शराब की बोतलों के ढक्कन भी बरामद हुए हैं। अधिकारियों की मानें तो होली के त्योहार को लेकर कई जगह अवैध शराब बनाए जाने की खबरें आ रही है, जिसे लेकर उत्पाद विभाग ने कार्रवाई की है।

## अवैध बालू परिचालन कर रहे ट्रैक्टर-ऑटो की टक्कर में सात लोग घायल

**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना क्षेत्र के सेवाटांड़ कठजोबरा पुल के पास सोमवार को अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें सवार जमतारा निवासी शंकर मिस्त्री (55), मुरली प्रसाद मिस्त्री (58), जीतपुर निवासी अशोक हेंब्रम का (2) पुत्र शिवांश कुमार, फतेहपुर निवासी दशनी देवी (30), फतेहपुर निवासी अमजद अंसारी (32), चेगडो निवासी तिलेश्वरी देवी (46), नावाडीह लेबोडीह निवासी असरबीन खातुन (55) घायल हो गयी।

# सड़क हादसे में सांसद ढुल्लू महतो के करीबी की मौत



**कतरास (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भटमुरना के समीप सोमवार की सुबह 11 बजे सड़क हादसे में सांसद ढुल्लू महतो और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के यूनियन का कार्यभार देख रहे इंचार्ज की मौत हो गयी। उसकी पहचान नरेश प्रसाद सिंह (65) के रूप में हुई है। वह चिटाही के ही रहने वाले थे। इससे आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए मुआवजा की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 32 को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी सूचना पाकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंच गयी। वहीं, सांसद ढुल्लू और विधायक शत्रुघ्न महतो के आश्वासन और पुलिस के समझाने के बाद लोग शांत हुए और सड़क जाम खत्म किया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे नें लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जानकारी के मुताबिक नरेश प्रसाद सिंह चिटाही कार्यालय से किसी काम को लेकर अपनी बाइक से धनबाद जा रहे थे। तभी कतरास थाना क्षेत्र के भटमुरना के समीप राजगंज की ओर जा रही ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस खबर से पूरे चिटाही क्षेत्र में मातम पसर गया है। वहीं, लोगों के प्रयास से पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार चालक को पकड़ लिया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करते हुए कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## (जिला नीलाम शाखा)
### गिरफ्तारी वारेंट की अंतिम सूचना

एतद् द्वारा जिले के नीलाम पत्र वादों से संबंधित बकायेदारों/देनदारों को सूचित किया जाता है कि आपके उपर बकाया/देनदारी राशि के विरूद्ध नीलाम पत्र वाद दायर किया गया जिसकी कार्रवाई में आपके द्वारा राशि जमा नहीं किए जाने के कारण आपके विरूद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारेंट निर्गत किया गया है।

| क्रम सं0 | बकायेदार का नाम/पता | थाना | अधियाचित राषि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | एस0के0ट्रेडर्स प्रो0 फुलमती देवी | तिलैया | 10,22,277.00 |
| 2 | दिलीप कुमार/दसरथ प्रसाद | तिलैया | 18,21,418.00 |
| 3 | ष्षाहाबादी ट्रेड्र्स प्रो0 आलोक राम ष्षाहाबादी। | तिलैया | 16,06,847.00 |
| 4 | प्रदीप पंडीत/ हेमन्त पंडित | डोमचाँच | 6,69,220.00 |
| 5 | नेहा चावला प्रो0 लुधियाना ब्युटी सेन्टर | तिलैया | 9,98,600.00 |
| 6 | संदीप कुमार/इन्द्रदेव यादव | जयनगर | 5,95,346.00 |
| 7 | विवेकाननद आर्या/बंषीधर आर्या | जयनगर | 2,85,318.00 |
| 8 | बिनोद कुमार सिंह प्रो0 बिनोद स्टोन चिप्स | जयनगर | 3,60,978.00 |
| 9 | भुनेष्वर राणा/भवानी राणा | चन्दवारा | 5,30,965.00 |
| 10 | समरदीप सिंह/अषोक सलुजा | तिलैया | 5,33,838.00 |
| 11 | हरजेन्द्र सिंह/स्व0 हवेला सिंह | तिलैया | 2,33,620.00 |
| 12 | रंजीत यादव/स्व0 रामेष्वर यादव | मरकच्चो | 3,40,259.00 |
| 13 | चान्द कुमार यादव/युगल यादव | चन्दवारा | 3,10,544.00 |
| 14 | सुनील साव/बासुदेव साव | कोडरमा | 6,03,300.00 |
| 15 | राजू मेहता/लालो मेहता | डोमचाँच | 2,41,391.00 |
| 16 | शिव षंकर यादव/काली चरण यादव | मरकच्चो | 16,97,592.16 |
| 17 | हेमराज पंडित/मेघन पंडित | जयनगर | 6,85,937.11 |
| 18 | माँ लक्ष्मी ज्वेलरी प्रो0 राम कुमार सोनी | डोमचाँच | 7,61,753.00 |
| 19 | सतेन्द्र साजन/नागेष्वर राणा | डोमचाँच | 5,55,500.00 |
| 20 | अरविन्द विष्वकर्मा/गोबिन्द मिस्त्री | डोमचाँच | 7,42,500.00 |
| 21 | गणेष लाल राम/बाबूलाल राम | जयनगर | 1,35,567.00 |
| 22 | अनिल कुमार यादव/यदुनन्दन यादव | जयनगर | 1,77,877.00 |
| 23 | मंजु देवी/भुनेष्वर साव | जयनगर | 1,48,411.00 |
| 24 | संतोष प्रसाद/केदार सुंडी | डोमचाँच | 15,44,839.00 |
| 25 | ष्षंकर कुमार सिंह/मुखलाल सिंह | जयनगर | 2,41,092.00 |
| 26 | दिवाकर प्रसाद साव/बाढ़ो साव | कोडरमा | 6,19,082.00 |
| 27 | राजेश चौहान/परमेष्वर चौहान | जयनगर | 6,44,240.00 |
| 28 | अषोक कुमार रजक/कार्तिक रजक | जयनगर | 6,61,918.00 |
| 29 | अशोक दास/मेघन रविदास | जयनगर | 2,01,965.00 |
| 30 | रंजीत कुमार यादव/जागेष्वर प्र0 यादव | जयनगर | 2,82,463.00 |
| 31 | कुन्दन साव/बासुदेव साव | नवलशाही | 3,80,328.00 |
| 32 | राजेष कुमार पंडित/ईष्वर पंडित | कोडरमा | 10,10,200.00 |
| 33 | रामचन्द्र प्रसाद/केदार यादव | नवलशाही | 11,19,547.00 |
| 34 | यषोदा देवी/बिनोद साव | कोडरमा | 19,19,652.00 |
| 35 | इन्द्रपाल सिंह/सतपाल सहिं | तिलैया | 19,82,756.00 |
| 36 | आकाश बाबा मोबाईल एल0ई0डी0 सेन्टर प्रो0 बिनोद मेहता | डोमचाँच | 11,23,280.00 |
| 37 | मो0 षमीन आलम/मो0 अख्तर | तिलैया | 8,68,582.00 |
| 38 | अफजल हुसैन/मो0 षमसुधीन | जयनगर | 9,41,602.00 |
| 39 | सवित्री देवी/किषोरी साव | कोडरमा | 11,37,025.00 |
| 40 | नरेश यादव/अकल यादव | चौपारण | 8,95,798.00 |
| 41 | मो0 कयूम उद्दीन/रहमान अंसारी | कोडरमा | 4,28,636.00 |
| 42 | अब्दूल बारिक/यूसुफ अंसारी | डोमचाँच | 6,93,756.00 |
| 43 | सहिबा ड्रेसेस प्रो0 मो0 षमषाद अख्तर/मा0 सिराज उद्दीन | कोडरमा | 9,79,426.00 |
| 44 | अशोक यादव/बबुन यादव | कोडरमा | 9,44,956.00 |
| 45 | Range telecom राज कुमार सिंह/रामेष्वर सिंह | राँची | 10,58,698.00 |
| 46 | विजय कुमार/रामसहाय यादव | कोडरमा | 5,51,211.99 |
| 47 | अनिरूद्ध कुमार सोनी प्रो0 सोनी इलेक्ट्रीक्स स्व0 नन्कु प्रसाद वर्मा | तिलैया | 5,01,920.00 |
| 48 | राजेन्द्र कुमार गुप्ता/सुखदेव साव | नवलषाही | 6,72,125.00 |
| 49 | मेसर्स फिरोज एण्ड ब्रदर्ष इंटरप्राईजेज/फिरोज आलम | मरकच्चो | 5,90,679.02 |
| 50 | बिनोद राणा/बाल किषुन राणा | कोडरमा | 4,01,783.24 |
| 51 | रिया षु हाउस प्रो0 रवीन्द्र प्रसाद यादव | तिलैया | 7,34,131.19 |
| 52 | उत्तम कुमार/जितेन्द्र कुमार वगैरह | सतगावाँ | 5,53,379.90 |
| 53 | अनील कुमार सिंह/जगदेव सिंह | सतगावाँ | 5,30,694.51 |
| 54 | अभिनाष कुमार/बृजनन्दन रजक | सतगावाँ | 4,08,428.95 |
| 55 | गोविन्द स्टोर प्रो0 दलजीत सिंह/रंजीत सिंह | तिलैया | 14,50,193.54 |
| 56 | मेसर्स पी0एस0कालरा टायर्स प्रो0 ज्योती कालरा/जसमीत सिंह कालरा | तिलैया | 8,04,589.05 |
| 57 | यूनिक हॉल सेलर प्रो0 असद उल्लाह | कोडरमा | 6,36,145.00 |
| 58 | गापी कष्णा मोदी/इतवारी मोदी | तिलैया | 1,80,607.79 |
| 59 | KNG गारमेन्टस प्रो0 इसराइल अंसारी | तिलैया डैम | 11,98,988.93 |
| 60 | मो0 अलताफ अंसारी रिलोडेड मेन्स वेयर्स | तिलैया | 4,93,925.10 |
| 61 | सुरेन्द्र कुमार/लालमणि प्रसाद यादव | सतगावाँ | 1,46,09,673.5 |
| 62 | राम बचन यादव/स्व0 केषर यादव | सतगावाँ | 2,31,88,903.00 |
| 63 | महेश कुमार राणा/इंद्रदेव राणा | डोमचाँच | 3,58,84,225.00 |
| 64 | सविन्द्र सिंह/स्व0 प्रताप सिंह | नवलशाही | 61,76,937.00 |
| 65 | मो0 मिन्हाज/मो0 ताहिर | कोडरमा | 5,95,227.00 |
| 66 | नकूल यादव/इतवारी यादव | तिलैया | 1,22,027.00 |
| 67 | संजय कुमार/रामचन्द्रा यादव | तिलैया | 4,49,419.00 |
| 68 | राजू यादव/नागो यादव | चन्दवारा | 7,46,072.00 |
| 69 | महेश यादव/मानी यादव | चन्दवारा | 3,73,518.00 |
| 70 | जटा षंकर सिंह/सुरेन्द्र प्रसाद सिंह | तिलैया | 2,27,054.00 |
| 71 | सतीष कुमार/कैलाष प्रसाद साहू | तिलैया | 6,79,086.00 |
| 72 | विजय यादव/बुखन यादव | तिलैया | 1,11,485.00 |
| 73 | विजय राणा/रूपन राणा | तिलैया | 5,93,415.00 |
| 74 | पवन कुमार पाण्डेय/महादेव पाण्डेय | तिलैया | 17,47,214.00 |
| 75 | जय धामिया/रवी कुमार धामिया | तिलैया | 3,05,482.00 |
| 76 | Care E Shop प्रो0 पार्वती मॉकेट बाजार | तिलैया | 2,37,941.00 |
| 77 | रूपेष कुमार सिंह/रामप्रवेष सिंह | तिलैया | 7,13,614.00 |
| 78 | सिता राम यादव/चन्द्रेषेखर यादव | चन्दवारा | 3,06,121.00 |
| 79 | विक्रम कुमार सिंह/धंनजय सिंह | तिलैया | 2,24,072.00 |
| 80 | चन्द्रषेखर सिंह/राम प्रताप सिंह | तिलैया | 8,18,221.00 |
| 81 | जहीद हुसैन/मो0 मुस्तकिन | कोडरमा | 1,37,964.00 |
| 82 | प्रमोद कुमार वर्णवाल/रघुनाथ वर्णवाल | तिलैया | 5,04,794.00 |
| 83 | रूबी कुमार रजक/प्रभु राम | जयनगर | 1,16,387.00 |
| 84 | राजेन्द्र मेडिकल/बरूण कुमार मोदी | तिलैया | 9,08,720.00 |
| 85 | पुष्पा सिन्हा/रवीन्द्र कुमार सिन्हा | तिलैया | 3,01,093.00 |
| 86 | साई पेपर बैग प्राइजेज प्रो0 रघुनाथ कुमार | तिलैया | 8,79,097.00 |
| 87 | अभिषेक कुमार षर्मा/गोपाल षर्मा | तिलैया | 3,63,188.00 |
| 88 | ष्षंकर कुमार/मथुरा राणा | डोमचाँच | 3,70,330.00 |
| 89 | अंगलाल मेहता/मिटनारायण मेहता | डोमचाँच | 6,73,129.00 |
| 90 | अनवर हुसैन/मोहम्मद सदीक | जयनगर | 4,94,724.00 |
| 91 | मनोज स्वर्णकार प्रो0 मनोज मोटर पार्टस | डोमचाँच | 6,86,109.00 |
| 92 | अरूण पंडित/नाथु पंडित | नवलशाही | 11,06,016.00 |
| 93 | कुमारी गुड़िया राणा/प्रेम प्रकाष | डोमचाँच | 5,11,266.00 |
| 94 | उर्मिला देवी/विपिन कुमार पाण्डेय | तिलैया | 9,62,230.00 |
| 95 | नवल किषोर मेहता/अलख चन्द्र मिलिने | डोमचाँच | 12,47,540.00 |
| 96 | उषा देवी/संतोष यादव | नवलशाही | 9,50,292.00 |
| 97 | कैलाष यादव/जगदीष यादव | जयनगर | 1,94,944.36 |
| 98 | दषरथ यादव/धर्म महतो | कोडरमा | 3,50,518.00 |
| 99 | सुनील कुमार मेहता/षिव नन्दन मेहता | डोमचाँच | 8,31,995.00 |
| 100 | अंकित षर्मा/संतोष कुमार षर्मा | तिलैया | 9,89,670.00 |
| 101 | अनुराग प्रकाष/प्रेम प्रकाष सिन्हा | तिलैया | 7,32,546.00 |
| 102 | सिर्द्धाथ सिंह/हरि षंकर सिंह | तिलैया | 9,90,250.00 |
| 103 | मनीश कुमार/गोपाल प्रसाद साहु | तिलैया | 6,05,376.00 |
| 104 | मिथुन कुमार/सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय | तिलैया | 5,85,947.00 |
| 105 | सुनील राम/खालेष्वर राम | मरकच्चो | 1,93,516.00 |
| 106 | रवीन्द्र पासवान/चंदेष्वर राम | मरकच्चो | 2,08,455.00 |
| 107 | जितेन्द्र चौधरी/राजेन्द्र चौधरी | मरकच्चो | 2,23,192.00 |
| 108 | बीरेन्द्र पासवान/खालेष्वर राम | मरकच्चो | 2,21,777.00 |
| 109 | सूर्यदेव कुमार दीपक/किषोरी मोदी | मरकच्चो | 2,33,681.00 |
| 110 | मो0 परवेज आलम/मो0 सलीम अंसारी | मरकच्चो | 2,08,496.00 |
| 111 | जमुनी देवी/मनोज राणा | मरकच्चो | 1,77,389.00 |
| 112 | लक्ष्मण साव/दूगन साव | मरकच्चो | 6,87,508.00 |
| 113 | राष्ट्र गौरव/राज कुमार सव | मरकच्चो | 14,22,132.00 |
| 114 | उमेश यादव/धुपाल चौधरी | मरकच्चो | 11,01,456.00 |
| 115 | पप्पू कुमार सिंह/भुनेष्वर सिंह | मरकच्चो | 3,98,164.00 |
| 116 | मेसर्स माँ दुर्गा डेवलपर्स झु0 ति0 एवं पार्अनर्स प्रवीण कुमार सुखानी | तिलैया | 10,00,000.00 |
| 117 | मेन्स वियर प्रो0 नीतू कुमारी | कोडरमा | 6,25,410.00 |
| 118 | प्रेमलता देवी खेतान एवं हरगोविन्द खेतान | तिलैया | 7,50,000.00 |
| 119 | एहसान अंसारी/षेखावत हुसैन | कोडरमा | 4,18,976.00 |
| 120 | महेश राणा/राजकुमार राणा | नवलषाही | 1,21,386.00 |
| 121 | ष्षोभ नारायण मेहता/छोटेलाल मेहता | मरकच्चो | 3,07,720.00 |
| 122 | चन्द्र मोहन चौधरी/रामलाल चौधरी | तिलैया | 5,84,192.00 |
| 123 | अर्जून कुमार पासवान/लक्ष्मी भण्डार | कोडरमा | 1,13,933.99 |
| 124 | पार्वती देवी पति गुल्ली यादव | तिलैया | 10,00,000.00 |
| 125 | संजय षर्मा, प्रेम षर्मा | तिलैया | 10,00,000.00 |
| 126 | गुलचंद पंडित/लालधारी पंडित | जयनगर | 2,97,426.00 |
| 127 | दिलीप कुमार साव/षिबू साव | डोमचाँच | 4,25,430.00 |
| 128 | मुकेश पासवान/धनुषधारी पासवान | कोडरमा | 3,15,407.00 |
| 129 | पवन कुमार/विजय कुमार | कोरडामा | 2,86,748.00 |
| 130 | अशोक कुमार/सीताराम राणा | कोडरमा | 2,31,068.62 |
| 131 | गोबिन्द साव/स्व0 मंगर साव | कोडरमा | 3,16,500.00 |
| 132 | राज सिंह लाम्बा/संजु मेंस वियर | तिलैया | 1,36,500.00 |
| 133 | पिंटू ठाकुर/सुरेन्द्र ठाकुर | कोडरमा | 1,42,515.00 |
| 134 | अनील सिंह/राधे सिंह | कोडरमा | 18,65,737.00 |
| 135 | पप्पू कुमार रजक/सुन्दर धोबी | जयनगर | 9,52,264.00 |
| 136 | अरूण पंडित/श्रीनाथ पंडित | मरकच्चो | 9,99,800.00 |
| 137 | राजकुमार यादव/बासुदेव यादव | डोमचाँच | 6,39,952.00 |
| 138 | बासुदेव सोनी/रघुवीर सोनार | कोडरमा | 9,09,093.00 |
| 139 | निरंजन कुमार यादव/पोखन यादव | जयनगर | 5,27,500.00 |
| 140 | केदार षर्मा/रूपन राणा | कोडरमा | 2,44,029.00 |
| 141 | लक्ष्मण षर्मा/मंगर राणा | नवलषाही | 2,89,303.00 |
| 142 | उमेश प्रसाद सिंह/ललन किषोरी सिंह | नवलषाही | 7,78,058.65 |
| 143 | ष्कृष्णा कुमार मेहता/कृष्ण कुमार निराला | डोमचाँच | 1,01,789.22 |
| 144 | पिंकी कुमारी/सुधीर कुमार जयसवाल | तिलैया | 9,99,651.00 |
| 145 | जनार्दन कुमार पाण्डेय/चन्द्रषेखर पाण्डेय | कोडरमा | 80,372.00 |
| 146 | विरजू पाण्डेय/चन्द्रषेखर पाण्डेय | कोडरमा | 78,250.00 |
| 147 | ष्षषांक कुमार सिंह/ष्याम किषोर सिंह | तिलैया | 4,54,382.00 |
| 148 | विनोद गुप्ता अध्यक्ष मेद्यातरी | कोडरमा/दिबोर | 12,37,400.00 |
| 149 | मेसर्स सीटी स्टाईल/धर्मेन्द्र राम | तिलैया | 4,35,510.00 |
| 150 | धर्मेन्द्र कुमार सिंह/राम प्रसाद सिंह | तिलैया | 2,96,242.45 |
| 151 | मो0 आषीक/रॉयल कौटास मास्टर | तिलैया | 3,64,595.00 |
| 152 | आशा देवी/ब्लॉक हॉस्पिटल कोडरमा | तिलैया | 1,42,018.00 |
| 153 | चन्दन कुमार/नरेष सिंह | तिलैया | 2,86,082.00 |
| 154 | मो0 षाहबान/मजरूल हक | तिलैया | 9,93,970.00 |
| 155 | चन्द्र तुल/सच्चिदानन्द सिंह | कोडरमा | 9.97,730.00 |
| 156 | कुन्ती देवी/स्व0 बिषुनधारी राम | तिलैया | 4,85,988.00 |
| 157 | अभिषेक कुमार/बिषुनधारी प्रसाद सिंह | तिलैया | 5,06,904.00 |
| 158 | विकास कुमार सिन्हा/विमल प्रसाद सिन्हा | तिलैया | 7,93,216.00 |
| 159 | नीरंजन कुमार सिन्हा/षिला देवी | तिलैया | 6,37,476.00 |
| 160 | ष्यामलाल यादव/गोविन्द यादव | कोडरमा | 7,04,781.00 |
| 161 | सूर्य देव सिंह/धिरेन्द्र सिंह | जयनगर | 1,51,072.00 |
| 162 | महेन्द्र चौधरी/बुधन चौधरी | जयनगर | 1,99,378.00 |
| 163 | जय माता दी वस्त्रालय/सदानंद सिंह | जयनगर | 5,69,508.00 |
| 164 | चन्दन कुमार/नरेष सिंह | तिलैया | 2,86,082.00 |
| 165 | महेन्द्र यादव/लिलधारी यादव | कोडरमा | 7,19,809.00 |
| 166 | करमा साख समूह महुण्डरा/यषोदा तुरी | कोडरमा | 1,99,601.00 |
| 167 | जैनुलुदीन/अजीज मियां | कोडरमा | 1,48,690.00 |
| 168 | दिनेष प्रसादप्रो0 बसंत बिहार होटल | तिलैया | 4,20,651.00 |
| 169 | राज फैषन/द्वारिका यादव | कोडरमा | 1,93,970.00 |
| 170 | ममता देवी/राजकुमार तुरी | कोडरमा | 3,38,745.00 |
| 171 | सुनील कुमार दास/श्रीचंन्द्र दास | तिलैया | 1,03,391.00 |
| 172 | ओम कुमार षर्मा/चन्देष्वर षर्मा | तिलैया | 4,82,098.47 |
| 173 | मीना कुमारी/भुनेष्वर प्रसाद | तिलैया | 97,983.74 |
| 174 | डायमण्ड फोटो स्टूडियो प्रो0 विवेक कुमार | तिलैया | 7,93,518.00 |
| 175 | सरयू राम/पी0एच0ई0डी0 ऑफिस गौषाला रोड | तिलैया | 78,315.75 |
| 176 | छोटन मेहता/समोद मेहता | नवलशाही | 4,08,137.00 |
| 177 | ओम प्रकाष अनिल/टी0सी0 कोडरमा रेलवे स्टेषन | तिलैया | 1,04,783.54 |
| 178 | नरेश कुमार/तुलसी ठाकुर | कोडरमा | 1,26,920.00 |
| 179 | जगरनाथ प्रसाद/सुलोचना देवी | तिलैया | 4,36,800.00 |
| 180 | ष्षैलेष कुमार जैन/मंजू देवी जैन | तिलैया | 3,81,737.41 |
| 181 | अगंलाल मेहता/मित नारायण मेहता | डोमचाँच | 4,91,155.00 |
| 182 | नंदलाल मिर्धा/मानकी मिर्धा | डोमचाँच | 64,295.00 |
| 183 | राजन मेहता/छोटू मेहता | डोमचाँच | 1,13,167.00 |
| 184 | मनोज मोटर स्पयर्स/मनोज स्वर्णकार | डोमचाँच | 5,41,019.00 |
| 185 | रणजीत कुमार/कैलास ठाकुर | नवलशाही | 5,70,406.41 |
| 186 | अनील सिंह/रामेष्वर सिंह | नवलशाही | 4,38,019.51 |
| 187 | सवित्री देवी/षषि भूषण प्रसाद साव | मरकच्चो | 1,70,685.58 |
| 188 | कैलास ठाकुर/गया ठाकुर | नवलशाही | 1,44,565.09 |
| 189 | दीकप कुमार राम/जीव लाल राम | डोमचाँच | 2,37,596.00 |
| 190 | सुजीत कुमार सिंह/बंधन सिंह | तिलैया | 4,18,263.00 |
| 191 | टिंकु कुमार/नारायण प्रसाद वर्णवाल | तिलैया | 1,90,400.00 |
| 192 | अभिषेक जोषी/हुकुमचन्द जोषी | तिलैया | 11,19,910.00 |
| 193 | सुभाष यादव/सोना यादव | जयनगर | 2,76,396.00 |
| 194 | उमेश कुमार स्वर्णकार/सुखदेव स्वर्णकार | जयनगर | 1,16,975.00 |
| 195 | सदानंद सिंह/स्व0 सरयू सिंह | जयनगर | 11,98,187.22 |
| 196 | दिप्ती वर्णवाल/नन्दलाल वर्णवाल | तिलैया | 9,95,970.00 |
| 197 | नितिन ओझा/निर्मल कुमार ओझा | तिलैया | 16,97,589.00 |
| 198 | मु0 षमीम आलम/मु0 षमीम अख्तर आलम | तिलैया | 9,99,880.00 |
| 199 | बहादुर साव/झखर साव | तिलैया | 9,99880.00 |
| 200 | उमेश पासवान/बासुदेव पासवान | कोडरमा | 4,04,465.00 |
| 201 | अनील कुमार/स्व0 मदन लाल | तिलैया | 1,65,459.71 |
| 202 | जीतु दास/दषरथ दास | डोमचाँच | 25,80,646.00 |
| 203 | उमेश प्रसाद/मनोहर प्रसाद | मरकच्चो | 2,29,250.00 |
| 204 | अर्जुन प्रसाद मेहता/जीतन मेहता | मरकच्चो | 2,54,517.00 |
| 205 | किसन कुमार/नन्द लाल यादव | कोडरमा | 9,51,099.00 |
| 206 | महेन्द्र कुमार दास/स्व0 राजू रविदास | तिलैया | 3,46,627.00 |
| 207 | काली प्रसाद षाही/द्वारिका नारायण साही | तिलैया | 9,99,049.00 |
| 208 | ष्षांति प्रिया/विद्या षंकर मिश्रा | तिलैया | 9,86,927.00 |
| 209 | कुमार कुणदन/मुरली प्रा0 सिंह | तिलैया | 7,00,546.00 |
| 210 | रंजन कुमार/संतोष कुमार सहाय | तिलैया | 9,33,618.00 |
| 211 | अभिषेक कुमार कनधवे/अनिल कुमार कन्धवे | तिलैया | 6,98,180.00 |
| 212 | सौरभ महेष्वर सिंह/महेष्वर सिंह | तिलैया | 9,87,903.00 |
| 213 | मो0 सरफुद्दीन/मो0 सेराजउद्दीन | कोडरमा | 2,33,721.43 |
| 214 | सुरेश पंडित/रामेष्वर पंडित | तिलैया डैम | 2,16,943.78 |
| 215 | राम विलास सिंह/ईष्वर सिंह | नवलशाही | 2,07,148.28 |
| 216 | अजीत कुमार वर्मा/नारायण राम | तिलैया | 1,17,858.86 |
| 217 | दीपक विष्वकर्मा/रामचन्द्र विष्वकर्मा | तिलैया | 5,43,001.56 |
| 218 | सुरभी महिला मंडल गैस गोदाम गली | तिलैया | 1,78,472.58 |
| 219 | बिदोम यादव/सुखी यादव | तिलैया | 1,70,361.52 |
| 220 | टी0के0एम0आर0 पेन्ट्स तवसिफ रजा | तिलैया | 1,32,223.94 |
| 221 | एकराम रजा/मो0 अहमद | तिलैया | 1,64,158.31 |

PR 348255 Koderma(24-25)D

अपर समाहर्त्ता कोडरमा

# बालू लदे 136 वाहन जब्त, 123 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य सुरक्षा महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया ने राज्य में चोरी के रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिये आदेश हैं। इस सिलसिले में राज्य भर में पुलिस द्वारा अभी भी छापेमारी की जा रही है। राज्य के सभी जिलों में पुलिस द्वारा रेत माफियाओं के खिलाफ छापे मारे जा रहे हैं। इस क्रम में रेत से लदे ट्रैक्टर, ट्रक, टिप्पर और हाइवा को जब्त किये गये हैं। रविवार सुबह से रात तक, विभिन्न जिलों से पुलिस की विशेष टीमों ने विभिन्न रेत तस्करी के ठिकानों पर छापा मारा और रेत से लदे 136 ट्रैक्टर, ट्रक, टिप्पर और हाइवा जब्त किये। इसके अलावा 119 मामले दर्ज किये गये हैं और 123 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय लोग विशेष पुलिस को रेत और मोरम की तस्करी के बारे में भी सूचित कर सकते हैं। राज्य में रेत की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आने वाले दिनों में अपने प्रयास जारी रखेगी।

# जिंदल ने लांच किया प्रकृति-संबंधी वित्तीय प्रकटीकरण रिपोर्ट पर टास्क फोर्स

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस ने हाल ही में अपनी पहली प्रकृति-संबंधी वित्तीय प्रकटीकरण (टीएनएफडी) रिपोर्ट पर टास्क फोर्स लांच की, जो इसकी स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह रिपोर्ट कंपनी के व्यवसाय संचालन में प्रकृति-संबंधी विचारों को शामिल करने के रणनीतिक दृष्टिकोण को रेखांकित करती है, जो जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती का समाधान करते हुए विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को संतुलित करते हुए स्थिरता, जैव विविधता संरक्षण और सक्रिय जोखिम प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। स्थिरता और सर्कुलर अर्थव्यवस्था पहलों के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए, टीएनएफडी ढांचा अपने मेट्रिक्स और रणनीतिक लक्ष्यों को रेखांकित करने के लिए शासन, रणनीति, जोखिम और प्रभाव प्रबंधन के चार महत्वपूर्ण स्तंभों पर केंद्रित है। बल्कि जैव विविधता में 'नो नेट लॉस' प्राप्त करने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण भी प्रदर्शित किया है। नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, जैव विविधता संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों सहित अगले पांच वर्षों में डीकाबोर्नाइजेशन परियोजनाओं में 700 करोड़ का निवेश करके, जिंदल स्टेनलेस का लक्ष्य अपने वित्तीय और पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करना, एफवाइ 35 तक अपने जीएचजी उत्सर्जन और कार्बन तीव्रता को 50% तक कम करना और 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना है।

# पूर्व तट रेलवे ने होली विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मांगों को ध्यान में रखते हुए और महत्वपूर्ण मार्गों पर चलने वाली नियमित ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व तट रेलवे ने होली उत्सव के दौरान विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र से तीन जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों को हैदराबाद, कोलकाता और बेंगलुरु की ओर चलाने की योजना बनाई गयी है। पूर्व तट रेलवे अधिकार क्षेत्र से पहले चलने वाली कुछ विशेष ट्रेनों की सेवाओं को भी इस अवधि के दौरान बढ़ाया गया है। भारतीय रेलवे में त्योहारों के मौसम में बड़ी संख्या में टिकटों की बुकिंग हो रही है। नियमित ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण नियमित ट्रेनों में टिकटों की प्रतीक्षा सूची लंबी हो जाती है। भारतीय रेलवे की यात्री प्रोफाइल प्रबंधन इकाइयां यात्रियों की बढ़ती मांग की निगरानी कर रही हैं, ताकि उनकी यात्रा को परेशानी मुक्त बनाया जा सके। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बों को बढ़ाने के अलावा लोकप्रिय गंतव्यों को जोड़ने वाले व्यस्त मार्गों पर कई विशेष ट्रेनें चला रहा है।

## भुवनेश्वर-चेर्लापल्ली (हैदराबाद) होली विशेष:

08479/08480 भुवनेश्वर-चेर्लापल्ली (हैदराबाद)-भुवनेश्वर होली विशेष भुवनेश्वर से हर सोमवार को 10 मार्च से 24 मार्च 2025 के बीच 12:10 बजे प्रस्थान करेगी। लौटते समय, चेर्लापल्ली-भुवनेश्वर होली विशेष चेर्लापल्ली से हर मंगलवार को 11 मार्च से 25 मार्च 2024 के बीच 09:50 बजे प्रस्थान करेगी।

## पुरी-कोलकाता होली विशेष:

03101/03102 कोलकाता-पुरी-कोलकाता होली विशेष कोलकाता से 13, 18 और 20 मार्च 2025 को 23:50 बजे प्रस्थान करेगी। लौटते समय, 03102 पुरी-कोलकाता होली विशेष पुरी से 14, 19 और 21 मार्च 2025 को 15:30 बजे प्रस्थान करेगी।

## विशाखापत्तनम-बेंगलुरु होली विशेष:

08549/08550 विशाखापत्तनम-बेंगलुरु-विशाखापत्तनम होली विशेष विशाखापत्तनम से हर रविवार को 9 मार्च से 23 मार्च 2025 के बीच 15:30 बजे प्रस्थान करेगी। लौटते समय, बेंगलुरु-विशाखापत्तनम होली विशेष बेंगलुरु से हर सोमवार को 10 मार्च से 24 मार्च 2024 के बीच 15:50 बजे प्रस्थान करेगी। विशेष ट्रेनों की सेवाएं बढ़ाई गयी हैं।

## उधना (सूरत)-खुरदा रोड विशेष:

09059/09060 उधना (सूरत)-खुरदा रोड-उधना विशेष ब्रह्मपुर-विजयनगरम-रायगड़ा-टिटिलागढ़ और रायपुर के माध्यम से अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह तक बढ़ाई गयी हैं। सेवाएं 02837/02838 संत्रागाछी-पुरी-संत्रागाछी साप्ताहिक विशेष, 02839/02840 शालीमार-पुरी-शालीमार साप्ताहिक विशेष और 08011/08012 भंजापुर (बारिपाड़ा)-पुरी-भंजापुर द्वि-साप्ताहिक विशेष को जून 2025 के अंतिम सप्ताह तक बढ़ाया गया है। 02811/02812 भुवनेश्वर-यशवंतपुर-भुवनेश्वर साप्ताहिक विशेष, 08311/08312 साम्बलपुर-एरोड-साम्बलपुर साप्ताहिक विशेष, 08508/08507 विशाखापत्तनम-शालीमार-विशाखापत्तनम साप्ताहिक विशेष और 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर दैनिक विशेष को अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह तक बढ़ाया गया है। 08583/08584 विशाखापत्तनम-तिरुपति-विशाखापत्तनम साप्ताहिक विशेष को अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह तक बढ़ाया गया है।

# महिलाओं को जागरूक रहने की आवश्यकता है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने अंतरराष्ट्रीय विश्व महिला दिवस पर कहा कि महिलाएं अपने अधिकार के लिए एकजुटता का परिचय दें और जागरूक रहें, तभी सबो को अपना हक प्राप्त होगा। श्री सिंह ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुष से कम नहीं हैं, फिर भी मैं महिलाओं को हरसंभव मदद के प्रति हमेशा तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि आये दिन महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार के प्रति हमें जागरूक रहने की जरूरत है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकें।

## ट्रेन से टकरायी एंबुलेंस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ट्रेन की टक्कर से कुचली गयी एंबुलेंस। सौभाग्य से 8 मरीज बच गये। घटना रायगढ़ा जिले के कल्याणसिंहपुर से आई है। एंबुलेंस शिकरपाई ग्राम पंचायत के कंजामयोडी गांव से कुछ मरीजों को आंखों के ऑपरेशन के लिए ले जा रही थी, हालांकि, एंबुलेंस अचानक लेवल क्रॉसिंग के पास रुक गयी। एंबुलेंस को देखकर ट्रेन ने ब्रेक लगा दिये, इसके बावजूद एंबुलेंस को मालगाड़ी करीब सौ मीटर तक घसीटती ले गयी। एंबुलेंस में ड्राइवर समेत 8 लोग सवार थे। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।**









# जेएसडब्ल्यू ने अपनी विरासत में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू समूह उत्कृष्टता के अग्रिम मोर्चे पर रहा है, अपनी ताकत को मिलाकर बड़े, पूंजी-गहन और तकनीकी रूप से जटिल परियोजनाओं को निष्पादित कर रहा है। विविध उत्पाद मिश्रण, अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में स्टील, सीमेंट, ऊर्जा, खनन और बुनियादी ढांचे जैसे उद्योगों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इन क्षेत्रों में जेएसडब्ल्यू का योगदान क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सीएसआर, स्थिरता और विनिर्माण उत्कृष्टता में कई पहलों के माध्यम से, जेएसडब्ल्यू ने ओड़िशा में महिलाओं और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है, अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य उत्पन्न करने का प्रयास किया है। ओड़िशा राज्य के प्रति जेएसडब्ल्यू की प्रतिबद्धताओं की मान्यता में, अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक, जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल और अध्यक्ष, जेएसडब्ल्यू उत्कल स्टील को प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ सीइओ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार महामहिम हरि बाबू कंभमपति, ओड़िशा के राज्यपाल द्वारा खनन और अवसंरचना अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो 2025 में नौ मार्च को बरमुंडा मैदान, भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया था, जिसकी अध्यक्षता माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरिजीत पसायत, एसआइटी के अध्यक्ष ने की, और डॉ टीके चंद, नाल्को के पूर्व सीएमडी और एक उद्योग विशेषज्ञ द्वारा बुलाई गयी थी। जेएसडब्ल्यू के बारे में 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ, जेएसडब्ल्यू समूह भारत के प्रमुख व्यापारिक घरानों में से एक है। स्टील, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, सीमेंट, पेंट, इ-कॉमर्स, वेंचर कैपिटल, रक्षा, ग्रीन मोबिलिटी और खेल में इसका टिकाऊ और अभिनव पदचिह्न भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारत, अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका में फैले एक विविध वैश्विक कार्यबल के साथ, जेएसडब्ल्यू दुनिया भर में लगभग 40,000 लोगों को सीधे रोजगार देता है।

# आइएमडी ने ओड़िशा के छह जिलों में दो दिनों के लिए लू की चेतावनी जारी की

**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के शहर स्थित क्षेत्रीय केंद्र ने सोमवार को ओडिशा के छह जिलों में दो दिनों के लिए लू की पीली चेतावनी जारी की। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, 13 मार्च और 14 मार्च के लिए बौध, सोनपुर, बलांगीर, कालाहांडी, संबलपुर और झारसुगुड़ा जिलों के लिए हीटवेव की पीली चेतावनी जारी की गयी है। आइएमडी ने कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान ओड़िशा के जिलों में अधिकतम तापमान (दिन का तापमान) धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। अगले पांच दिनों में बौड, सोनपुर, बलांगीर, कालाहांडी, संबलपुर और झारसुइगुड़ा जिले के अलग-अलग स्थानों पर अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक बढ़ने की संभावना है। आइएमडी ने इन जिलों में रहने वाले लोगों को हाइड्रेटेड रहने के लिए सावधानी बरतने, गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचने के लिए दिन के सबसे गर्म समय में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**